CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

लखनऊ, गुरुवार 18 सितम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 318 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 25 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा स्मार्टफोन व बढ़ेगा मानदेय पेज 2



आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीनस्वीप खेल टाइम्स



इजरायलः विश्व शांति के लिए खतरा सम्पादकीय



नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल पर दिए जीवन के संकेत पेज 12

# 1987 के बाद जन्मे लोगों को दिखाने होंगे दस्तावेज

## देश के आधे से ज्यादा वोटर्स से पेपर नहीं मांगेंगे, SIR पर चुनाव आयोग ने पेश की सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान देश के ज्यादातर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को किसी प्रकार का दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके नाम पिछली एसआईआर की वोटर लिस्ट में शामिल हैं।

आयोग के अधिकारियों ने बताया कि हर राज्य में पिछली बार एसआईआर अलग-अलग सालों में हुआ था। ज्यादातर जगह यह प्रक्रिया 2002 से 2004 के बीच हो गई थी। जिन लोगों के नाम उस समय की वोटर लिस्ट में थे, उन्हें अपनी जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए कोई नया कागज नहीं देना होगा। उदाहरण के लिए बिहार में 2003 की एसआईआर सूची को आधार बनाया गया है। वहां के लगभग 5 करोड़ मतदाता (60 फीसदी) पहले से ही उस सूची में दर्ज हैं, इसलिए उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देना पड़ा। वहीं लगभग 3 करोड़ नए मतदाताओं (40फीसदी) से 11 निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक मांगा गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसमें 12वां दस्तावेज आधार कार्ड भी माना गया। दिल्ली की पिछली एसआईआर सूची 2008 की है और उत्तराखंड की 2006 की, जो अब राज्य के सीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। नई व्यवस्था में ऐसे लोग जो नए वोटर बनना चाहते हैं या दूसरे राज्य से शिफ्ट होकर आए हैं, उन्हें डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा। इसमें उन्हें यह बताना होगा कि वे भारत में कब जन्मे हैं, एक जुलाई 1987 से पहले जन्मे हैं, तो खुद का जन्म प्रमाण देना होगा।



■ चुनाव आयोग सभी राज्यों में एक साथ कराना चाहता है एसआईआर

# दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने के दो आरोपी मारे गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर में फायरिंग के मामले में यूपी एसटीएफ और दिल्ली स्पेशल सेल ने ट्रॉनिका सिटी में मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस की गोली लगने से घायल दोनों बदमाशों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, अस्पताल में दोनों की मौत हो गई। यूपी एसटीएफ नोएडा यूनिट के एसपी राजकुमार मिश्र ने बताया कि बुधवार शाम को बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस की गोली लगने से रोहतक का रहने वाला रविंद्र और इंडियन कॉलोनी, गोहना रोड सोनीपत का रहने वाला अरुण घायल हुए थे। उनके पास से ग्लॉक और जिगाना पिस्टल बरामद की गई है। दोनों बदमाश गोल्डी बरार गैंग के सक्रिए सदस्य थे। आरोप है कि उन्होंने 12 सितम्बर को अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था।

■ मुठभेड़ के दौरान पुलिस की लगी गोली

### रेल ट्रैक पर स्लीपर रखकर नौचंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश

**रायबरेली।** प्रयागराज से सहारनपुर जा रही नौचंदी एक्सप्रेस के आगे स्लीपर रखकर मंगलवार की रात ट्रेन को पलटाने की साजिश की गई। घटना ऊंचाहार के अरखा व प्रतापगढ़ के परियावां स्टेशन के बीच हुई। स्लीपर ट्रेन के इंजन से टकराकर टूट गया। लोको पायलट ने मामले की जानकारी कंट्रोल रूम को दी। इस पर मौके पर पहुंची ऊंचाहार जीआरपी ने पड़ताल की। करीब बीस मिनट तक ट्रेन खड़ी रही, उसके बाद ऊंचाहार स्टेशन पर इंजन की जांच की गई और फिर ट्रेन सहारनपुर के लिए रवाना हुई। मंगलवार रात करीब 8 बजे नौचंदी एक्सप्रेस प्रयागराज से सहारनपुर जा रही थी।

### लोकतांत्रिक देशों के नेताओं में लोकप्रियता में सबसे ऊपर हैं मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदार छवि और कड़ी मेहनत उनके व्यक्तित्व को ऐसा करिश्माई बना देती है, जिसके कारण वह पिछले 11 साल से लगातार विशाल और विविधतापूर्ण भारत के प्रधानमंत्री हैं और लोकत्रांत्रिक देशों के नेताओं की घरेलू लोकप्रियता के सूचकांक में सबसे ऊपर हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में श्री मोदी पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद दूसरे राजनेता हैं, जिन्होंने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभाला है और आज भी जनता के बीच सबसे स्वीकार्य नेता बने हुए हैं।

### पीएम मोदी का 75वां जन्मदिन: राहुल गांधी ने बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को 75वां जन्मदिन था। मोदी को उनके जन्मदिन पर दुनिया भर से बधाई मिल रही है। कांग्रेस के रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने भी एक्स पर एक पोस्ट के जरिये पीएम को जन्मदिन और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। भाजपा ने भी मोदी की कहानी के शॉर्ट वीडियो शेयर किए हैं। इसे मोदी स्टोरी नाम दिया है। वीडियो में चाय का गिलास और मोदी स्टोरी लिखा है। राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई सीनियर नेताओं ने पीएम से जुड़े किस्से सुनाए हैं।

### महाराष्ट्र में दो महिला नक्सली ढेर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गईं। पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि गट्टा दालम के सदस्य एटॉपल्ली तालुका के मोडस्के गांव के जंगल में छिपे हुए हैं। पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आहेरी) सत्य साई कार्तिक की देखरेख में संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। इसमें आहेरी से पांच सी-60 कमांडो यूनिट, गट्टा जांभिया पुलिस पोस्ट के जवान और सीआरपीएफ की 191 बटालियन की कंपनी शामिल थी। इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया तभी नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सी-60 कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के बाद, दो महिला नक्सलियों के शव मिले।

# पाक को घुटनों पर लाए हैं हमः मोदी

## कहाः भारत परमाणु खतरों से नहीं डरता

धार, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** अपने जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के दौरे पर रहे। उन्होंने प्रदेश के धार जिले के बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं की सौगात भी प्रदेश की जनता को दी। करीब 40 मिनट के भाषण में पीएम मोदी ने आतंकवाद, पाकिस्तान, स्वास्थ्य, विकास, गरीबी और स्वदेशी पर बात की। पीएम मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी पर गर्व करने और उसे अपनाने पर जोर दिया।

**देशवासियों से स्वदेशी पर गर्व करने और अपनाने पर जोर दिया**

उन्होंने कहा कि देशवासी जो भी खरीदें वो देश में ही बना होना चाहिए। जो खरीदें, उसमें किसी न किसी हिंदुस्तानी का पसीना होना चाहिए। उसमें हिंदुस्तान की मिट्टी की खुशबू होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे 2047 विकसित भारत बनाना है, जिसका रास्ता आत्मनिर्भर भारत से जाता है। उन्होंने गर्व से कहो, ये स्वदेशी है का नारा भी लोगों से लगवाया। पीएम मोदी ने कौशल और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उन्हें नमन कर अपने संबोधन की शुरुआत की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवाद पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि ये नया भारत है, ये किसी की परणामु धमकियों से नहीं डरता है। ये नया भारत, घर में घुसकर मारता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया।



### मोदी की मां का एआई वीडियो हटाने का कांग्रेस को कोर्ट ने दिया आदेश

**पटना।** बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाते हुए उनकी मां पर एक एआई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किया था। पटना हाईकोर्ट ने इस वीडियो को लेकर कांग्रेस को निर्देश दिया है कि वह वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटा ले। पटना हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश पीबी बजंतरी की अदालत ने यह निर्देश दिया है। बता दें कि कांग्रेस ने एआई के जरिये जो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया था, उसमें दिखाया गया था कि पीएम मोदी की मां उनके सपनों में आती है और उनसे बात करती है। भाजपा ने कांग्रेस के इस वीडियो पर कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई थी। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने इस वीडियो पर कहा कि कांग्रेस पार्टी एक बार फिर पीएम मोदी की मां का अपमान कर रही है।

### कुछ लोग कहते थे भारत-पाक संघर्ष उन्होंने रुकवाया अब पता चल गया : राजनाथ सिंह

**हैदराबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बयान में कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। राजनाथ सिंह ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर बिना नाम लिए निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था। हैदराबाद में आयोजित हैदराबाद मुक्ति दिवस के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग भारत- पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को स्वीकार नहीं किया।

## पराली जलाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# किसान बेशक अन्नदाता, लेकिन पर्यावरण भी अहम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण और पराली जलाने से संबंधित मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं, लेकिन पर्यावरण को बचाना भी जरूरी है। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी।

कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा कि जो किसान पराली न जलाने के सरकारी आदेश का उल्लंघन करते हैं, उनको गिरफ्तार क्यों नहीं करते? सिर्फ जुर्माना लगाने से काम नहीं चलेगा, किसानों को जवाबदेह बनाना जरूरी है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि देश की प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियां और राज्य सर्दियों से पहले तीन हफ्ते में वायु प्रदूषण से निपटने के उपाय बताएं। बेंच ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएआईक्यूएम), सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से कहा कि हर साल सर्दियों में प्रदूषण का लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है, इसलिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों को मिनिमम सपोर्ट प्राइस सिस्टम के लाभ से बाहर रखा जाना चाहिए, क्योंकि यदि कोई किसान कानून तोड़कर पराली जलाता है, तो उसे आर्थिक रूप से भी सजा देनी चाहिए, सिर्फ जुर्माना भरना या चेतावनी देना काफी नहीं है। राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों को पराली प्रबंधन की मशीनरी दी जाए और उनको बेहतर विकल्प दिए जाएं, ताकि वे पराली जलाने के जगह अन्य तरीकों का उपयोग कर सकें।

■ शीर्ष अदालत ने कहा: आरोपियों की गिरफ्तारी क्यों नहीं



## कर्नाटक: SBI में 21 करोड़ की डकैती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के विजयपुरा की एसबीआई ब्रांच में करीब 21 करोड़ की डकैती हो गई। इसमें 1.04 करोड़ कैश और करीब 20 करोड़ कीमत का 20 किलो सोना शामिल है। मंगलवार शाम को 5 हथियारबंद लुटेरे बैंक में लूट करके फरार हो गए।

सही रकम और गहनों का ब्योरा बैंक अधिकारियों के आने के बाद स्पष्ट होगा। पुलिस को शक है कि आरोपी महाराष्ट्र की ओर भागे हैं। उनकी तलाश जारी है।पुलिस के अनुसार, लुटेरे सेना जैसी ड्रेस और मास्क पहनकर आए थे। तीन लोग बैंक के अंदर घुसे और दो बाहर खड़े रहे। उन्होंने बैंक मैनेजर, कैशियर और कर्मचारियों को बंधक बनाकर हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद लुटेरों ने कैश और सोना बैग में भरा और बैंक को बाहर से ताला लगाकर भाग निकले।

■ सेना जैसी वर्दी में आए थे लुटेरे

## गैंगस्टर छोटा राजन की ज़मानत रद्द

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को यह सवाल करते हुए गैंगस्टर राजेंद्र सदाशिव निकालजे उर्फ छोटा राजन की जमानत रद्द कर दी कि 'चार बार दोषसिद्धि और 27 साल की फरारी, ऐसे व्यक्ति की सजा क्यों स्थगित की जाए? न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अवैध वसूली मामले में होटल व्यवसाई जया शेट्टी की 2001 के हत्या मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत रद्द कर दी। पीठ ने सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष उन्होंने दलील देते हुए कहा कि आजीवन कारावास की सजा पाए राजन को चार अन्य मामलों में भी दोषी ठहराया गया है और वह 27 साल तक फरार रहा था। छोटा राजन के वकील सुदीप पासबोला ने तर्क दिया कि राजन के खिलाफ दर्ज 71 मामलों में से 47 में सीबीआई को कोई ठोस सबूत नहीं मिला और उन्हें बंद कर दिया गया।

# छत्तीसगढ़ के कवर्धा में ट्रैक्टर समेत सात बहे

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में मानसून अभी भी एक्टिव है। मौसम विभाग ने इन राज्यों में बुधवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। हालांकि राजस्थान, गुजरात और पंजाब से मानसून की वापसी शुरू हो गई है।

उत्तराखंड के देहरादून और अन्य इलाकों में बादल फटने से भारी तबाही हुई। बारिश और आपदा में 15 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग अभी भी लापता हैं। जम्मू कश्मीर के कटरा में 22 दिन से बंद वैष्णो देवी यात्रा बुधवार से शुरू हो गई। 26 अगस्त को यात्रा मार्ग पर अर्धकुंवारी के पास लैंडस्लाइड के बाद से यात्रा बंद थी। लगभग 15 लोग मरे, कुछ घायल हैं और कुछ लापता हैं। सभी रेस्क्यू टीमें, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ, मैदान में हैं। सीएम भी यहां हैं। अब तक 900 से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है। इस इलाके के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अमेठी में मंगलवार देर रात से लगातार बारिश हो रही है। 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक बारिश जारी रहने की संभावना जताई है।

■ वैष्णो देवी यात्रा शुरू, दोनों रूट खुले

# EVM में अब उम्मीदवार की रंगीन तस्वीर के होंगे दीदार

## नाम भी बड़े अक्षरों में लिखा जाएगा, ताकि वोटर आसानी से पढ़ सकें

नई दिल्ली, वार्ता

**चुनाव आयोग** ने ईवीएम मतपत्र को स्पष्ट और पठनीय बनाने के लिए उसकी डिजाइन और मुद्रण शैली में बदलाव किया है। आयोग ने चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत निर्देशों में संशोधन किया है। इसके तहत ईवीएम में अब उम्मीदवार के नाम और चुनाव चिह्न के साथ उनकी रंगीन तस्वीर भी दिखेगी।

यह नई व्यवस्था बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से लागू होगी। निर्वाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए चुनाव आयोग लगातार नई पहल कर रहा है। पिछले छह महीने में चुनाव आयोग 28 नए कदम उठा चुका है। इसमें एसआईआर के मुद्दे को लेकर विवाद भी हुआ है। अब आयोग ने ईवीएम मतपत्र को लेकर बड़ा फैसला लिया है। ईवीएम मतपत्र पर अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें छपी होंगी। उम्मीदवार का फोटो साफतौर पर दिख सके इसलिए तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर उसका चेहरा दिखेगा। उम्मीदवारों और नोटा के क्रमांक भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप में छापे जाएंगे। वहीं फॉन्ट का आकार 30 होगा और बोल्ड लिखा जाएगा। इसके अलावा सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट साइज में होंगे। ताकि यह आसानी से पढ़ने में आए। इसके अलावा ईवीएम मतपत्र 70 जीएसएम कागज पर मुद्रित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए तय आरजीबी गुलाबी रंग के कागज का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कागज की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। आयोग का कहना है कि इस पहल से मतदान प्रक्रिया सुगम हो सकेगी। साथ ही चुनाव के प्रति पारदर्शिता और लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा। रंगीन तस्वीरें, बड़े फॉन्ट और बेहतर गुणवत्ता वाले कागज होने के चलते मतदाता बिना किसी असमंजस के सही उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाभकारी होगा। ईवीएम पर अब तक काले-सफेद फोटो और छोटे अक्षरों की वजह से मतदाताओं को परेशानी होती थी। नई व्यवस्था से मतदान प्रक्रिया अधिक लोकतांत्रिक व सुगम होगी।



नई पहल

■ चुनाव आयोग ने नियमों में किया संशोधन, बिहार चुनाव से होगी शुरुआत

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा फिर से शुरू होने पर चहल-पहल

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा 22 दिनों के बाद बुधवार को फिर से शुरू होने से कटरा में चहल पहल है। भूस्खलन में 26 अगस्त को 34 लोगों की मौत और 20 लोगों के घायल होने के बाद यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। यह यात्रा 14 सितम्बर को शुरू होने वाली थी, लेकिन इसे फिर से स्थगित कर दिया गया था। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने मंगलवार रात सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि जय माता दी: अनुकूल मौसम की स्थिति में वैष्णो देवी यात्रा 17 सितम्बर, 2025 (बुधवार) से फिर से शुरू होगी। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे आधिकारिक संचार माध्यमों के माध्यम से अपडेट रहें। बुकिंग के लिए कृपया साइट पर जाएं। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को 'जयकारे' और ष्जय माता दीष के नारे लगाते हुए तीर्थयात्रियों ने उत्साह के साथ यात्रा शुरू की।

### अखिलेश-मायावती ने दी मोदी को जन्मदिन की बधाई

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर उत्तर प्रदेश में बधाई प्रेषित करने का सिलसिला बुधवार को जारी रहा। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने भी श्री मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। सुश्री मायावती ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की भी कुदरत से कामना। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक आदि ने बधाई दी।

### एमपी के धार से सीएम योगी ने पोषण माह पर किया ऐलान

# आंगनबाड़ियों का बढ़ेगा मानदेय, मिलेगा स्मार्टफोन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के धार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025) और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2025) का शुभारंभ किया। यह अब तक के देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियानों में से एक है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर, केजीएमयू में प्रदेशस्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत की। सीएम योगी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन वितरण के साथ ही उनके मानदेय में वृद्धि की जाएगी। इस अभियान के तहत

**■ यूपी के 75 जनपदों में स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत**

यूपी में 75 जनपदों में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत भी हुई, जिसमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए देशवासियों को संबोधित किया और कहा कि माताओं-बहनों और बेटियों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। सभी सुविधाएं निशुल्क हैं, इसलिए स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं। उन्होंने देश को विकसित बनाने के चार स्तंभ नारी, युवा शक्ति, किसान और गरीब को रेखांकित किया, जिसमें नारी शक्ति को राष्ट्रप्रगति का मुख्य आधार बताया। विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर पीएम ने इस अभियान को स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार की नींव के रूप में पेश किया, जो उनके विजन विकसित भारत का हिस्सा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के साथ पोषाहार वितरित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर उनके साथ जुड़ रहा है। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई। पीएम का संदेश हमें प्रेरित करता है और हम इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएम योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए स्मार्ट फोन वितरण और मानदेय वृद्धि का ऐलान करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी बहनों की सेवाओं का सम्मान उनके मानदेय बढ़ाकर और स्मार्ट फोन देकर किया जाएगा।

### मोदी के नेतृत्व में भारत का आत्मविश्वास दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज अपने आत्मविश्वास से पूरी दुनिया को प्रेरित कर रहा है। श्री मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ से सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पावन जन्मदिन से हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी केवल भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेता हैं। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। जो भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, लेकिन आज अपने आत्मविश्वास से दुनिया को प्रेरित कर रहा है। योगी ने कहा कि विरासत का सम्मान आज केवल घोषणा नहीं, बल्कि हकीकत है। अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला का भव्य मंदिर बना। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण वैश्विक जगत को आकर्षित कर रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का कायाकल्प हुआ है। महाकाल लोक का निर्माण और अन्य धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण नए भारत की पहचान बन चुके हैं।

# ड्रोन विनियमन के लिए बनेगा अलग कानून

नई दिल्ली, वार्ता



सरकार देश में ड्रोन के परिचालन के लिए एक अलग कानून बनाने की तैयारी में है, जिसमें ड्रोन की खरीद-बिक्री, परिचालन, नियमों के उल्लंघन की स्थिति सजा तथा जुर्माने से लेकर तीसरे पक्ष का बीमा और हर्जाना तक के नियम तय होंगे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने नागर ड्रोन (संवर्धन एवं विनियमन) विधेयक, 2025 का मसौदा जारी किया है, जिसे आगामी शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। मंत्रालय ने आम लोग, उद्योग और अन्य हितधारकों से 30 सितम्बर तक मसौदे पर टिप्पणी, सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की है। मसौदा में नियमों का उल्लंघन करने पर जेल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इसमें कहा गया है कि हर ड्रोन का यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर

**■ सजा और जुर्माने तक के नियम तय होंगे**


(यूआईएन) होना जरूरी है। साथ ही उसमें संबंधित प्राधिकरण द्वारा तय नियमों के अनुसार सुरक्षा मानक भी होने चाहिए। केंद्र और राज्य सरकारों तथा उनके द्वारा प्राधिकृत एजेंसियों के पास किसी क्षेत्र को ड्रोन के संचालन के लिए रेड जोन या एलो जोन घोषित करने का अधिकार होगा। रेड जोन में ड्रोन उड़ाने से पहले केंद्र सरकार और रेड जोन घोषित करने वाली एजेंसी से और एलो जोन के लिए उस इलाके के एटीसी अधिकारी से अनुमति की आवश्यकता होगी।

# कमर्शियल गाड़ियों के लिए भी आएगा एनुअल फास्टैग

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में कहा था कि सड़क परिवहन मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस ऑपरेटरों को लाभ प्रदान करने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहा है।

सरकार ने नॉन-कमर्शियल वाहनों के लिए 3,000 रुपये की कीमत वाला एक फास्टैग-बेस्ड वार्षिक पास पहले ही शुरू कर दिया है, जो 15 अगस्त से प्रभावी है। यह परेशानी मुक्त राजमार्ग यात्र की दिशा में एक कदम है। यह पास एक्टिवेशन की डेट से एक साल या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, के लिए वैध है। यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है। गडकरी ने बीओसीआई के भारत



**■ राज्य और निजी बस ऑपरेटरों को मिलेगा फायदा**

प्रवास पुरस्कारों को संबोधित करते हुए कहा कि हम राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस ऑपरेटरों को लाभ प्रदान करने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से देश के विभिन्न हिस्सों में हरित हाइड्रोजन चालित ट्रकों के संचालन के लिए 10 राजमार्ग खंडों की पहचान की है। इन खंडों पर इंडिया ऑयल और रिलायंस पेट्रोलियम द्वारा हाइड्रोजन ईंधन भरने के स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश में सात आईपीएस इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सात अधिकारियों का तबादला कर दिया। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार डीआईजी स्थापना के पद पर गए देव रंजन वर्मा का स्थानांतरण पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ बनाया गया है। ममता रानी चौधरी को पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट बनाया गया है। इसके अलावा सतीश कुमार पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से संबद्ध किए गए हैं, जबकि अभिजीत कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक मेरठ की जिम्मेदारी दी गई है। आईपीएस अतुल कुमार श्रीवास्तव को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर कमिश्नरेट बनाया गया है, जबकि शैलेंद्र कुमार सिंह को पुलिस उपायुक्त गौतम बुध नगर पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। आईपीएस त्रिगुण बिसेन को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भी प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 16 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया था।

# भाजपा ने ईसी को बनाया जुगाड़ आयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग की तरफ से शुरू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि यह प्रक्रिया फर्जी वोट बनाने का जरिया बन गई है। इस दौरान अखिलेश ने महोबा और नोएडा में एक ही एड्रेस पर हजारों डुप्लीकेट वोटों का जिक्र करते हुए भाजपा पर जमीन हड़पने और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का भी इल्जाम लगाया है।

बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर देश भर में शुरू होने जा रहा है, लेकिन



**■ बीजेपी वाले कब्जा रहे लोगों की जमीन**

महोबा से जानकारी मिली है कि एक ही पते पर 4000 से ज्यादा वोट हैं। वहीं नोएडा में भी सैकड़ों डुप्लीकेट वोट हैं। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत सपा ने की भी थी, लेकिन आयोग ने संज्ञान में नही लिया। उन्होंने कहा कि सरकार आयोग का सहारा लेकर इसे 'जुगाड़ आयोग' बना रही है और बीजेपी फर्जी वोट बना रही है।

### छात्र की हत्या भाजपा-पुलिस व अपराधियों की मिलीभगत

**लखनऊ।** गोरखपुर जिले के पिपराइच इलाके में छात्र की हत्या को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया है। संपूर्ण तस्करी का धंधा भाजपा सरकार की पुलिस के संरक्षण और देखरख एवं साझेदारी, मिलीभगत से चलता है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर में पशु तस्करों द्वारा छात्र की हत्या मामले में जो जानकारी सामने आ रही हैं, वह स्तब्धकारी है।



**सेंसेक्स** 81101.32
**निफ्टी** 24868.60



**सोना रु.** 111940
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 128008
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी, सेंसेक्स और निफ्टी मजबूती के साथ बंद

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को भी तेजी का रुख बना रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 313.2 अंक (0.38 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 82,693.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक.ांक भी 91.15 अंक यानी 0.36 फीसदी की तेजी के साथ 25,330.25 अंक पर पहुंच गया। हालांकि मझौली कंपनियों के सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 में 0.02 फीसदी की गिरावट देखी गयी। वहीं छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। एनएसई में सरकारी बैंक,



ऑटो, आईटी, तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। वहीं धातु, फार्मा, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य समूहों के शेयरों में गिरावट देशी गई। सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 10 के लाल निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक में सबसे अधिक 3.02 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल का शेयर 2.36 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.43, मारुति सुजुकी का 1.35, ट्रेंट का 1.21, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.20 और टेक महिंद्रा का 1.03 प्रतिशत मजबूत हुआ। टीसीएस, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सनफार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एशियन पेंट्स में भी तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 0.99 फीसदी लुढ़क गया। टाइटन के शेयर में 0.98 प्रतिशत और आईटीसी में 0.93 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। टाटा स्टील, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी टूट गए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.25 फीसदी लुढ़क गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 1.78 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.37 प्रतिशत मजबूत हुआ।

## सोना और चांदी के भाव में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** सोने का भाव ने बुधवार को फिर लंबी छलांग लगाई है। पितृपक्ष में भी सोने के दाम में 900 रुपये प्रति 10 ग्राम से ज्यादा की वृद्धि दर्ज हुई है। आज भारत में 24 कैरेट सोने का भाव 1,11,940 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इसके अलावा 22 कैरेट गोल्ड का रेट 1,02,610 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड के अनुसार आज चांदी के भाव 123,368 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गए। देश के महानगरों दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का भाव बढ़कर 1,08,530 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसके अलावा 22 कैरेट सोने का रेट 99,500 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। मुंबई में 24 कैरेट सोने का रेट 1,08,380 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। वहीं 22 कैरेट सोने का भाव आज 99,350 रुपये प्रति दस ग्राम है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने का भाव 1,08,770 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। वहीं 22 कैरेट सोने का भाव 99,700 रुपये प्रति दस ग्राम है। कोलकाता में 24 कैरेट सोने का भाव 1,08,380 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसके अलावा 22 कैरेट गोल्ड रेट 98,660 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। सोने की बढ़ती कीमत जनता के लिए परेशानी का सबक बनी हुई है। पिछले काफी समय से खरीदार कीमत में कमी होने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन काफी समय से मामूली गिरावट के बाद बड़ी बढ़ोतरी ही हो रही है।

# चावल नरम, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालों में गिरावट

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम घट गए, जबकि गेहूं में तेजी का रुख रहा। चीनी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। दालों के भाव टूट गए, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया दिवस के मौके पर बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिगिट चढ़कर 4,477 रिगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.61 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत पांच रुपए टूटकर 3,856.46 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं सात रुपए मजबूत हुआ और 2,864.95 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे के दाम 10 रुपए प्रति क्विंटल टूट गए और यह 3,306.55 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 59 रुपए और सूरजमुखी तेल नौ रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल में भी 30 रुपए



प्रति क्विंटल चढ़ गया। मूंगफली तेल की औसत कीमत नौ रुपए प्रति क्विंटल घट गयी। सोया तेल तीन रुपए और वनस्पति 28 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में आज गिरावट रही। तुअर दाल की औसत कीमत करीब 30 रुपए प्रति क्विंटल घट गयी।

उड़द दाल में 23 रुपए और चना दाल में सात रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। मूंग दाल 28 रुपए और मसूर दाल नौ रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत चार रुपए प्रति क्विंटल टूट गई, जबकि चीनी के भाव में टिकाव रहा।

## लखनऊ कौशल महोत्सव-2025 में 8124 लोगों को मिला रोजगार: नीरज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सांसद और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर दो दिवसीय लखनऊ कौशल महोत्सव-2025 का आयोजन किया था। हालांकि महोत्सव का दूसरा दिन भारी बारिश की भेंट चढ़ गया, लेकिन नीरज सिंह का कहना है कि आयोजन पूरी तरह से सफल रहा और इस दौरान 8124 लोगों को रोजगार मिला है।

नीरज सिंह बारिश के बाद सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि महोत्सव में 30,387 से अधिक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुए। इस दौरान 14400 उम्मीदवारों का इंटरव्यू हुआ, जिनमें 8124 युवाओं को जॉब ऑफर मिला। उन्होंने कहा है कि युवाओं के उत्साह और कंपनियों की भागीदारी ने इस महोत्सव को अभूतपूर्व सफलता की ओर बढ़ा दिया है, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, भारत नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। नीरज सिंह ने कहा है कि लखनऊ जॉब फेयर में इंटरव्यू के बाद शॉर्टलिस्ट किए गए सभी अभ्यर्थी सहायता हेतु हमारे टोल-फ्री 91 88000 55555 / 18001239626 पर संपर्क करें। आश्वस्त रहें कि आपका ऑनबोर्डिंग निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरा किया जाएगा। नीरज ने अपने बयान में कहा है कि भारी वर्षा के कारण हमें नियुक्ति पत्र सम्मान समारोह स्थगित/रद्द करना पड़ा। यह वह अवसर था जब चयनित युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने थे।

### राहुल गांधी पाकिस्तान के लोकप्रिय नेता: बृजभूषण

**गोण्डा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बुधवार को तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के प्रिय राजनेता है, क्योंकि उनकी बात वहां बहुत सुनी जातीं हैं। एशिया कप के बाद पाक क्रिकेटर अफरीदी द्वारा राहुल गांधी की तारीफ के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब से राहुल राजनीति में आएं हैं, तभी से 'सेल्फ़गोल' कर रहें हैं। राहुल गांधी की बात देश में केवल वे स्वयं ही समझ सकते हैं। वोट चोरी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राहुल के साथ विपक्ष बकवास कर रहा हैं।

# पीएम मोदी सूफी अवधारणा के समकालीन व्याख्याता: फरीदी

नई दिल्ली, वार्ता

फतेहपुर सीकरी स्थित दरगाह हज़रत शेख सलीम चिश्ती के सज्जादा नशीन पीरज़ादा अरशद फ़रीदी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कृतित्व एवं व्यक्तित्व को बिल्कुल अलग नज़रिए से देखा है।

अरशद फ़रीदी ने मोदी के जन्म दिन पर अपने एक लेख में कहा है कि सूफ़ीवाद का दर्शन न केवल मनुष्यों के बीच आध्यात्मिक दूरियों को कम करता है, बल्कि राष्ट्रों के बीच की दूरियों को भी मिटाता है। उन्होंने लेख में कहा कि जिस खुलेपन के साथ मोदी ने हाल ही में इस दर्शन की भारत की प्राचीन मान्यता 'वसुधैव कुटुम्बकम' (विश्व एक परिवार है) के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता का उल्लेख

**■ फतेहपुर सीकरी दरगाह के सज्जादानशीन ने पीएम के जन्मदिन पर कहा**

किया, वह अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि मोदी का महत्व इस मायने में और भी बढ़ जाता है कि वह हमारे देश के पहले लो. कतांत्रिक शासक हैं, जिन्होंने संघर्षग्रस्त विश्व को शांति और सद्भाव के महत्व का एहसास कराया है। उन्होंने कहा कि सूफ़ी दर्शन कल भी शांति और सुरक्षा के बारे में था और आज की अशांत और बेचैन दुनिया को भी आत्म-शुद्धि, आध्यात्मिकता और ज्ञान के रचयिता के सामीप्य से ही मानवता के कल्याण के लिए आवश्यक शांति प्राप्त होगी, जो मनुष्य को प्रेम, भाईचारे और दूसरों के प्रति परस्पर सम्मान की ओर ले जाती है। सूफ़ी शिक्षाओं में सहिष्णुता, धैर्य और सभी प्राणियों के प्रति प्रेम शामिल है, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण साधन बनता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में, दिल्ली में खुसरो महोत्सव में, मोदी ने भारत को विश्व पटल पर अग्रणी बनाने के उनके प्रयासों में हज़रत अमीर खुसरो की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने विचारों, वचनों और कर्मों से भारत को विश्व के राष्ट्रों में सबसे महान राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया। सूफ़ी संत बुल्ले शाह, बाबा फ़रीदुद्दीन शकरगंज, निज़ामुद्दीन औलिया और खुसरो द्वारा प्रचलित सामंजस्यपूर्ण संगीत संस्कृति पर ज़ोर देते हुए, उन्होंने सूफ़ी भक्ति की सर्वश्रेष्ठ परंपरा को नमन किया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगा। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत बना दुनिया के लिए प्रेरणा: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का चेहरा बदल दिया है।

विरासत, विकास और सेवा का अनूठा संगम आज पूरी दुनिया के सामने है। उन्होंने प्रधानमंत्री को 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदी जी केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय और दूरदर्शी नेता हैं। जो भारत कभी पिछलग्गू समझा जाता था, वही आज आत्मविश्वास और उपलब्धियों के बल पर पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, निवेश, नियुक्तियां, ख्रषि और जल संसाधन सहित हर



क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। इसी नीति और नीयत का परिणाम है कि 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ पाए। उन्होंने बताया कि गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, दलित और वंचित समाज को प्राथमिकता देना ही मोदी मॉडल की सबसे बड़ी सफलता है। आस्था और विरासत का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण, केदारनाथ- बद्रीनाथ धाम का कायाकल्प और महाकाल लोक जैसी उपलब्धियां आज देश की नई पहचान हैं। साथ ही बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास और महऌष वाल्मीकि जैसे महापुरुषों की स्मृतियों से जुड़े कार्यों ने सामाजिक न्याय की दिशा में मील का पत्थर स्थापित किया है। योगी ने कोविड प्रबंधन को भारत का वैश्विक मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि 100 वर्षों तक कोई वैक्सीन भारत तक नहीं पहुंची, मगर मोदी जी के नेतृत्व में 9 महीनों में ही कोविड वैक्सीन विक. सित हुई और दर्जनों देशों को मदद मिली। यह न केवल स्वास्थ्य बल्कि कूटनीति का भी अद्‌भुत उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुरू हुए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान को समाज के लिए ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, जांच और पोषण संबंधी कार्यक्रम होंगे।

## सीतापुर में मोदी का जन्मदिन मनाया

**सीतापुर।** स्वर्गीय हरगोविंद वर्मा हॉल, सहकारी गन्ना विकास समिति बिसवां में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी का जन्मदिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से जन्मदिवस का केक काटकर प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, विधायक निर्मल वर्मा, लहरपुर के पूर्व विधायक सुनील वर्मा, जिला उपाध्यक्ष एवं गन्ना विकास समिति बिसवां अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, पंकज गुप्ता पूर्व नगर अध्यक्ष रोहित शुक्ला महामंत्री समिति के सभी उपाध्यक्षगण, मंडल अध्यक्षगण एवं समिति के अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# लखनऊ में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त

### रोजगार मेले के पंडाल और नगर निगम दफ्तर तक में भरा पानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में मंगलवार को मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्तव्यस्त कर दिया। सुबह से ही आसमान पर काले बादल छाए रहे और गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। कई घंटों तक हुई इस तेज बरसात ने पूरे शहर को थमा दिया। हालत यह रही कि नगर निगम कार्यालय तक में पानी भर गया और वहीं रोजगार मेले का पंडाल भी पूरी तरह जलमग्न हो गया।

घरों-दुकानों और सड़कों पर पानी भरने से लोग परेशान नजर आए। बारिश का कहर इतना तीव्र



था कि दिन में अंधेरा छा गया। जगह-जगह बिजली गिरने की खबरें भी सामने आईं और तड़ित चालक का असर कई स्थानों पर देखा गया। तेज गर्जन और लगातार चमकती बिजली से लोग सहमे रहे। सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और पैदल चलने वालों के लिए रास्ते मुश्किल हो गए। कई विद्यालय और कॉलेजों में भी पानी घुस गया, हालांकि आज अवकाश होने के कारण छात्रों को राहत रही। मौसम विभाग ने इस बारिश को मॉनसून की विदाई से जुड़ी हलचल बताया है। विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और पश्चिमी हवाओं के टकराव से यह भारी बारिश हुई है।

# मोदी के 75वें जन्मदिवस पर विधानभवन में लोक उल्लास

### अध्यक्ष महाना ने गुलगुले बांटे और प्रदर्शनी का किया उद्‌घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानभवन प्रांगण उत्सव और भावनाओं से सराबोर रहा।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस मौके को परंपरा और आत्मीयता से जोड़ते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों और स्कूली बच्चों को भारतीय लोकसंस्कृति के प्रतीक पारंपरिक व्यंजन गुलगुले बांटे। लोकरीति से जुड़ा यह आयोजन न केवल सादगी का प्रतीक बना, बल्कि पूरे परिसर में आत्मीयता और उल्लास का वातावरण भी फैल गया। महाना ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। उनके जन्मदिवस पर लोक परंपरा से जुड़ा यह आयोजन संस्ख्रति और समाज के मूल्यों को संजोने का प्रयास है। स्कूली बच्चे और कर्मचारी गुलगुले ग्रहण कर विशेष रूप से प्रसन्न नजर आए। इसी अवसर पर विधानभवन के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का उद्‌घाटन भी विधानसभा अध्यक्ष ने किया। प्रदर्शनी में उनके बचपन से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक की संघर्षपूर्ण यात्रा, जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और राष्ट्र निर्माण में योगदान को चित्रों और आलेखों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण प्रधानमंत्री के कार्यकाल में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय और उपलब्धियां रहीं, जिनमें स्वच्छ भारत अभियान, आत्मनिर्भर भारत, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया, भारत की वैश्विक पहचान और जी-20 सम्मेलन की सफलता विशेष रूप से दर्शाई गईं।

## खैराबाद में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** खैराबाद के कज़ियारा में चल रहा स्व.शांति देवी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का बहुत ही चऌचत मुकाबला खेला गया। माखुपुर के पवन पांडे व यूसुफ खान के बीच अच्छी साझेदारी की बदौलत केसरिया वाहिनी ने 72 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया। लेकिन लंकाशायर ने मैच में जीत दर्ज की। खैराबाद के भूतपूर्व स्टार खिलाड़ी यूसुफ खान, मयंक बाजपेई, लकी माखुपुर, गौरव मिश्रा, पवन पांडे, सब्बू भाई को देखने के लिए भीड़ उमड़ी। टीम के कोच आलोक बाजपेई ने टीम को जमकर लताड़ा और आगे के मैचों में टीम को अपना खेल का स्तर सुधारने की चेतावनी दी।

# ऑनलाइन गेमिंग में लाखों गंवाने के बाद यश की आत्महत्या ने अभिभावकों को चेताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कक्षा छः के छात्र यश कुमार द्वारा तेरह लाख रुपए ऑनलाइन गेमिंग में हारने के बाद आत्महत्या कर लेना केवल एक दर्दनाक हादसा नहीं, बल्कि अभिभावकों के लिए गहरी चेतावनी भी है। यह घटना दिखाती है कि किशोरावस्था में बच्चों पर अभिभावकों की निगरानी कितनी जरूरी है।

अक्सर देखा जाता है कि इसी उम्र में बच्चे या तो तेज रफ्तार मोटरसाइकिल जैसे खतरों में पड़ जाते हैं या फिर मोबाइल और ऑनलाइन गेमिंग की लत के शिकार हो जाते हैं। इस तरह की प्रवृत्तियों पर समय रहते रोक न लगाई जाए तो नतीजे बेहद भयावह हो सकते हैं। सरकार के सामने भी इस घटना ने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। जरूरत है कि ऐसे ऑनलाइन गेमिंग एप्स को



नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इन्हें लॉटरी की श्रेणी में रखकर नियमन और सख्त रोक लगाने की मांग की जा रही है, ताकि बच्चे इस तरह के खतरनाक खेलों से दूर रह सकें। कंपनियों को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके प्लेटफॉर्म पर नाबालिग बच्चों की एंट्री पर सख्ती से रोक हो। यह कोई नई समस्या नहीं है, पहले भी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं जिनसे सबक लेना बेहद जरूरी है। यश की आत्महत्या ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या माता-पिता अपने बच्चों के मोबाइल प्रयोग और ऑनलाइन गतिविधियों पर उतना ध्यान देते हैं, जितना देना चाहिए। यश पढ़ाई में विशेष रूप से गणित में मेधावी था, लेकिन ऑनलाइन गेमिंग की लत ने उसकी जिंदगी ही छीन ली। परिजनों का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से चुप-चुप रहने लगा था और दोस्तों से भी दूरी बना ली थी। विशेषज्ञों के अनुसार, ऑनलाइन गेमिंग का प्रसार बच्चों और किशोरों के लिए नया खतरा बनकर सामने आया है। यह केवल आऌथक नुकसान ही नहीं पहुंचाता, बल्कि मानसिक दबाव भी इतना बढ़ा देता है कि बच्चे गंभीर कदम उठाने पर मजबूर हो जाते हैं।

# देश के पीएम राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को आगे बढ़ा रहे: अचिन मेहरोत्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वे निरंतर राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को आगे बढ़ा रहे।

राष्ट्र प्रथम विचारधारा के तहत ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेजी से देश में विकास योजनाओं को लागू कर रहे हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने अपने कैंप कार्यालय पर कही। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष पर अपने कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र पर टीका लगाकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को मिठाइयां बांटी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा में लगा हुआ है। हर कार्यकर्ता राष्ट्र को मजबूत बनाने में और राष्ट्र के उत्थान में अपना अभूतपूर्व सहयोग दे रहा है। अपने जन्मदिन पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को योजनाओं के कई तोहफे दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही संपूर्ण विश्व में भारत का अलग ही स्थान बना हुआ है। आज का भारत सशक्त भारत है। देश के दुश्मन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को देखकर थर-थर कांपते हैं। देश के विकास के साथ देश की सीमाओं की सुरक्षा को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजबूत किया है। आज हमारी सेनाएं दुश्मन को घर में घुसकर मुंह तोड़ जवाब देती हैं। इस मौके पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान भी चलाया। स्वच्छता-अभियान के तहत सीतापुर के नगर 1 मंडल के शक्ति केंद्र तामसेनगंज की बूथ संख्या 243 पर प्रदेश के गौरव स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद गुप्ता जी की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान किया। प्रतिमा स्वच्छता के साथ ही माल्यार्पण कर स्वर्गीय राजेंद्र गुप्त को याद किया। अपने कैंप कार्यालय पर नरेंद्र मोदी की फोटो पर टीका लगाकर एवं सभी कार्यकर्ताओं को मीठा खिलाकर प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उपस्थित जितेंद्र मेहरोत्रा, सिद्ध गोपाल मेहरोत्रा, कुलदीप कुमार, टंडन जी, उत्तम पाण्डेय, अनमोल पाल, महेश वर्मा, राजा श्रीवास्तव, सुबोध मिश्रा, कमलेश मेहरोत्रा, राजू, निर्मल शुक्ला, अजय मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## चोरी की बाइकों के साथ दो ऑटोलिफ्टर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** रामपुर कला थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रामपुर कला थाना क्षेत्र के कोड़रा पुल के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने लखीमपुर खीरी जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हिदायत नगर पुराना एसपी का बंगला निवासी नसीम उर्फ़ हैदर पुत्र महबूब अली तथा लखीमपुर खीरी के शहर कोतवाली क्षेत्र के गुलजार नगर मेला मैदान निवासी गोलू गौतम पुत्र राजू को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर वाहन चोर हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिल बरामद की है।

# सुहेलदेव को लेकर बयान पर बवाल हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सुहेलदेव को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) के प्रदेश प्रभारी शौकत अली के विवादित बयान के बाद बवाल खड़ा हो गया है।

शौकत अली ने कहा था कि सुहेलदेव एक लुटेरा था और सालार मसूद गाजी ने उनकी हत्या कर जनता को जुल्म से निजात दिलाई थी। इस बयान से सुहेलदेव समाज और राजभर समाज में गहरी नाराजगी फैल गई। धर्म प्रकाश नामक व्यक्ति ने इस मामले में हजरतगंज थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई शीघ्र की जाएगी। इस विवाद ने सुहेलदेव पार्टी को भी सक्रिय कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर, जो ओम प्रकाश राजभर के बेटे भी हैं, ने कहा कि यह बयान समाज को तोड़ने और सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि एआइएमआइएम नफरत फैलाने की राजनीति कर रही है और सुहेलदेव पार्टी प्रत्येक जिले में ओवैसी की पार्टी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी। अरुण राजभर ने कहा कि शौकत अली के बयान से समाज में गहरा आक्रोश है और यह फैशन बन चुका है कि नेता इतिहास पुरुषों का अपमान कर सहानुभूति बटोरने और सस्ती राजनीति चमकाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि सुहेलदेव समाज ऐसे बयानों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उधर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और कहा है कि दोषियों पर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# दीवार गिरने से मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद के शुक्ल बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम इन्दरिया में बुधवार को हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। घर के पास बनी कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी।

इस हादसे में तीन वर्षीय दिव्यांश पुत्र जगजीवन विश्वकर्मा दीवार के मलबे के नीचे दब गया। परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में मासूम को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मासूम की मौत की खबर फैलते ही पूरे गांव में को. हराम मच गया।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां-बाप की आंखों से आंसुओं की धारा थमने का नाम नहीं ले रही। ग्रामीणों ने बताया कि दिव्यांश घर के बाहर खेल रहा था, तभी यह हादसा हुआ। घटना के बाद गांव में मातम छा गया और हर किसी की आंखें नम हो गईं।ग्रामीणों का कहना है कि कच्ची दीवार काफी पुरानी और जर्जर थी, जो बरसात और नमी के कारण कमजोर हो गई थी। बुधवार को अचानक दीवार का बड़ा हिस्सा गिर गया, जिससे यह हादसा घटित हो गया। हादसे की सूचना प्रशासन को भी दी गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को आऌथक सहायता देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि गरीब परिवार पर यह दुख का पहाड़ टूट पड़ा।

# सतीश ने जिला चिकित्सालय से स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का किया शुभारंभ

### भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर किया उद्‌घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गौरीगंज अमेठी।** बुधवार को जिला अस्पताल गौरीगंज में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ राज्य मंत्री खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूऌत विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री ने अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, तदोपरांत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्‌घाटन किया। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ आज मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश के धार से किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जिला अस्पताल में किया गया जिसे मा. जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व लाभाऌथयों ने देखा एवं सुना।

यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं और किशोरियों को स्वस्थ रखने के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर उनकी विभिन्न स्वास्थ्य जांचों के साथ ही उन्हें दवाइयां व परामर्श आदि दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री जी को उनके जन्मदिवस की हाऌदक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के



अंतर्गत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया है यह हम सबके लिए बहुत ही बड़े सौभाग्य का विषय है, भारत के अंदर नारी को सर्वाधिक प्राथमिकता देने का कार्य हमारी सरकार द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि जब नारी स्वस्थ रहेगी तभी परिवार सशक्त होगा। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की है इस अभियान के तहत हम सभी परिवारों के घरों तक पहुंचेंगे इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं की विभिन्न स्वास्थ्य जांच कराई जाएगी स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के घरों तक पहुंच कर लोगों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज स्वास्थ्य सेवाएं पहले से बेहतर हुई हैं।

कार्यक्रम में मा. जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचा. लित की गई हैं जिनका लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है, स्वास्थ्य सुविधाओं में अब काफी सुधार हुआ है जिससे गरीब लोगों को इलाज में सुविधा मिल रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि शासन द्वारा संच. ालित योजनाओं को जिला प्रशासन द्वारा पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत सुधार हुआ है मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा आज स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया है एक परिवार को सबसे अच्छा स्वास्थ्य महिलाएं देती हैं अमेठी में लगभग 80४ ग्रामीण परिवेश में लोग रहते हैं ऐसी स्थिति में जब महिलाएं स्वस्थ होगी तो निश्चित ही आगे बढ़ेंगी और अपने परिवार को मजबूती प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में मा. सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह व जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसके उपरांत मा. प्रभारी मंत्री जी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनका हाल-चाल लिया तथा उन्हें फल वितरित किए।

# चालक-परिचालकों पर बढ़ते हमलों से नाराज कर्मचारियों ने किया चक्काजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** रोडवेज डिपो में बुधवार सुबह से बस सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं। चालक और परिच. ालक अपने साथ हो रही मारपीट की घटनाओं को लेकर हड़ताल पर चले गए। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार अन्य जिलों में उनके साथ हमले हो रहे हैं, जिससे उनका मनोबल टूट रहा है।

मंगलवार देर रात प्रयागराज डिपो में अमेठी डिपो के एक परिच. ालक के साथ मारपीट की गई थी। इससे पहले लखनऊ डिपो में भी अमेठी के चालक-परिचालक को निशाना बनाया गया था। इन घटनाओं से आक्रोशित होकर बुधवार को सभी कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से बस संचालन बंद कर दिया और डिपो परिसर में धरने पर बैठ गए।

सूचना पाकर एआरएम काशी प्रसाद मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया। कर्मचारियों ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होती और सुरक्षा की गारंटी नहीं मिलती, तब तक वे आंदोलन जारी रखेंगे। एआरएम ने आश्वासन दिया कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी और जल्द ही एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। बस सेवाएं ठप होने से यात्रियों को सबसे अधिक द्धित झेलनी पड़ी। सुबह से ही डिपो पर दूर-दराज के यात्रियों की भीड़ उमड़ आई। लेकिन बसें न चलने के कारण लोगों को निजी वाहनों या ऑटो का सहारा लेना पड़ा।यात्रियों ने कहा कि त्योहार और शादियों का मौसम होने की वजह से उनकी परेशानी और भी बढ़ गई है। निजी वाहनों के बढ़े हुए किराए ने आम जनता की जेब पर बोझ डाल दिया है। कई लोग गंतव्य तक जाने के लिए घंटों इंतजार करते रहे लेकिन बसें न चलने से निराश होकर लौटना पड़ा।कर्मचारियों ने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि यदि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई।

# काली मंदिर बलीपुर में प्रधान ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इन्हौना अमेठी।** शुक्ल बाजार सड़क मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत चिरैया में प्रसिद्ध बलीपुर काली मंदिर मंदिर परिसर में बुधवार को चिरैया प्रधान संतोष कुमार सिंह ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ सफाई अभियान चलाया।

प्रधान संतोष कुमार सिंह चौहान ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुधवार सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम घोषित कर स्वच्छता अभियान चलाने के लिए सभी देशवासियों से आग्रह किया है उसी उद्देश्य के तहत् बलीपुर स्थित काली मंदिर मंदिर परिसर तथा हनुमानजी मंदिर परिसर बलीपुर



में बुधवार को सैकड़ों नागरिकों ने सफाई अभियान चलाया झाड़ू लगाकर मंदिर परिसर का कूड़ा कर्कट साफ किया। वरिष्ठ नागरिक राम सहाय सिंह , राम धीरज यादव, बिनोद कुमार गुप्ता, दिनेश सिंह, राम चंद्र यादव अखिलेश सिंह आदि ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत बलीपुर काली मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया झाड़ू लगाकर चलाया गया इस अभियान में दुर्गा बख्श, राजबहादुर, सोहनलाल, राम दुलारे, संदीप कुमार , विशाल सिंह, जगन्नाथ, राम प्रताप, सतगुरु रमेश कुमार, पुन्नू, अयोध्या, महादेव यादव, बासुदेव मिस्त्री, अंकित यादव सहित अन्य कई लोगों ने मंदिर परिसर बलीपुर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में भागीदारी सुनिश्चित किया प्रधान संतोष सिंह ने बताया कि बुधवार को स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है सम्पूर्ण ग्राम पंचायत में सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलता रहेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### स्वच्छता सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित हुआ कार्यक्रम

# प्रभारी मंत्री ने किया स्वास्थय एवं रक्तदान शिविर का उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश सरकार के वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य और जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय जनपद अमरोहा में स्वच्छता सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ के अवसर पर स्वास्थय एवं रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में विशेष महिला स्वास्थ्य शिविरों, गैर संचारी रोग उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, एनीमिया व सिकल सेल रोग और संचारी रोग आदि से संबंधित लगाए गए स्टॉल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय पर चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाएं न केवल स्वयं स्वस्थ रहेंगी, बल्कि पूरे परिवार को सशक्त बनाने में भी सक्षम होंगी। उन्होंने कहा कि जैसे आज जगह-जगह पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसी प्रकार आज की भांति समय-समय पर शिविर का आयोजन किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सतपाल सिंह ने प्रभारी मंत्री को जानकारी देते हुए कहा कि इन शिविर में महिलाओं में स्वास्थ्य व पोषण से जुड़ी चुनौतियों की पहचान कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। धनौरा विधायक राजीव तरारा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डीएम निधि गुप्ता वत्स, एसपी अमित कुमार आनंद समेत अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सांसद ने संघ व पार्टी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर जी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा के कैलसा बाईपास रोड पर स्थित विद्या भारती द्वारा संचालित नारायणी देवी सरस्वती विद्या मंदिर, अमरोहा में एक भव्य सम्मान एवं अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान संघ में रहते हुए मानवीय सेवा में अपना जीवन समर्पित वाले बुद्धिजीवियों, भारतीय जनता पार्टी में अपना योगदान देने वाले राष्ट्र सेवकों को, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में सहयोगी सामाजिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में वृक्षारोपण किया गया, साथ ही रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ। विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, स्टेशनरी किट, चॉकलेट एवं खाद्य सामग्री किट इत्यादि भेंट कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री केपी मलिक, धनौरा विधायक राजीव तरारा, पूर्व शिक्षक विधायक संजय मिश्रा, नगर पालिका चेयरमैन शशि जैन, हसनपुर चेयरमैन राजपाल सैनी, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ.विशेष कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक दिवाकर पांडेय, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, एडिशनल एसपी अखिलेश भदौरिया, प्रबंधक सरदार सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाध्यापक नरेंद्र सिंह, युद्धवीर सिंह, ग्रीश त्यागी, पूरन सिंह सैनी, राम सिंह सैनी, डॉ. केएस सैनी, रणवीर सिंह, अवनीश शरण बंसल, चंद्रपाल सिंह खड़कवंशी आदि मौजूद रहे।

# महाराजा सुहैलदेव को लुटेरा बताने पर भड़की सुभासपा



### कार्रवाई की मांग को सीओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली द्वारा महाराजा सुहेलदेव को लुटेरा बताने पर सुभासपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पुलिस कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन क्षेत्राधिकारी सदर शक्ति सिंह को सौंपकर एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव ने विद. ेशी आक्रांता मैयद सलार मसूद गाजी को पराजित कर भारतीय संस्कृति सभ्यता धर्म व राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा की थी। उनका इतिहास में अतुलनीय स्थान है और उनकी स्मृति राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। ऐसे में शौकत अली का यह वक्तव्य न केवल महाराजा सुहेलदेव का अपमान है बल्कि राजभर समाज और पूरे देश की सांस्कृतिक-धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने मांग की कि इस मामले में त्वरित जांच कर अभद्र टिप्पणी सामा. जिक शत्रुता फैलाने और जरूरत पड़ने पर राष्ट्रद्रोह की धाराओं सहित कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान आदेश अमरोही, मोहम्मद यूनुस सैफी प्रधान, जसवीर सिंह चौहान, जगत सिंह गुर्जर, अतिकुर रहमान, सुरेंद्र सिंह प्रधान, प्रीत चौधरी, सलमान, आकाश कश्यप, मोहम्मद आसिफ आदि मौजूद रहे।

# केक काटकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के कैंप कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ केक काटकर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिन्होंने राष्ट्रसेवा और जनहित को समर्पित मोदी के प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम के उपरांत, स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अभियान का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने किया। उनके साथ नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी,पूर्व मंडल अध्यक्ष अतुल गर्ग,व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता, भाजपा नेता संजय सहदेव और अर्पण गुप्ता जैसे प्रमुख व्यक्तियों ने भी झाड़ू उठाकर परिसर की साफ-सफाई की। इसके अतिरिक्त, सभासद राजपाल सैनी, सचिन गुप्ता, संजीव सैनी, राकेश सैनी, धर्मेंद्र एडवोकेट, संजय टाटा, राजकुमार सैनी, जय सिंह सैनी, उमेश कुमार और विक्की चंद्रा जैसे कई कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किये गये। स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाना था। यह आयोजन दर्शाता है कि कैसे एक व्यक्ति का जन्मदिन राष्ट्र के लिए एक सकारात्मक संदेश देने का माध्यम बन सकता है। सभी उपस्थित लोगों ने एक सुर में प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की और देश के विकास में उनके नेतृत्व की प्रशंसा की।

# उप निबंधक कार्यालय जोया रोड पर बनाने का विरोध

### मुख्यमंत्री को संबोधिन ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** बुधवार को रेवेन्यू बार एसोसिएशन अमरोहा, दस्तावेज लेखक व स्टाम्प विक्रेताओं की एक संयुक्त बैठक बार के अध्यक्ष मंसूर अहमद एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें गुलाड़िया में निर्माण अधीन तहसील भवन में समस्त कार्यालय स्थापित करने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई गई। मंसूर अहमद एडवोकेट ने कहा कि अमरो. हा तहसील लगभग 200 वर्ष पुरानी तहसील है, जिसमें न्यायालय उप-जिला अधिकारी, (अपर उप-जिला अधिकारी) न्यायालय तहसीलदार, न्यायालय तहसीलदार न्यायिक, न्यायालय नायब तहस. ीलदार व उपनिबंधक कार्यालय, विनियमित क्षेत्र अमरोहा कार्यालय के अलावा राजस्व विभाग के अनेकों कार्यालय व आपूर्ति विभाग का कार्यालय स्थापित है। लेकिन, अब महानिरीक्षक स्टांप उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर उपनिबंधक कार्यालय का अमरोहा तहसील से लगभग छह किलोमीटर दूर जोया रोड पर उपभोक्ता फोरम के पीछे निर्माण हो रहा है, जोकि नियम विरुद्ध है। राजस्व अनुभाग लखनऊ में स्पष्ट उल्लेख है कि उपनिबंधक कार्यालय तहसील परिसर में ही स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि तहसील से उपनि. बंधक कार्यालय बनने से जनता को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। रेवेन्यू बार एसोसिएशन की मांग है कि नए तहसील भवन में ही उपनिबन्धक कार्यालय सहित समस्त कार्यालय-न्यायालय स्थापित किए जाएं। इस संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। इस दौरान महफूज अली सिद्दीकी, मोहम्मद मुस्तेहसन खां, आसिफ हसन, शौकीन मंसूरी, गौरव गोयल, सैय्यद सिब्ते जरगाम नकवी, अंकुर सक्सेना, हाजी खुर्शीद अनवर, राजपाल, जफर शाह खां आदि मौजूद रहे।



# श्री वेंक्टेश्वरा विवि में धूमधाम से मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

### स्वच्छता सेवा पखवाड़े का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्व. विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिन संस्थान में रुद्राक्ष एवं तुलसी के पवित्र पौधे रौंपे गए तो वहीं रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। संस्थान के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने 117 यूनिट रक्त संचय करके लागों के जीवन बचाने की शपथ ली। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर संस्थान के डॉक्टर्स, मेडिकल स्टूडेंटस पूरे वर्ष गांव-गांव जाकर लोगो का नि:शुल्क उपचार, दवाईयां, फल एवं स्वास्थ्य किट वितरित करेंगे। बुधवार को विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस आयोजित सेवा पखवाड़ा व केक कटिंग सेरेमनी का शुभारम्भ राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता/प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, अन्तर्राष्ट्रीय कवियत्री डॉ.मधु चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सुरेश जी मेहता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ.पीयूष कुमार पाण्डेय, डॉ.राजेश सिंह, डॉ. एसएन साहू, डॉ.योगेश्वर शर्मा, डॉ.ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ.नीतू पंवार, डॉ.सुमन कुमारी, डॉ. अंजलि भारद्वाज, डॉ.आरती गुप्ता, डॉ.विकास कुमार, दीक्षा, डॉ. ईकराम, डॉ.एसके सिंह, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ.आशुतोष सिंह, डॉ.ज्योति सिंह, डॉ.स्नेहलता गोस्वामी, एसएस बघेल, अरूण गोस्वामी, मेरठ परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

### युक्तधारा पोर्टल पर बताई कार्य की विधि



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ब्लॉक सभागार में रोजगार सेवकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को हुआ। खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार ने कहा युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से मनरेगा के कार्यों की गुणवत्ता के सुधारने का प्रयास किया जाएगा। जॉब कार्ड धारक के 100 दिन पूरी करने पर जोर दिया, 10 ग्राम पंचायतों में राशन दुकान निर्माण का लक्ष्य, मिशन 500 के तहत तालाब खुदाई कार्य के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव बंटी सिंह, मोहम्मद नासिम, आंचल कुमारी, संदीप चौधरी, राजकुमार सैनी, राजीव चौधरी, सुमित सैनी, अशोक सिंह, रामगोपाल सिंह, सुदेश कुमार, रोहित चौधरी, महेश सैनी, राजकुमार सिंह, तकनीकी सहायक सिद्धराज सिंह, राकेश सैनी, महेंद्र सिंह, रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कुबेर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चीनू सागर, मान्धाता सैनी, अमित सिंह, आसिफ, सतप्रकाश, गुफरान, पिंटू, राजवीर आदि मौजूद रहे।

# नौरैक्स फ्लेवर्स में विश्वकर्मा आराधना की धूम



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** बुधवार को नगर की प्रमुख निर्यातक फर्म नौरैक्स फ्लेवर्स प्रा० लि० की दोनों इकाइयों में विश्वकर्मा पूजन दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर फैक्टरी में स्थापित मशीनरी और यंत्रों की विधिवत पूजा की गई और सृष्टि के प्रथम अभियंता देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की महिमा के बारे में विस्तार से बताया गया। कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक आयोजित हवन और पूजा में भाग लिया। पंडित नवीन दीक्षित ने विश्वकर्मा पूजा की महत्ता के विषय में कहा विश्वकर्मा पूजा के दिन कारखानों में मशीनों और औजारों की पूजा की जाती है, साथ ही अस्त्र-शस्त्र का भी पूजन होता है। पूजाविधि का कार्य पंडित नवीन दीक्षित द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट शशांक अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अजय गुप्ता, ललित कुमार और समस्त कर्मचारियों ने सक्रिय भाग लिया। विश्वकर्मा पूजा ने नौरैक्स फ्लेवर्स के कर्मचारियों में उत्साह और समर्पण की भावना को और प्रबल किया।

# जयंती पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा।** दुनिया के महान डिजाइनर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद सृष्टि में उनके महान योगदान पर चर्चा की गई।

बुधवार को जिला अध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा विश्वकर्मा एक महान दिव्य डिजाइनर बढ़ाई और कुशल शिल्पकर थे। उन्होंने देवताओं के हथियार व रथ बनाये थे। उन्होंने मनुष्यों को वास्तुकला और यांत्रिकी के विज्ञान से अवगत कराया। वह श्रमिकों कारीगरों और कलाकारों के संरक्षक देवता थे। उनका व्यापार के उपकरणों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का प्रतिक है। विश्वकर्मा के पाँच महान पुत्र मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी एवं दैवज्ञ थे। ये पांचों वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में पारंगत थे। ऋग्वेद में इसका वर्णन किया गया है। विश्वकर्मा ने धरती पर महल, हवेली वाहन तथा शास्त्र आदि का निर्माण किया। उन्होंने इंद्रपुरी द्वारिका, हस्तिनापुर स्वर्गलोक व लंका आदि का निर्माण किया। इसलिए प्रत्येक वर्ष विश्वकर्मा ज्योत्सव पर औजारों, मशीनों और औद्योगिक इकाइयों की पूजा की जाति है। इस अवसर महमूद अली उर्फ भूरे, चौधरी अजय मलिक, नूर सबा, लता सागर, मुमताज खां, सरफराज अनवर एडवोकेट, महेश यादव, अतीक अहमद, राधेलाल रघुवंशी, विकिल चौधरी, धर्मपाल सिंह प्रधान जी, विवेक यादव, हितेश कुमार ,रविपाल चिकारा, सरजीत सिंह यादव, विकल गुर्जर, यशवीर नागर, चित्रांश गुर्जर ,शंकर सिंह यादव, हुकम सिंह ,मोहम्मद सलीम, मोहम्मद अली आदि मौजूद रहे



### विश्वकर्मा जयंती पर अमर सिंह कालेज में गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज शेरपुर रोड मंडी धनौरा में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर एक गरिमामयी गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पण से हुआ। महाविद्यालय प्रबंधक अशोक सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान विश्वकर्मा निर्माण, वास्तुकला, शिल्प कला और तकनीकी कौशल के अधिष्ठाता हैं।प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा हमें यह प्रेरणा देते हैं कि निर्माण केवल भौतिक नहीं, अपितु मानसिक, सामाजिक और सांस्कृतिक भी होता है। इस अवसर पर मुशर्रफ खान, डॉ. रूपा, चंद्र मोहन, राजा राम, आंचल अग्रवाल, महेश सैनी, योगेश त्यागी, समरपाल सैनी, निशिन सैनी, अर्शी सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं और अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# छात्रों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ बुधवार को नगर पालिका परिषद धनौरा से किया गया। इस वर्ष की थीम स्वच्छोत्सव रखी गई है, जिसके अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा स्वच्छता एक सामूहिक प्रयास है और इसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। ईओ अवधेश कुमार वर्मा ने कहा स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ भारत के सपने को साकार करना है। हमें इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पालिक. ाध्यक्ष और ईओ ने पालिका कर्मचारियों और आमजन को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके बाद पालिका की टीम ने सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचकर शिक्षकों, स्कूल स्टाफ और छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें भी स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, आरती शर्मा, निशांत युध्वंशी, लिपिक रामेंद्र यादव, सतीश कुमार, नोशाद, राजेंद्र सिंह,विशाल शर्मा सहित अन्य सभासद और पालिका कर्मी उपस्थित रहे।

# गंगा के जलस्तर में एक दिन में ही 35 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी

### तिगरी समेत खादर गांवों के लोगों की बढ़ीं मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** गंगाधाम तिगरी में जलस्तर में कुछ दिन की गिरावट के बाद फिर से बढ़ौत्तरी हो गई। मात्र एक ही दिन के भीतर 35 सेंटीमीटर की बड़ी वृद्धि होने

**बैराज से छूटा 1 लाख 38 हजार 241 क्युसेक पानी**

के कारण जलस्तर 200.20 मीटर पर पहुंच गया है। जलस्तर बढ़ने से गंगा किनारे लगीं पुरोहितों की झोपड़ियां फिर से पानी की चपेट में आ गई हैं तो वहीं खादर के गांवो के लोगों की मुश्किलें फिर से बढ़ गई हैं, क्योंकि कुछ दिन जलस्तर घटने से खेतों व गांवो आदि में भरा पानी जो उतरा था, वह एकाएक बढ़े जलस्तर के कारण फिर से पहले जैसे हालात में पहुंच गया है। मंगलवार को गंगा धाम तिगरी में जलस्तर 199.85 मीटर गेज था, बुधवार को बिजनौर बैराज से छूटे एक लाख 38 हजार 241 क्युसेक पानी के चलते जलस्तर 200.20 मीटर गेज पर पहुंच गया है। जलस्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र के गांवो के खेतों में पानी भर गया है। चार दिन बाद रविवार को श्राद्ध अमावस्या का बड़ा स्नान भी आने वाला है। जलस्तर अधिक होने के कारण श्रद्धालुओं की सुरक्षा आदि की व्यवस्था के लिये पुलिस प्रशासन को और भी ज्यादा कड़े इंतजाम करने होंगे। क्योंकि गंगा तेजी से कटान भी कर रही है और गहराई भी ज्यादा है। कुछ दिन जलस्तर घटा था तो पुरोहितों व दुकानदारों ने अपनी अस्थायी दुकानें व झोपड़ियां आगे बढ़ा लीं थीं मगर बुधवार को फिर से जलस्तर बढ़ने के बाद झोपड़ियां व दुकानें पानी की जद में आ गई हैं। चूंकि बैराज से बुधवार को भी भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया है, ऐसे में आशंका है कि बृहस्पतिवार को भी जलस्तर में वृद्धि देखने को मिले।



# योगी ने की सड़क मरम्मत अभियान की विभागवार समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मॉनसून वर्षा के कारण खराब हुई सड़कों की मरम्मत और आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण के लिए जारी कार्यवाही को तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हाई-वे हों या एक्सप्रेस-वे, ग्रामीण सड़कें हों या नगरीय क्षेत्र की सड़कें, दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली और छठ जैसे आगामी प्रमुख पर्वों से पहले सभी महत्वपूर्ण मार्ग पूरी तरह अच्छी स्थिति में होनी चाहिए, ताकि आमजन को असुविधा न झेलनी पड़े। मुख्यमंत्री, मंगलवार को विभिन्न विभागों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में सड़कों की मररमत, गड्ढामुक्ति अभियान आदि की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में अधिकारियों ने गड्ढा मुक्ति अभियान की कार्ययोजना के संबंध



में अवगत कराया कि प्रदेश की कुल 6,78,301 सड़कों (लंबाई 4,32,989 किमी) में से 44,196 किमी को गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिशा में औसतन 21.67 प्रतिशत प्रगति दर्ज हुई है। मुख्यमंत्री ने एनएचएआई, मंडी परिषद, पीडब्ल्यूडी, ग्राम विकास, पंचायती राज, नगर विकास, सिंचाई, गन्ना एवं चीनी विकास सहित विभिन्न विभागों से अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि सभी विभाग लक्ष्य की प्राप्ति में समान गति बनाएं और कमजोर प्रगति वाले विभाग और बेहतर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़कों की मरम्मत में तेजी की अपेक्षा जताई। नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगमों में अवस्थापना संबंधी कार्यों की धनराशि का समय से और सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। कार्य का आवंटन पारदर्शिता के साथ हो और कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। अन्यथा की स्थिति में महापौरों के अधिकारों पर पुनर्विचार किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिस भी नगर निगम में ईईएसएल का बकाया है, उसका तत्काल भुगतान करा दिया जाए। सड़क नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा में बताया गया कि 31,514 किमी लंबाई की सड़कों को इसमें शामिल किया गया है। लोक निर्माण विभाग ने इसमें 84.82 प्रतिशत प्रगति दर्ज की है। मुख्यमंत्री ने कहा किया कि नवीनीकरण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है, इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले की एक अदालत ने नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को 20 वर्ष कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जुगैल थाना क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी पीघ्तिा के पिता ने जुगैल थाने में 17 मार्च 2021 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी पांच बेटियों में से तीन की शादी हो चुकी है। चौथी बेटी कक्षा सात की छात्रा है जिसको दोषी यह कह कर ले गया था कि वह निसंतान है रमेश अपने घर उसकी नाबालिग बेटी के साथ जबरन बलात्कार करने लगा। जब गर्भ ठहर गया तो दवा खिलाकर गिरवा दिया। बेटी को धमकी दिया कि अगर किसी से इसके बारे में बताओगी तो जान से मार देंगे। उसके बाद बेटी को साघ्ू के घर छोघ् दिया। जहां बेटी ने अपने मौसी, मौसा के साथ ही उसे व अपनी मां को सारी बात बताई।

इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में रमेश के विरूद्ध चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, आठ गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी रमेश को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

## एक नजर

### पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो वांछित हत्यारोपी गिरफ्तार

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में झांसी के सीपरी बाजार थानाक्षेत्र में हाल ही में दिनदहाड़े हुई हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को पुलिस ने बुधवार तड़के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सीपरी बाजार थानाक्षेत्र के ग्राम भोजला के निवासी अरलवद यादव की हत्या उसी गांव के रहने वाले लरकू यादव ने पुराने रंजिश के कारण अपने साथियों के साथ मिलकर की थी, जिसके संबंध में अभी तक पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले दो वांछित आरोपियों पर आज तड़के पुलिस ने शिकंजा कसा। पुलिस ने दो हत्यारोपियों को आज अशोक निवासी भोजला थाना सीपरी बाजार और भंवर सिंह यादव निवासी थाना पिछोर मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि अरलवद यादव की हत्या आठ सितंबर का हुयी थी और पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बीबीजीटीएस मूर्ति ने विभिन्न टीमों को हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगाया था। पुलिस टीम लगातार बचे हुए आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में स्वाट, सर्विलांस और सीपरी बाजार थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अरलवद यादव की हत्या को अंजाम देने के दो आरोपी भरारी फॉर्म नहर पुलिया के पास से निकलने वाले हैं। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जब दोनों आरोपियों को रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायलरग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की मुठभेड में भंवर सिंह यादव और अशोक गोली लगने के बाद घायल हो गये। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। मुठभेड़ में हुई इस गिरफ्तारी के बाद थाना सीपरी बाजार में सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### युवा पीढ़ी को आकर्षित कर रही है आयुर्वेदिक जीवनशैली: डा. केवी मिनी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में स्थित महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसघ्, गोरखपुर में वनस्पति विज्ञान एवं प्राणी विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयुर्वेद सप्ताह के अंतर्गत -विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम- का आयोजन किया गया जिसमें गुरु गोरखनाथ इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेद साइंस के विशेषज्ञयों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गुरु गोरखनाथ इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेद साइंस, बालापार की सहायक आचार्य डा. के- वी- मिनी ने बुध्दवार को कहा कि आज हम सब आयुर्वेद सप्ताह मनाने के लिए एकत्र हुए हैं। आयुर्वेद दिवस केवल एक परंपरा का उत्सव नहींए बल्कि भारतीय चिकित्सा विज्ञान की गौरवशाली धरोहर को पुनघ्स्मरण करने का अवसर है। डा. मिनी ने आगे कहा कि आयुर्वेद का अर्थ है --आयुघ्वेदघ्-- अर्थात जीवन का विज्ञान। हमारे ;षियों ने हजारों वर्ष पहले शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को ही स्वास्थ्य की आधारशिला माना। आज जब पूरी दुनिया जीवनशैली संबंधी रोगों से जूझ रही है तब आयुर्वेद हमें सही दिशा दिखाता है। उन्होंने आगे कहा कि आयुर्वेद की तरफ अब दुनिया लौट रही है ।आयुर्वेद घर में उपयोग होने वाली वस्तुओं दवाइयां के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसी क्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरु गोरखनाथ इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेद साइंस, बालापार की सहायक आचार्य डा.आर नैयर ने कहा कि प्रधानमंत्री और भारत सरकार ने इसे राष्ट्रीय महत्व का दिवस घोषित कर हमें स्मरण कराया है कि योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा केवल भारत की धरोहर नहीं बल्कि विश्व मानवता को उपहार हैं। उन्होंने आगे कहा कि 17 से 23 सितंबर तक देश भर में आयुर्वेद सप्ताह मनाया जा रहा है इसके अंतर्गत लोगों को पौधों के प्रति जागरूक करने एवं उसके औषधीय गुणों को बताने का भी कार्य किया जा रहा है। डा. नैयर ने यह भी कहा कि रसोई में उपयोग होने वाले अनेक प्रकार के मसाले जैसे हल्दी, काली मिर्च, जीरा, दालचीनी, लौंग, इलाइची सब में औषधीय गुण पाया जाता है जिसका इस्तेमाल भारतीय सभ्यता में सनातन संस्कृति के अंतर्गत सदियों से होता चला रहा है जिसको सरकार अब घर-घर तक पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कुछ औषधि पौधों जैसे अश्वगंधा, ब्राह्मी, गिलोय, हड़जोड़, बेल इत्यादि का महाविद्यालय के वानस्पतिक उद्यान में रोपघ् भी किया गया।

### भाजपा नेता पर हमले के मामले में चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भाजपा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर हुए जानलेवा हमले के मामले में कार्रवाई जारी है। बुधवार को पुलिस उपायुक्त सिटी अभिषेक भारतीय ने जांच के बाद आज पीपल गांव चौकी प्रभारी आलोक उपाध्याय को लाइन हाजिर कर दिया। यह मामला तीन दिन पहले का है। कौशांबी के चायल ब्लॉक के पूर्व प्रमुख और वर्तमान भाजपा नेता सोनू कुमार पर हमला हुआ था। सोनू कुमार पीपल गांव चौकी क्षेत्र में अपने निजी आवास में रहते थे। रविवार को भूमाफिया जेपी दुबे और उनके गुर्गे सोनू कुमार की जमीन पर जबरन निर्माण करा रहे थे। पीड़ित सोनू कुमार ने फोन पर चौकी प्रभारी से शिकायत की , लेकिन उन्हें मौके पर जाकर खुद आने को कहा गया। जब सोनू कुमार मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों और तमंचे से हमला कर दिया।हमले में भाजपा नेता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सिविल लाइंस के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने इस संबंध में एयरपोर्ट थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी।पुलिस उपायुक्त सिटी अभिषेक भारती के निर्देश पर अपर पुलिस उपायुक्त अभिजीत कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जमीन कारोबारी जय प्रकाश दुबे, विशाल पासी, सुनील पासी और साहित्य नामक एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस पूरे प्रकरण में पीपल गांव चौकी प्रभारी की भूमिका पर सवाल उठे थे। डीसीपी सिटी को सौंपी गई जांच रिपोर्ट में चौकी प्रभारी की भूमिका संदिग्ध पाई गई, जिसके बाद आज उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया।

### प्रधानमंत्री मोदी को पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने दी बधाई

**वाराणसी।** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी है और साथ ही उन पर निशाना भी साधा है। मंडुआडीह स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश में जश्न मनाया जा रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री को उस हकीकत पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए, जहां करोड़ों लोग गरीबी और बेरा. `जगारी से जूझ रहे हैं। सरकार ने किसानों की एक भी मांग पूरी नहीं की। किसानों से केवल वादे किए गए, जो आज तक पूरे नहीं हुए। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों की जिंदगी 5 से 10 किलो राशन पर निर्भर है। रोजगार के नाम पर भी सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपने भीतर झांकने की जरूरत है। अडानी और अंबानी को छोड़कर देश की जनता के बारे में सोचना चाहिए। श्री मौर्य ने कहा कि हम सभी मां का सम्मान करते हैं।

# केशव, भूपेंद्र ने मोदी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

श्री मौर्य ने कहा है कि प्रधानमंत्री के अथक परिश्रम ने लोककल्या णकारी योजनाओं के माध्यम से देश के गरीब, शोषित, दलित और पीड़ित परिवारों को सम्मानजनक जीवन का अधिकार सुनिश्चित किया है।

उन्होंने लिखा घ्नए भारत को गढ़ने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जीवन एक साधक की सतत यात्रा है, जो मां भारती की सेवा और जनकल्याण को समर्पित रही है।

समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वर्गों के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री की नीतियां और उनके अथक परिश्रम ने लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के गरीब, शोषित, दलित और पीड़ित परिवारों को सम्मानजनक जीवन का अधिकार सुनिश्चित किया है।

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूलमंत्र के साथ आपने 'गरीब, युवा, महिला और किसान' के सशक्तिकरण को राष्ट्र निर्माण की धुरी बनाया है। संस्कृति और परंपरा की जड़ों को संजोते हुए आधुनिक और विकसित भारत के निर्माण का आपका संकल्प प्रत्येक वर्ग के उत्थान का आधार बना है।

# वाराणसी में दरोगा को पीटने के मामले में 60 के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के कचहरी परिसर में दरोगा की पिटाई करने में शामिल दस नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

मंगलवार को कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने बड़ागांव थाने में तैनात दरोगा मिथलेश कुमार प्रजापति की पिटाई कर घायल कर दिया था। घायल दरोगा का इलाज बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। इस मामले में बुधवार को कैंट थाने में 10 नामजद और 50 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई है। सेंट्रल बार एसोसिएशन ने इस मामले में जांच में सहयोग का आश्वासन दिया है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुकदमे में अजीत कुमार मौर्या, मोहित मौर्या, राजन पांडेय, अजीत वर्मा उर्फ राजा, अजित सिंह, सुमित सिंह, ईशान, आलोक सौरभ समेत दस लोगों को नामजद किया गया है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(2), 190, 118, 109(2), 311, 352, 132 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 13 सितंबर को बड़ागांव थाने में समाधान दिवस के दौरान भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था।

# माथे पर बेरोजगार लिखा साफा बांधे छात्रों ने निकाली बारात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर बुधवार को लखनऊ में समाजवादी छात्र सभा और एनएसयूआई के संयुक्त आह्वान पर लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने आईटी चौराहे पर बेरा. `जगारों की बारात निकाली। इस दौरान छात्रों के माथे पर बेरोजगार शब्द लिखा होने के साथ ही सिर साफे बंधे हुए थे,

वहीं कुछ छात्रों में गले मे माला और हाथ मे थाली भी थी। इस दौरान चौराहे पर हुए प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान छात्रों की पुलिस से हल्की झघ्प भी हुई। जिसके बाद पुलिस ने सभी छात्रों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया।



मजेदार, बात यह है कि घटनास्थल से थोघी ही दूरी पर लखनऊ कौशल मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय रोजगार मेला लगा हुआ है, जिसमे केंद्रीय कौशल विकास राज्यमंत्री जयंत चौधरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम है। आईटी चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ता राघवेंद्र ने कहा कि जब भाजपा की सरकार आई थी, तो कहा था हर साल दो करोड़ लोगों को नौकरी देंगे। मगर किसी को भी नौकरी नहीं मिली तमाम युवा आज ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। सरकार की एमएसएमई समेत तमाम योजनाएं फ्लॉप रही। इसलिए आज हम तमाम लोग सरकार से नौकरी हासिल करने के लिए बेरोजगारी बारात निकाल रहे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के वह तमाम छात्र जिन्होंने डिग्री लिया वह बाराती बने हुए हैं।

इस बारात के माध्यम से हम बनाना बताना चाहते हैं की रोजगार के मामले में सरकार की फिसढी साबित हुई। आईटी चौराहे पर प्रदर्शन के कुछ देर बाद समाजवादी छात्रसभा ने लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार एक पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। इस दौरान छात्र हाथ मे थाली और नारे लिखे हुए पट्टियां लिए हुए थे। छात्र प्रदर्शन के दौरान वोट चोर गद्दी छोघ् के नारे भी लगाए।

# स्पोर्टस कॉलेज के लिए 150 करोड़ जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महोबा जिले में निर्मित होने वाले सूबे के तीसरे स्पोर्ट्स कालेज के लिए 150 करोघ् रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी है।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने बुधवार को बताया कि स्पोर्ट्स कालेज के लिए चरखारी तहसील के अटकोहां गांव में भूमि का चयन किया गया है- यहां की 44-614 एकघ् भूमि को खेल विभाग के नाम दर्ज करके पूर्व में ही आरक्षित कर दिया गया था- शासन द्वारा अब इसके निर्माण के लिए बजट आवंटित करने ओर कार्यदायी संस्था यूपी स्टेट कांस्ट्राक्शन एन्ड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड को अधिकृत कर दिया गया है- जिससे अब इसका निर्माण कार्य शीघ्र आरम्भ होने की उम्मीद जगी है।

उन्होंने बताया कि महोबा जिले में खेल सुविधाओ के विकास के लिए स्पोर्ट्स कालेज की स्थापना की मांग स्थानीय लोगो द्वारा काफी समय से की जा रही थी। शासन ने विधान सभा में प्रश्नगत इस मांग पर तीन वर्ष मंजूरी प्रदान कर दी थी लेकिन बजट का आवंटन न होने के कारण स्पोर्ट्स कालेज का निर्माण कार्य आरम्भ नहीं हो पा रहा था। चरखारी में स्पोर्ट्स कालेज बनने से बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को खेलकूद के क्षेत्र में आगे बघ्ने का अवसर मिलेगा।

# खून से लिखा शुभकामना संदेश भेज कर पीएम को दी बधाई

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा में बुंदेली समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75 वें जन्म दिवस पर बुधवार को खून से लिखा शुभकामना पत्र भेज एक बार फिर पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग की। आल्हा चौक स्थित अम्बेडकर पार्क में बुंदेली समाज के 50 से अधिक कार्यकर्ताओ ने श्री मोदी को खून से 75 खत लिखे,

जिनमे उन्हें जन्म दिवस पर बधाई के साथ साथ बुंदेलखंड की विभिन्न समस्याओ का प्रमुखता से जिक्र करते हुये उनके समाधान की विनम्रता पूर्वक अपील की गयी। बुंदेली कार्यकर्ताओ ने पिछघ्े बुंद. `लखंड को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए उसे पृथक राज्य का दर्जा दिए जाने के साथ प्राकृतिक आपदाओ के कारण बर्बाद यहां किसानों के लिए विशेष पैकेज, युवाओं के लिए रोजगार ओर समूचे क्षेत्र को टेक्स फ्री जोन घोषित किये जाने की मांग की। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने कहा कि पिछले दिनों हुयी अति वृष्टि ने बुंद. `लखंड के किसानों की रीघ् तोघ् कर रख दी है, उन्हें सरकार से तत्काल मुआवजा के रूप में बघी मदद की दरकार है।

# दिल्ली ने उप्र से मांगा 50 एमजीडी पानी

## मंथन में जुटी सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दिल्ली सरकार राजधानी में कच्चे पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए गंगा से अतिरिक्त कच्चे पानी के लिए उत्तर प्रदेश के साथ बातचीत कर रही है। शासन से जुड़े एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि इसको लेकर जल्द ही दोनों राज्यों के बीच सहमति बन सकती है।

उन्होंने बताया कि, उत्तर प्रदेश सरकार से अतिरिक्त 50 एमजीडी (मिलियन गैलन प्रतिदिन) उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। बदले में, दिल्ली उपचारित अपशिष्ट जल उपलब्ध करा सकती है, जिससे सिंचाई के पानी की ज़रूरतें पूरी हो



सकती हैं। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली को 50 एमजीडी अतिरिक्त कच्चा पानी मिल सकता है। दोनों राज्यों के बीच बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। वर्तमान में, दिल्ली को अपनी दैनिक जल आपूर्ति का लगभग 26-5 प्रतिशत ऊपरी गंगा नहर के माध्यम से गंगा से प्राप्त होता है। दिल्ली जल बोर्ड नौ जल उपचार संयंत्रों और कई ट्यूबवेलों का संचालन करता है, जिनका कुल मिलाकर 1000 एमजीडी पानी की आपूर्ति का लक्ष्य है। सूत्रों के अनुसार हालांकि, शहर की पानी की मांग लगभग 1,250 एमजीडी ('50 गैलन प्रति व्यक्ति प्रति दिन' सूत्र के आधार पर) होने का अनुमान है, जो 250 एमजीडी के अंतर को दर्शाता है। अधिकारी ने कहा कि दिल्ली में प्रचुर मात्रा में उपचारित अपशिष्ट जल मौजूद है जिसका उपयोग नहीं हो रहा है। अधिकारी ने कहा, घ्अगर इस पानी का इस्तेमाल सिंचाई के लिए किया जा सके और अतिरिक्त कच्चा पानी उपलब्ध कराया जा सके, तो यह दोनों राज्यों के लिए फ़ायदेमंद स्थिति हो सकती है।

# डाक्टरों ने महिला के पेट से निकाला 20 किलो का ट्यूमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित बलरामपुर अस्पताल के सर्जन और डॉक्टरों की टीम ने मंगलवार को सर्जरी कर एक महिला के पेट से 20 किलो का ट्यूमर निकालने में सफलता पाई है।

डॉक्टरों के मुताबिक महिला अब पूरी तरह से स्वस्थ है। डॉक्टरों ने दावा किया है कि इस तरह का जटिल ऑपरेशन करके पहली बार इतना बड़ा ट्यूमर निकाला गया है। फैजाबाद निवासी रामधीरज की पत्नी शैलेश कुमारी (45) के पेट में सूजन व दर्द, भूख न लगना, कमजोरी की शिकायत थी। पेट बहुत फूला हुआ था। परिवारीजन बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में 10 सितंबर को पहुंचे। यहां सर्जन



डॉ. एसके सक्सेना ने महिला को देखा। आवश्यक जांच के दौरान पता चला कि महिला के पेट मे बघ ट्यूमर है। जांच करके तुरंत ही महिला मरीज को भर्ती कर लिया। डॉक्टरों के मुताबिक महिला को परिवारीजनों ने फैजाबाद, लखनऊ के कई अस्पतालों में दिखाया था, लेकिन वहां से कोई लाभ नहीं मिला। डॉ. एसके सक्सेना ने बताया कि महिला को खून की कमी थी। इसलिए पहले खून चढ़वाया गया। फिर सारी तैयारी करके मंगलवार को ऑपरेशन किया गया। करीब ढाई घंटे ऑपरेशन चला। सर्जन डॉ. एसके सक्सेना के अलावा जेआर डॉ. श्रीनाथ, नर्सिंग ऑफिसर उर्मिला व अंजना समेत पूरी टीम ने ऑपरेशन में कड़ी मेहनत की। डॉ. सक्सेना ने बताया कि ढाई घंटे चले ऑपरेशन में कई टुकड़े करके ट्यूमर को बाहर निकाला गया। इतने वजन के ट्यूमर की वजह से महिला के खाने की नली, छोटी व बड़ी आंत, लैट्रिन का रास्ता, पेशाब की थैली दबी हुई थी। ऑपरेशन के दौरान सभी अंगों को सुरक्षित करते हुए सावधानी से ट्यूमर निकालने में सफलता पाई गई। ट्यूमर में ठोस और द्रव्य दोनों अवयव थे। मरीज अभी भर्ती है।

# सड़क किनारे शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव रेलवे लाइन के किनारे सड़क पर पाया गया। शव की स्थिति देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक को चार पहिया वाहन द्वारा घसीटकर लाया गया और फिर भूपगंज बाजार से होते हुए रेलवे लाइन के पास छोड़ दिया गया। मृतक की उम्र लगभग 20 वर्ष प्रतीत हो रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह लगभग छह बजे, स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर युवक का शव पड़ा देखा। घटना की जानक. ारी मिलने के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को तुरंत इसकी सूचना दी। पुलिस शव की शिनाख्त करने और पूरे मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना भूपगंज बाजार से सीधे रेलवे लाइन के किनारे आने-जाने वाले मुख्य मार्ग पर हुई, जिससे वहां के लोगों में रोष और भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही सीसीटीवी फुटेज की जांच करेंगे और आरोपी वाहन तथा उसके चालक का पता लगाने की कोशिश करेंगे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow NR Division Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | MPS-AY-25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Multi-Purpose Stall (BPL Category) at Ayodhya Dham Station of Lucknow Division for a period of five (05) years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12-09-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29-09-2025 at 10:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 29-09-2025 at 10:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2854/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पुलिस की मौजूदगी में हुआ जानलेवा हमला, दबंगों पर कोई कार्रवाई नहीं

## पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** न्यायालय के पारित आद. ेश के वाद खेत की जमीन पर ठिए लगवाने पहुंचे राजस्व निरीक्षक पुलिस बल की मौजूदगी में खेत स्वामी के पति पर हुआ जानलेवा हमला जिसकी तहरीर थाना पुलिस को दी गई तथा इसकी वीडियो भी वायरल हो गई है उसके बावजूद भी सत्ता पक्ष के नेता के दबाव के चलते थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई करना उचित नहीं समझा नगर पंचायत दहंगवा निवासी मधुबाला पत्नी गिरीश कुमार ने थाना पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया है कि उनके खेत ग्राम अंतर में है जो की मौके पर गाटा संख्य 263 का रकबा बहुत कम होने के कारण इस संबंध में माननीय न्यायालय सहसवान के यहां पर मुकदमा दायर किया था बाद में न्यायालय उप जिला अधिकारी के पारित आदेश के अनुपालन में राजस्व निरीक्षक सतीश चंद्र शर्मा ने पुलिस बल मौजूदगी में 19 नवंबर सन 2023 को पक्के ठिए लगाए गए राजस्व निरीक्षक एवं पुलिस बल के साथ चले जाने के बाद अंतर निवासी रामफल पुत्र डोरी, मीना पत्नी रामफल दौजी पुत्र देवी और प्रसादी पुत्र शोभाराम ने माननीय न्यायालय के आदेश के अवेहलना कर गंदी गंदी गलियां व जान से मारने की धमकी देते हुए पक्के ठिए उखाड़ दिए गए और सीमांकन चिन्ह मिटा दिए गए इस संबंध में इन चारों के खिलाफ माननीय न्यायालय पर न्यायाधीश सहसवान में विचाराधीन है तथा तहरीर में बताया गया है कि दिनांक



30 मई 2025 को माननीय न्यायालय द्वारा पुनः ठिए लगवाने के आदेश पारित हुआ राजस्व निरीक्षक किशन लाल ने न्यायालय के आदेश अनुपालन में दिनांक 13.9.25 को ठिए लगवाने मौके पर पहुंचे उनके साथ में जमीन स्वामी भी था राजस्व निरीक्षक किशन लाल मौके पर चारपाई पर बैठकर और जमीन स्वामी को गंदी-गंदी गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए रामफल ने अपने बेटे विकास व अपनी पत्नी मीना से लोहे के गोदारे से प्रहार करने को उकसा दिया मौके पर मौजूद लोगों ने बड़ी मुश्किल से मीना के प्रकार प्रहार से उन्हें बचाया गया इस दौरान वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने वीडियो भी बना ली उसके बावजूद भी थाना पुलिस ने दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई करना उचित नहीं समझा जिसकी वीडियो भी जमकर वायरल होती नजर आ रही है।

# गौकशी करने आए बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, चार गिरफ्तार

## एक बदमाश फरार मुठभेड़ के दौरान एक सिपाही भी घायल




### एक बदमाश के पैर मे लगी गोली

**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह मय फोर्स के देख रेख शान्ति व्यवस्था व रोक थाम जुर्म जरायम में मामूर थे कि जरिये मुखबिर खास सूचना दी गयी कि साहब जो 13.09.2025 को गोवंशीय पशुओं के अवशेष कुँए मिले थे, तथा 14.09.2025 जो गोवंशीय पशुओं के अवशेष गुलजार के खेत में मिले थे उन्हीं व्यक्तियों द्वारा आज गैरआबाद ग्राम जुनैदपुर व खंदक के बीच में जो जंगल है उसी जंगल में खाली पडे खेतो में आज पुनः गोवंशीय पशुओं का वध किया जायेगा यदि जल्दी की जाये तो गोवंशीय पशुओं को वध करने से रोका जा सकता है क्योकि वहाँ पर एक दो लोग आ चुके है, तथा अन्य व्यक्ति भी कुछ समय बाद आ जायेगें इस समय पर प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुँचे तो दो बदमाशो द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत फायरिंग कर दी गयी जिसमें का0 नितिन बालियान घायल हो गया पुलिस पार्टी द्वारा जबाबी फायरिंग की गयी तो एक बदमाश बहारे आलम पुत्र रईस अहमद निवासी मौहल्ला कटरा थाना सहसवान जनपद बदायूँ घायल हो गया जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व खोखा 315 बोर व एक जिन्दा 315 बोर तथा गौवध करने के उपकरण बरामद हुए तथा अभियुक्त मौहम्मद शमशेर उर्फ समशीर पुत्र नन्हें खान निवासी मौहल्ला नई बस्ती शहबाजपुर थाना सहसवान जनपद बदायूँ भाग गया मौके से भागे तथा गौवंशी पशुओं का वध करने आने वाले शेष अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठन कर टीमो को रवाना किया गया दौराने काम्बिंग टीम प्रथम टीम उ0नि0 यशपाल सिंह मय फोर्स के मुखबिर की सूचना पर पुलिस पार्टी पर जान से मारने नीयत से फायरिंग करने वाले अभियुक्त मौहम्मद शमशेर उर्फ शमसीर पुत्र नन्हें खान निवासी मौहल्ला नई बस्ती शहबाजपुर थाना सहसवान जनपद बदायूँ को गोपालगंज से आनन्दीपुर जाने वाले रास्ते पर समय करीब 07. 56 बजे गिरफ्तार किया गया जिसकी जामा तलाशी फायरिंग में प्रयुक्त एक अदद तमंचा 315 बोर मय दो अदद जिन्दा कार0 315 बोर व एक खोखा कार0 बरामद हुए, तथा फायरिंग के दौरान अन्य खोखा कार0 जंगलों में फैंकना बताया। अभियुक्त मौहम्मद शमशेर उर्फ शमसीर द्वारा पूछताछ पर अभियुक्त बहारे आलम के बयानो का समर्थन किया गया तथा गौकशो को गौवशं पशु उपलब्ध कराने वाले ओमेन्द्र पुत्र पान सिंह निवासी ग्राम कैशो की मढैय्या थाना सहसवान जनपद बदायूँ व मनोज पुत्र सोरन सिंह निवासी ग्राम फतनपुर टप्पा हवेली थाना सहसवान जनपद बदायूँ को काम्बिंग के दौरान बिसौली रोड पर ग्राम होतीपुर को जाने वाले रास्ते पर मोड के पास से उ0नि0 रजनीश कुमार मय हमराही फोर्स के समय करीब 7.30 बजे गिरफ्तार किया गया । ओमेन्द्र व मनोज द्वारा गौवंशीय पशुओं को उपरोक्त गौकशी करने वालो को उपलब्ध कराते थे, तथा उनके मांस की बिक्री कराते थे, और बिक्री से प्राप्त रूपयो को आपस में बराबर बराबर बांट लेते थे पुलिस मुठभेड के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 388/25 धारा 109/352 ठछै (पुलिस मुठभेड) व 3/25(1&B)(ं)/27 A ACT बनाम 1. बहारे आलम पुत्र रईस अहमद निवासी मौ0 कटरा शहबाजपुर थाना सहसवान बदायूँ 2. मौहम्मद शमशेर उर्फ समशीर पुत्र नन्हें खान निवासी मौहल्ला नई बस्ती शहबाजपुर थाना सहसवान जनपद बदायूँ पंजीकृत किया गया है। उपरोक्त चारों अभियुक्तो को समय से नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

# पुलिस ने डा. हृदेश कठेरिया को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ऑल इण्डिया रिपोटर्स एसोसिएशन आईरा वदायूं टीम ने आईरा जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिंह कठेरिया के नेतृत्व मे आईरा पदाधिकारियों के शिष्ट मंडल ने मुलाकात की तथा नवागत एस पी आर ए ग्रामीण को भारत माता का चित्र डायरी गमला देकर तथा अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया , तथा पत्रकारो तथा पुलिस मे आपसी समन्व्य ग्रामीण क्षेत्र मे कानून व्यवस्था तथा समाचार संकलन तथा पत्रकारो की समस्याओ को लेकर चर्चा हुयी , आईरा के शिष्ट मंडल मे आईरा जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिह कठेरिया आईरा जिला प्रभारी ठा नरेन्द्र सिह जिलाउपाध्यक्ष नरेन्द्र चौहान तहसील प्रभारी आईरा रोहित मिश्रा तहसील उपाध्यक्ष प्रशांत मैजूद रहे ।

# पिनेकल स्कूल में बच्चों ने बनाई भगवान विश्वकर्मा की अद्भुत तस्वीरें

**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** नगर के पिनेकल इंटरनेशनल एकेडमी में बच्चों के द्वारा अद्भुत कला का प्रदर्शन देखने को मिला। बच्चों ने बहुत ही खूबसूरत तरीके से भगवान विश्वकर्मा की तस्वीरें उकेरी। जिसमें कक्षा 9 व 8 के छात्र हर्षित चौहान व केशव शंखधार ने मनमोहक तस्वीरें प्रस्तुत की। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से



10 तक के छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर रवि जौहरी ने कहा कि यह पर्व परिश्रम, सृजन, नवाचार और समन्वय की प्रेरणा देता है, जो आधुनिक युग में भी अत्यंत प्रासंगिक है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह ने कहा कि यह दिन कर्मयोग का पालन करने और कार्य के प्रति समर्पण दिखाने का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय की तरफ से शरद यादव, प्रतिभा मिश्रा, वेंकटेश शंखधार, रोली सिंह, गीता मौर्य, केशव पाराशरी, ज्योति शर्मा, शालिनी पाराशरी, पायल, पूनम राणा, चिराग आदि स्टाफ ने बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# ग्रुप ने जायंट्स सप्ताह का प्रथम दिवस मानसिक मंदित आश्रय गृह केंद्र पर मनाया



**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला समृद्धि के द्वारा जायंट्स सप्ताह के शुभारंभ के प्रथम दिवस पर प्रभात ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा संचालित मानसिक मन्दित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र बिसौली में मंदबुद्धि बच्चों के लिए भोजन, वस्त्र का वितरण किया गया। वहां पर रह रहे सभी संवासी भोजन और वस्त्र प्राप्त कर के बहुत खुश हुए। जायंट्स ग्रुप की अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल ने कहा कि हम सभी जायंट्स सप्ताह के अंतर्गत सातों दिन अलग-अलग प्रोजेक्ट करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान ग्रुप की अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, सचिव आंचल वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष ऋतु साहनी, पारुल अग्रवाल, रूपम गुप्ता, कंचन सक्सेना, डॉक्टर स्वाति रंजन, सरिता वार्ष्णेय, रोजी अग्रवाल, मानसी गर्ग, राखी वार्ष्णेय, शिवानी अग्रवाल, रूबी अग्रवाल, अनुष्का गर्ग, ममता यादव, स्मिता यादव, रुचि वार्ष्णेय, सपना वार्ष्णेय, प्रीति वार्ष्णेय, रोचन अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, सिम्मी साहनी, राधिका अग्रवाल, पिंकी वार्ष्णेय, आदि सदस्य उपस्थित रही।

# पंचायत सहायिकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** पंचायत सहायकों का चार दिवसीय सत्र का उद्घाटन अशोक कुमार सिंह तोमर ने दातागंज रोड स्थित पटेल गार्डन मे किया । इस कार्यक्रम में विकास खंड इस्लामनगर एवं विकास खंड म्याऊँ के पंचायत सहायकों ने प्रतिभाग किया । सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों का परिचय कराया गया उसके उपरांत ग्राम सभा , ग्राम पंचायत,ग्राम सभा का कोरम , गठन , एवं बैठक के बारे में मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार सक्सेना ने विस्तार पूर्वक चर्चा की ।



मास्टर ट्रेनर अंजलि सागर में मातृभूमि योजना के बारे में चर्चा की ।मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत में समितियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया । वरिष्ठ प्रशिक्षक अशोक कुमार सिंह तोमर एवं रुपेन्द्र पटेल ने सतत विकास लक्ष्य ,एल ,एस , जी ,डी आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया ।प्रशिक्षक अमरीश पटेल ने 17 गोल के बारे में चर्चा की ।यह प्रशिक्षण ग्राम पंचायत विकास में मील का पत्थर साबित होगा । पंचायत सहायक पूरे उत्साह से इस प्रशिक्षण में प्रतिभाग करें । एवं जो बातें प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताई जा रही हैं उनको अपने ग्राम पंचायत में अमल में लाये । इस मौके पर गरिमा देवी , स्वाती , सरिता दुबे, शारदा देवी ,खातून ,पूनम कुमारी, आनंद कुमार यादव, विकास कुमार दक्ष , मनोज कुमार , सचिन कुमार ,राजेश्वरी देवी, आकाश कुमार सिंह, मीरा देवी, कीर्ति ,सरिता देवी , आदि लोग मौजूद रहे ।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर चलाया सफाई अभियान



**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** प्रधानमंत्री मोदी जी के 75 वे जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी के मण्डल सहसवान नगर के कार्यकर्ता द्वाराष्स्वच्छता ही सेवा हैष के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आज सरसोता मंदिर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया पूरे प्रांगण की सफाई की मंडल अध्यक्ष पीयूष माहेश्वरी के साथ मंडल उपाध्यक्ष जेयंत शर्मा, पूर्व सभासद दीपक लाला एवं अन्य कई लोग इस कार्यक्रम मे शामिल हुं।

# शोक संवेदना व्यक्त करने दबतोरी पहुंची फायर ब्रांड नेत्री साध्वी प्राची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** विश्व हिंदू परिषद की फायर ब्रांड नेत्री साध्वी प्राची शोक संवेदना व्यक्त करने राज मिश्रा के घर दबतोरी पहुंची। परिवार को इस दु:ख की घड़ी में ढांढस बंधाया। ज्ञात रहे विगत दिनों समाज सेवी राज मिश्रा के बड़े भाई नीरेंद्र मिश्रा का निधन हो गया था। शोकाकुल परिवार दबतोरी निवासी राज मिश्रा के घर फायर ब्रांड नेत्री साध्वी प्राची शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंची। साथ ही उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज मिश्रा, सुरेश मिश्रा,घनेंद्र मिश्रा,बबलू मिश्रा,नरेंद्र मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा,धर्मेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को जिला पुरुष चिकित्सालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री के वक्तव्य के सजीव प्रसारण से हुई, जिसे बड़े ध्यान और भावभीनी अनुभूति के साथ जनमानस ने देखा। समापन अवसर पर केक काटकर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। लाइव के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। अभी कल ही देश और दुनिया ने देखा है, फिर एक पाकिस्तानी आतंकी ने रो-रो कर अपना हाल बताया है। प्रधानमंत्री ने कहा, "आज ही के दिन देश ने सरदार पटेल की फौलादी इच्छा शक्ति का उदाहरण देखा था। भारतीय सेना ने हैदराबाद को अनेकों अत्याचारों से मुक्त कराकर, उनके



अधिकारों की रक्षाकर भारत के गौरव को पुनः स्थापित किया था। देश की इतनी बड़ी उपलब्धि को, सेना के इतने बड़े शौर्य को कई दशक बीत गए, कोई याद करने वाला नहीं था, लेकिन आपने मुझे मौका दिया, हमारी सरकार ने 17 सितंबर की हैदराबाद की घटना को अमर कर दिया। हमने भारत के एकता के प्रतीक इस दिन को हैदराबाद लिबरेशन डे के रूप में मनाने की शुरुआत की है।" केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कार्यक्रम में कहा कि जब से मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, वे 17-18 घंटे देश के हित में काम करते हैं। वे केवल प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि "प्रधान सेवक" के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि वे 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हैं और आज पूरे देश के लोग उनके जन्मदिन पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। उन्होंने कामना की कि उनके नेतृत्व में भारत दृढ़ता से उन्नति के पथ पर ऐसे ही आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम का एक विशेष उद्देश्य बेटियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। समारोह में यह संदेश दिया गया कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं चाहे वह कृषि क्षेत्र हो, चिकित्सा सेवा हो, तकनीक हो या सुरक्षा, बेटियां हर जगह नाम रोशन कर रही हैं।

# तिलहनी फसलों के क्लस्टर प्रदर्शन हेतु आवेदन आमंत्रित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में संचालित नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीडस) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में रबी-2025 में आयोजित कराये जाने वाले तिलहनी फसलों के क्लस्टर प्रदर्शन वैल्यू चेन पार्टनर के माध्यम से कराये जाएंगे, और एफ0पी0ओ0/सहकारी समितियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैल्यू चौन पार्टनर के चयन हेतु एफ0पी0ओ0/सहकारी समितियों के लिए पात्रता मापदंड यह हैं कि कम्पनी अधिनियम या सहकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत होना चाहिए, जनपद में क्लस्टर बनाकर कृषि कार्य करने का कम से कम 03 वर्ष का अनुभव होना चाहिए तथा कम से कम 200 किसान एफ०पी०ओ० या सहकारी समिति में पंजीकृत होने चाहिए। पिछले 03-वर्षों में औसत वार्षिक कारोबार 09 लाख रुपये से अधिक होना चाहिए। एफ०पी०ओ० में किसानों द्वारा कम से कम 03 लाख रुपये की इक्विटी। सरकार द्वारा किसी भी इक्विटी अनुदान के प्राप्तकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। 10 हजार एफ०पी०ओ० योजना के अन्तर्गत गठित एफ०पी०ओ०, नैफेड, एन० एस०सी०-ओ०एस० आदि सार्वजनिक एजेंसियों के साथ पंजीकृत तिलहन से जुड़े एफ०पी०ओ० को निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन वरीयता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी एफ०पी० ओ०/ सहकारी समितियों को नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीडस) वित्तीय वर्ष 2025-26 योजनान्तर्गत वैल्यू चौन पार्टनर के रूप में कार्य करने के इच्छुक है और यह अर्हताएँ पूर्ण करते हो, वह अपना आवेदन 22. सितम्बर 2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय उप कृषि निदेशक, बदायूँ में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु कार्यालय उप कृषि निदेशक, बदायूँ में समयावधि में कार्यालय दिवसों में सम्पर्क किया जा सकता है।

# 122 लाभार्थियों को 13.73 लाख के 626 सहायक उपकरण वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत पूर्व से चयनित 122 लाभार्थियों को 13 लाख 73 हजार रूपए के 626 सहायक उपकरण वितरित किए गए। बुधवार को राजकीय मेडिकल कालेज स्थित प्रधानमंत्री दिव्यांश केन्द्र में 75वें सामाजिक अधिकारिता शिविर आयोजित हुआ। भारत सरकार के राज्यमंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता बी0एल0 वर्मा तथा उत्तर प्रदेश की राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा जनपद प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण वितरित किए। राज्यमंत्री बी0एल0 वर्मा ने कहा कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक इसी प्रकार सेवा पखवाड़ा चलता रहेगा और सेवा भाव से सेवा में लगे रहेंगे। प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित करने के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। कन्याओं तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि जरूरत मंदों की सहायता करने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कराना भी शामिल है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने अपने सम्बोधन में राज्यमंत्री बी0एल0 वर्मा से मांग की कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर की भांति जनपद में भी एक संस्था कायम कराने का प्रयास किया जाए तो यहां के दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत सुविधाजनक होगा। कार्यक्रम में 05 मोटराइज्ड ट्राई साईकिल, 72 फोल्डिंग व्हील चेयर, 93 वाकिंग स्टिक (छड़ी), 08 वॉकर, 08 कान की मशीन, 58 सिलिकॉन फोम कुशन, 17 सर्वाइकल कॉलर, 18 चेयर कमोड सहित, 21 व्हील चेयर कमोड सहित, 08 टेट्रापॉड/ट्राईपॉड, 212 नी ब्रेस एवं 106 एल0एस0 बेल्ट सहित कुल 626 उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारती, जिला उपाध्यक्ष शादेन्दु पाठक तथा पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।



# धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के बालाजी बलदेव धाम पहुंचने पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम

**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** बुधवार को बालाजी बलदेव धाम, गुधनी में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम तब देखने को मिला, जब धाम के महंत श्री ललितेश्वर महाराज और बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एक ही मंच पर विराजमान हुए। महाराज जी के बागेश्वर धाम पहुँचने पर शास्त्री जी ने गुरुमां के आदेशानुसार घर जाकर गुरु माता के हाथों से प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद उन्होंने राम मंदिर परिसर स्थित अपने आवास पर लगभग 25 मिनट तक प्रभु चर्चा की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सांस्कृतिक महत्ता, हिंदुत्व के संदेश और बालाजी बलदेव धाम में स्थापित होने वाली श्री हनुमान जी महाराज की विशाल प्रतिमा के अनावरण विषय पर विस्तार से अपने विचार साझा किए। वसंत मिलन की इस पावन घड़ी में पहले हल्की - फुल्की हंसी - मजाक की मधुर रसधारा बही, तत्पश्चात दोनों महापुरुष गहन धर्म - चर्चा में लीन हो गए। दिव्यता से आलोकित इस क्षण में महंत ललितेश्वर महाराज ने 5 नवम्बर को होने वाले प्रतिमा अनावरण महोत्सव का स्नेहपूर्ण निमंत्रण शास्त्री जी को भेंट किया, जिसे उन्होंने बड़े आदर और प्रेम से स्वीकार करते हुए प्रभु इच्छा अनुसार आने का आश्वासन दिया। यह समाचार सुनते ही पूरा धाम जय श्री राम और पावन हनुमान के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु इस दिव्य संगम को अपने जीवन का दुर्लभ अवसर मानते हुए भावख्रविभोर होकर दर्शन लाभ प्राप्त करते रहे। यह अद्भुत मिलन न केवल भक्तों के लिए आस्था और भक्ति का अनुपम पर्व बना, बल्कि क्षेत्र के आध्यात्मिक इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित होने योग्य एक अविस्मरणीय क्षण के रूप में दर्ज हो गया।

# प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिवस चिकित्सकों ने मरीजों का किया उपचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला अस्पताल कैंपस में चिकित्सकों ने आने वाले मरीजों की जांच, परामर्श उपचार भी किया।स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विभागों ने कैंपस में अपने-अपने स्टॉल लगाए। कैंप में डॉ वागीश वार्ष्णेय, डॉ गजेंद्र वर्मा, डॉ अमित वार्ष्णेय, डॉ एसएम कमल, डॉ पीयूष मोहन अग्रवाल, डॉ नरेश पाल ने आने वाले मरीजों को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति के रूप में एक नाटक भी प्रदर्शित किया गया, जिसने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी अवनीश राय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार सहित सम्बंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों, सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी की। समापन में सभी उपस्थित जनप्रति. निधियों एवं आयोजकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 75 वें जन्मदिन पर बधाई दी और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे सेवा भावना के साथ जुड़कर स्थानीय स्तर पर बेटियों के स्वास्थ्य तथा सशक्तिकरण के लिये मिलकर कार्य करें। इसके अलावा प्रधानमंत्री के जनदिन के मौके पर सफाई अभियान भी चलाया गया। नि:शुल्क कोचिंग एवं रक्तदान शिविर का उद्घाटन भी किया गया।

# इश्क के तूफान में रिश्तों का हाइवे क्रॉस

- साली को लेकर जीजा फरार
- जीजा की बहन को लेकर साला फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर में रिश्तों की डोर ऐसी उलझी कि पूरा इलाका चर्चा का केंद्र बन गया। यहां एक युवक अपनी पत्नी और दो बच्चों को छोड़कर साली संग भाग निकला। लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई, अगले ही दिन उसी युवक का साला भी उसकी बहन को लेकर फरार हो गया।

दरअसल, छह साल पहले नवाबगंज इलाके की युवती से यहां के युवक की शादी हुई थी। दोनों के दो मासूम बच्चे भी हैं। बावजूद इसके युवक का दिल अपनी साली पर आ गया। दूसरी ओर, युवक की बहन और उसके साले के बीच भी मोहब्बत का रिश्ता पनपने लगा। 23 अगस्त को युवक अपनी साली को लेकर गायब हो गया। घरवाले सकते में ही थे कि अगले ही दिन युवक का साला भी जीजा की बहन को लेकर फरार हो गया। यह सिल. सिला पूरे गांव के लिए सनसनीखेज चर्चा का विषय बन गया। पत्नी का गुस्सा और पुलिस की एंट्री पति की हरकत से नाराज पत्नी ने पहले परिवार वालों से नाराजगी जताई, जब समाधान न निकला तो नबाबग. ंज कोतवाली पहुंच गई। पुलिस ने फौरन दबिश देकर दोनों युवक-युवतियों को बरामद कर लिया। फिर कोतवाली नबाबगंज में बदला माहौल, समझौते की टेबल पर खत्म हुआ विवाद। पुलिस को लगा मामला गंभीर है। मगर कोतवाली में आमने-सामने बैठने के बाद दोनों परिवारों ने आपसी सहमति बना ली। नबाबगंज इंस्पेक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों में से किसी पक्ष ने कानूनी कार्रवाई की मांग नहीं की, और मामला यहीं खत्म कर दिया गया।

# खत्म हो चुकी हैं सरकार की संवेदनाएंः आजाद



- बरेली में गरजे हुए बोले चंद्रशेखर आजाद यूपी विनाश के रास्ते पर है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि यूपी विकास के रास्ते पर नहीं, विनाश के रास्ते पर है। वाराणसी में जन्म के दो घंटे बाद नवजात और उसकी मां को अस्पताल से निकाल दिया गया। इस सरकार में संवेदनाएं खत्म हो चुकी हैं। मुसलमानों पर अत्याचार हो रहा है। कमजोर वर्ग के लोगों के अधिकारों को छीनने का काम किया जा रहा है। देश में नेपाल जैसे हालात हो रहे हैं। लोगों का सरकार से भरोसा उठ रहा है।

बरेली में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि देश में सरकार कहती है हम चांद पर जा रहे हैं, जबकि हकीकत कुछ और है। जातिगत जनगणना में आर्थिक गणना भी की जाए। जातिगत जनगणना 1931 के बाद से संपूर्ण जनगणना नहीं हुई है। समय आ गया है कि धन धरती में बंटवारा होना चाहिए। मंडल कमीशन की सारी सिफारिशें लागू होनी चाहिए।

## बैलेट पेपर से होना चाहिए चुनावः आजाद

नगीना सांसद ने कहा कि ईवीएम से लंबे समय से चुनाव हो रहे हैं। जनता का भरोसा कम हो रहा है। बैलेट पेपर से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों पर कुदरत की मार है। न जमीन बची न फसल, फिर छुट्टा पशुओं ने फसल को बर्बाद किया। अब गुलदार की वजह से किसान खेत में नहीं जा पा रहा है। बिजनौर में आठ साल के बालक का गुलदार ने मार दिया। अगले दिन नौ साल के बच्चे को, अगले दिन एक महिला को मार दिया। क्या गरीब, मजदूर, किसान की जान अहमियत नहीं रखती।

उन्होंने कहा कि देश का एक बड़ा हिसा गांव में रहता है। इन सरकारों को गरीबों के खून से सनी दीवारें नहीं दिखाई देती हैं। चारों तरफ से किसानों की आफत आ गई। यूरिया की व्यवस्था भी सरकार नहीं करा पा रही है। लो. कतांत्रिक व्यवस्था में हमें बाबा साहब की वजह से वोट का अधिकार मिला है। बेटियों को भी बेटों जितना मौका देना चाहिए। बेटियां पढ़ेंगी तो तीन पीढ़ियां सुधरेगी।

## संत पर साधा निशाना

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि मेरठ में एक कथा चल रही है। जो अपने आपको संत कहते हैं। मेरठ में आकर कहते हैं मिनी पाकिस्तान में आ गए हैं। पहले तो उनको दिखता नहीं है। वो खुद कहते हैं बचपन से मेरी आंखें नहीं हैं। जनता को उनसे ज्ञान लेना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि संविधान पर खतरा मंडरा रहा है। हम लोग संविधान की वजह से सुरक्षित हैं। ये संविधान ही है कि हेडमास्टर का बेटा आज आपके सामने खड़ा है। आगे कहा कि लगातार सरकारी विभागों को बेचा जा रहा है। सरक. ारी विभागों में नौकरियों खत्म की जा रही हैं। इस निकम्मी सरकारी व्यवस्था ने बेड़ियां डाल रखी है।

# दो अक्टूबर तक स्वास्थ्य शिविर और 16 तक चलेगा राष्ट्रीय पोषण माह

- गांव-गांव पहुंचेगी स्वास्थ्य सेवाएं, हर दिन लगेंगे शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के धार जिले से राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारम्भ किया। प्रधानमंत्री के उक्त अवसर पर दिए गए उदबोधन का जनपद के जीआईसी सभागार में सजीव प्रसारण किया गया, जिसको जनसमूह ने उत्साह के साथ सुना।

इस अवसर पर जीआईसी सभागार में सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, महापौर डॉ0 उमेश गौतम एवं जिलाधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में आज स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान (17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025) तथा 8वें राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितंबर से 16 अक्टूबर 2025) तक का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह कहा कि हर नागरिक को इस अभियान को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान, पोषण सुधार और जीवन शैली में बदलाव जैसे संकल्पों को जनांदोलन बनाने पर बल दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी माताओं, बहनों और बेटियों के स्वास्थ्य और सम्मान को सर्वोपरि मानते हुए इस अभियान को सफल बनाएं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ वितरित किया गया। एआई पर आधारित चौट बोर्ड के माध्यम से गर्भवती महिला व बच्चों के स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी हेतु विकसित सुमन सखी का लोकार्पण किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि जनपद बरेली में 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 26 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 355 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एवं 36 शहरी आरोग्य मन्दिरों में स्वास्थ्य शिविरों में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। उक्त स्वास्थ्य शिविरों में कुल 488 केन्द्रों में चिकित्सक एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं में गैर-संचारी रोगों (जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की गहन जांच की जाएगी। किशोरियों एवं महिलाओं में एनीमिया की स्क्रीनिंग की जाएगी।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत चयनित 180 महिलाओं में से 19 महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया, अवशेष को जिला उद्योग केन्द्र से मशीनों का वितरण होगा। इसके साथ ही पांच महिलाओं की गोद भराई तथा पांच बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया।

चार लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरण किए गए। 8वें राष्ट्रीय पोषण माह की रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर निदेशक स्वास्थ्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपायुक्त उद्योग विकास यादव सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पांच दर्जन मान्यता प्राप्त विद्यालयों को नोटिस जारी, मचा हड़कंप

- दो दिन में कार्य पूरा न करने करने पर कार्रवाई की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** भारत सरकार द्वारा संचालित यू डाइस पोर्टल पर बच्चों के डाटा फीडिंग का कार्य प्रत्येक वर्ष किया जाता हैं। उक्त कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध होता है। ब्लॉक रिछा (दमखोदा) के खण्ड शिक्षा द्वारा 59 मान्यता प्राप्त विद्यालयों जिनके द्वारा यू डाइस का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, उनको नोटिस जारी किए गए हैं, और दो दिन में कार्य पूरा न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार द्वारा शफीक इंटर कॉलेज अर्सियाबोझ, केसरीलाल भानवती इंटर कॉलेज भोपतपुर, शफीक पब्लिक स्कूल अर्सियाबोझ, जनता पब्लिक स्कूल देवरनियां, सरदार पटेल इंटर कॉलेज फरीदपुर (बहेड़ी), दयानन्द इंटर कॉलेज खड़ा रामनगर, रजा इंटर कॉलेज देवरनियां, महाश्री दयानन्द स्कूल, एनडी पब्लिक स्कूल पिपरा नानक. ार, सरदार पटेल जूनियर हाईस्कूल, दीप प्रशान्त पब्लिक स्कूल, बिहारी लाल जूनियर हाईस्कूल, दा ग्रीन बल्ड स्कूल, श्री छेदालाल पब्लिक स्कूल, मान पब्लिक स्कूल, फैजाने सदात इंटर कॉलेज देवरनियां, भीमराम अम्बेडकर पब्लिक स्कूल, सरदार वल्लभ भाई पटेल जूनियर हाईस्कूल, डा. भीमराव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल, श्री सरदचम्द्र मानटेसरी स्कूल, मदरसा इस्लामिक तहजीब एकेडमी, शिवा पब्लिक स्कूल, सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज कुंडरा कोठी, जीएल पब्लिक जूनियर हाईस्कूल, श्रीकृष्णा एकेडमी मनुनागर, जयप्रकाश जूनियर हाईस्कूल, जीआर पब्लिक स्कूल, मदरसा अलजामियातुल इस्लामिया गुलशने बगदाद, मोहम्मदिया अरबि गर्ल्स जूनियर हाईस्कूल, एनजीएल पब्लिक जूनियर हाईस्कूल, सावित्री बाल विध्या मंदिर, आनन्द भूषण मेमोरियल इंटर कॉलेज मुंडिया नबीबख्श, एचएमआई इंटरनेशनल स्कूल रिछा, समाज कल्याण एंड बाल जूनियर हाईस्कूल, आनन्द बाल बिहार, अन्तोदय यूएमवी भूड़ा बहादूरपुर, डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर हाईस्कूल, अन्तोदय पब्लिक जूनियर हाईस्कूल भूड़ा बहादूरपुर, मदरसा जहानगीरिया असानुल बरकात, मदरसा जामिया नूरिया गोल, पोथीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल, वीरसीवा प्रीम स्कूल, मदरसा दारुल उलूम शाहे उमम रिछा, नोनीराम आदर्श स्कूल, वीरा पब्लिक स्कूल, सरदार पटेल मौनत स्कूल, मदरसा गुलजारे रजा, मदरसा सर सैय्यद साहिल मदरसा, सुरेन्द्रपाल पब्लिक स्कूल, एफ आर पब्लिक स्कूल रिछा, फ्यूचर एकेडमी, जेएल पब्लिक स्कूल, केसरीलाल भानवती पब्लिक स्कूल भोपतपुर, मदरसा अरबिया मदीनातुल उलूम, मदरसा जामिया निदाउल फातिमा, पटेल पब्लिक स्कूल, सरदार भगत सिंह पब्लिक स्कूल, रिछा पब्लिक स्कूल रिछा को नोटिस जारी किए गए हैं।

जिन स्कूल-कॉलेज को नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें बहेड़ी विधानसभा से वर्तमान सपा विधायक और पूर्व मंत्री अताउर्रहमान का शफीक इंटर कॉलेज और स्कूल भी शामिल हैं।

उक्त विद्यालयों द्वारा प्रत्येक वर्ष यू डाइस पोर्टल पर कार्य को लेकर उदासीनता दिखाई जाती है, और प्रत्येक वर्ष कार्य समय से त्रुटिरहित पूर्ण नहीं किया जाता है।

बाद में जल्दी में विसंगतिपूर्ण डाटा फीड किया जाता है, जिस कारण विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावक को आगे चलकर समस्या का सामना करना पड़ता है।

खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त विद्यालयों को दो दिन में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। अगर इनके द्वारा दो दिन में कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो फिर आगे की कार्यवाई प्रस्तावित की जाएगी।

> डाटा फीड न करने वाले निजी स्कूलों को नोटिस जारी कर दो दिन में काम पूरा करने की हिदायत दी गई है। उसके बाद भी कार्य पूरा नहीं किया जाता है तो आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **जगदीश कुमार**
> **खंड शिक्षा अधिकारी रिछा ब्लॉक**

# आईएएस अनामिका सिंह बनीं बरेली की नई कमिश्नर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** आईएएस अनामिका सिंह बरेली मंडल की नई कमिश्नर होंगी। वह फतेहपुर की रहने वाली हैं। इससे पहले वह बरेली में सीडीओ के पद पर भी कार्यरत रही हैं। कमिश्नर आईएएस सौम्या अग्रवाल का तबादला इसी पद पर प्रयागराज मंडल के लिए किया गया है।

2004 बैच की आईएएस अना. मिका सिंह वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग में सचिव पद पर कार्यरत रहीं हैं। अपने प्रशासनिक करियर में उन्होंने अलग-अलग विभागों में महत्वपूर्ण कार्य किया है। बरेली में तैनात सौम्या अग्रवाल ने दो मार्च 2023 को बरेली मंडल की मंडलायुक्त के रुप में कार्यभार संभाला था। अपने कार्यकाल में उन्होंने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और अन्य कामों को प्राथमिकता दी। मंगलवार को सौम्या अग्रवाल का तबादला कर दिया गया।

# मौलाना ने सफाई करने वाली युवती से किया दुष्कर्म

- आठ माह की गर्भवती होने पर खुला राज
- पुलिस ने गिरफ्तार कर मौलाना को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली के एक गांव में इमाम ने मस्जिद में साफ-सफाई करने वाली युवती के साथ दुष्कर्म किया। आठ माह बाद युवती के परिजनों को इसकी जानकारी हुई। मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को देर रात्रि गिरफ्तार कर लिया है।

रामपुर जिले के थाना खजुरिया के गांव ऐरो निवासी मौलाना इरशाद एक साल पहले बहेड़ी तहसील के एक गांव की मस्जिद में बतौर इमाम नियुक्त किया गया था।

इसी का फायदा उठाते हुए मौलाना ने गांव की एक मुस्लिम युवती जो अक्सर साफ-सफाई के लिए मस्जिद में जाती थी। एक दिन उसे जबरन पकड़कर मस्जिद के एक कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद मौलाना ने युवती का अश्लील वीडियो भी बना लिया, और किसी को बताने पर प्रसारित करने की धमकी दी। युवती के आठ माह की गर्भवती होने पर रिश्तेदारों को इसका शक हुआ तो पूछताछ की। युवती ने रोते हुए घटना की सच्चाई बताई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित मौलाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको देर रात्रि गिरफ्तार कर लिया है, जहाँ आज मौलाना को जेल भेज दिया है, और युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज लिया है, और मौलाना को देर रात्रि गिरफ्तार कर आज मौलाना को न्यायलय में पेश किया गया था, जहां कोर्ट ने आरोपी मौलाना इरशाद को जेल भेज दिया है।

# नारी सशक्त परिवार अभियान का हुआ शुभारम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शीशगढ़ पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का भाजपा नेता रामौतार मौर्य, महेंद्र हिंदू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन कर अभियान का सुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने एवं जनजागरूकता पर जोर दिया गया।

भाजपा नेता रामौतार मौर्य ने बताया कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खासकर महिलाओं के स्वस्थ को ध्यान में रखते हुए 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक चलाए जाने को आदेशित किया गया है।स्थानीय लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। अभियान के पहले दिन 85 मरीजों ने अपने रजिस्ट्रेशन कराए। डॉ वीरेश कुमार ने बताया कि अभियान 17 से 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमे सभी तरह के मरीजों के चेकप निशुल्क व दवाएं भी फ्री उपलब्ध कराई जाएंगी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं।

इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही सी एच सी के स्टॉफ को बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर डॉक्टर रिया पटेल, अमित कुमार,प्रेम चन्द्र,मो असलम,शिव कुमार सिंह,डॉक्टर वीरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# हिमांशु मौत प्रकरण में पुलिस ने सीसीटीबी फुटेज के आधार पर की जांच पड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** हिमांशु मौत मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया। फुटेज में हिमांशु अकेले बाइक से बरेली से फतेहगंज पश्चिमी की तरफ सिंगल आते हुए दिखाई दे रहा है। आगे-पीछे कोई अन्य वाहन या व्यक्ति नहीं दिखा।

थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि एनएचआई से सफाई कर्मचारियों की सहायता से उस स्थान पर घास कटवाकर बाइक बरामद की गई। उसके साथ उसका मोबाइल और हेलमेट भी मिल गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार शरीर पर कोई चोट नहीं पाई गई है। मृत्यु का कारण अस्पष्ट बताया गया है। विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। आगे की जांच जारी है मामले की निष्पक्ष जांच के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जा रहे हैं। आपको बता दे कि हिमांशु सोमवार को बरेली मीटिंग में गया था लेकिन मीटिंग कैंसिल होने पर चाचा रामनिवास के घर गया। देर शाम तक घर नहीं लौटा। रात को पत्नी वंदना से बातचीत हुई थी फिर फोन बंद हो गया। परिजनों ने हत्या का आंशका जतायी। पुलिस ने बाइक के करीब पांच सौ मीटर दूर झाड़ियों में हिमांशु का शव सिर व कान में चोट के साथ बरामद किया। फॉरेंसिक टीम ने सबूत कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

## एक नजर

### मुकदमा वापस न लेने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में फैसले को आए ससुरालियो से फैसले को मना करने पर ससुरालियो ने मायके में ही पीड़िता से गाली गलौच कर मारपीट की मोबाइल तोड़ दिया। साथ ही एक वर्षीय बेटे को छीनने का प्रयास किया। ढकिया डाम ने निवासी पीड़िता ने पुलिस को वताया कि उसकी शादी 5 साल पूर्व अमर सिंह पुत्र लीलाधर निवासी रोड नम्वर एक भीमनगर परतापुर चौधरी थाना इज्जत नगर बरेली के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के लगभग दो वर्ष बाद ससुरालियो ने दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया ।परेशान होकर उसनें थाना इज्जतनगर में ससुरालियो के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जो कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे में फैसले को कुछ दिन पहले सास व उनकी विवाहित वेटिया मेरे घर मायके आई तथा फैसले का दबाव बनाया।इंकार करने पर उपरोक्त ने मेरे माता पिता के सामने गाली गलौच कर पीड़िता का मोबाइल तोड़ दिया।तथा उसके दो वर्षीय बेटे लक्ष्य को छीनने का प्रयास भी किया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सास ननद सहित चार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट के दौरान महिला को लगी गंभीर चोट, पांच के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पैगा गौंटिया निवासी कपिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 12 सितंबर को वह अपने घर पर था, तभी गांव का ही दीपक पुत्र देवीदास शराब पीकर आया, और उसके घर के सामने गाली गलौज करने लगा। जब उसने मना किया तो वह झगड़ा पर उतारू हो गया। इस दौरान गांव वालों ने उसे समझा बुझाकर घर भेज दिया। कुछ देर बाद दीपक अपनी पत्नी लक्ष्मी व अमन, राजू व विकास जो कि दीपक के ससुराल पक्ष की तरफ से है, उसके घर में लाठी डंडे लेकर घुस आए, और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान उसने कपिल के गले पर चाकू से बार कर दिया। इस दौरान जब कपिल की मां कमलेश उसे बचाने आई तो इन लोगों ने उसके साथ भी लाठी डंडों व चाकू से बार किया। मारपीट के दौरान कपिल की मां कमलेश को गंभीर चोट लग गई, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गई, और उसके सर से खून बहने लगा। इस दौरान जब कपिल ने शोर मचाया तो अन्य लोग आ गए। इस दौरान विपक्षी दीपक व अन्य जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कपिल का कहना है कि गांव वालों की मदद से अपनी मां को सरकारी अस्पताल बहेड़ी लेकर गया, जहां हालात गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी अशुतोष द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

### आज पांच घंटे नवाबगंज में नहीं आएगी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पेड़ों की कटाई व छंटाई के चलते कल आज 18 सितंबर गुरुवार को पांच घंटे उपभोक्ताओं को विजली नहीं मिलेगी।

उप खण्ड अधिकारी राजेंद्र सिंह द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक गुरुवार 18 सितंबर को सुबह 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक 132/33 केवी नवाबगंज से क्षेत्र के पेड़ों की कटाई और छंटाई की वजह से विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। एसडीओ ने उपभोक्ताओं से सहयोग करने की अपील की है।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दिया प्रशिक्षण, लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी राघवेंद्र वर्मा ने खाद्य पदार्थों की दुकानों, होटल, ढाबों और चाट के ठेलों पर खाने का व्यापार करने वालों को जन कल्याण मेला में प्रशिक्षण दिया व लोगों को जागरूक किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी राघवेन्द्र वर्मा ने दुकानदारों और होटल संचालकों को यह भी चेतावनी दी कि यदि मानक के विपरीत कार्य करते पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों को समझाया कि भोजन बनाने और परोसने के दौरान स्वच्छता सबसे पहली जिम्मेदारी है। होटल और ढाबा संचालकों को निर्देश दिया गया कि वे रसोईघर, बर्तन और आस-पास का वातावरण साफ-सुथरा रखें, ताकि ग्राहकों को किसी भी प्रकार की बीमारी का खतरा न हो। कार्यक्रम के दौरान मौजूद ग्राहकों को ग्राहक संतुष्ट फीडबैक ऐप के बारे में जानकारी दी गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी राघवेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस एप के माध्यम से ग्राहक अपने अनुभव और सुझाव दर्ज कर सकते हैं। यदि किसी भी प्रकार की शिकायत है तो उपभोक्ता सीधे फूड सेफ्टी कनेक्ट एप पर अपलोड कर सकते हैं। इसके अलावा सरकार की ओर से जारी टोल फ्री नंबर पर भी उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्यवाही आगे भी समय-समय पर जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और साफ-सफाई बनी रहे।

### शिक्षक के बैग से रुपये उड़ाए जाने के मामले में तीसरे दिन भी नहीं लिखी गई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक शिक्षक ने 15 सितम्बर को कस्बे की एक बैंक से रुपए निकाल कर अपने बैग में रख लिए थे, इसी बीच उसके साथ लाइन में लगी एक युवती ने उसके बैग में रखे 90 हजार रुपए उड़ा दिए थे। बैंक से बाहर निकलने के बाद जब उसने बैग चेक किया तो रुपए गायब मिले। तब उसने वापस बैंक आकर सीसीटीवी कैमरे चेक कराए तो उसमें युवती उसके बैग से रुपए निकालती हुई दिखाई दी। घटना की तहरीर शिक्षक की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी, लेकिन तीसरे दिन भी पुलिस ने शिक्षक की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। फरीदपुर के ग्राम खरदाह इलाका गजनेरा निवासी अरविंद कुमार बहेड़ी के ब्लॉक दमखोदा के ग्राम प्राथमिक विद्यालय शिव नगरिया में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। सोमवार 15 सितम्बर को वह कस्बे में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से रुपए निकालने आए थे, बैंक से शिक्षक ने 90 हजार रुपए निकालने के बाद अपने बैग में रख लिए। इसी दौरान बैंक के काउंटर पर उनके पीछे लाइन में लगी एक युवती ने उनके बैग से रुपए निकाल लिए। बैंक से जाने के कुछ देर बाद उन्होंने अपने बैग को चेक किया तो उसमें रुपए ही नहीं थे। जिसपर उन्होंने वापस बैंक जाकर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कराए तो उसमें एक युवती शिक्षक का पीछा करते हुए दिखाई दी। घटना की तहरीर शिक्षक अरविंद कुमार की ओर से थाना नवाबग. ंज में इंस्पेक्टर क्राइम को दी गयी थी, लेकिन आज तीन दिन गुजर गए, पुलिस ने अभी तक शिक्षक की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### पुणे में आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हुए डा. योगेन्द्र भारद्वाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली। भारती**य ज्ञान परम्परा, संस्कृत के युवा विद्वान शिक्षक और शिक्षक प्रशिक्षक डा. योगेन्द्र भारद्वाज को पुणे में आनंदी यूनिवर्स फाउण्डेशन, पुणे ने उनके संस्कृत शिक्षण में उत्कृष्ट योगदान, दिल्ली शिक्षा निदेशालय के पांच सौ से अधिक सरकारी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षानीति-2020 के अनुरूप प्रशिक्षण देने और आयुर्वेदिक एबीसीडी जैसे शिक्षण में नवाचारी प्रयोग के सन्दर्भ में आदर्श शिक्षक पुरस्कार - 2025 से सम्मानित किया है। पुरस्कार मिलने के दौरान उन्होंने अपने भावों को कहा यह पुरस्कार केवल मेरे ज्ञान और योगदान के कारण नहीं मिला है, अपितु इसके पीछे मेरे परिवार और मेरे शिक्षकों का योगदान है, जिनके दिये हुए संस्कारों के कारण मैं आज इस पुण्यनगरी में आपसे बात कर पा रहा हूँ। आज प्रत्येक शिक्षक को अपने छात्रों के मनोभावों को पढ़ना आना चाहिए। गुरु-शिष्य संबंधों में प्रगाढ़ता और प्रेम आना चाहिए, जोकि आज मात्र एक क्लासरूम तक सिमट कर रह गया है। सम्भवतः इसीलिए छात्रों के मन में अपने गुरु के प्रति वह श्रद्धा नहीं है और शिक्षक मात्र टीचर बनकर रह गया है। डा. योगेन्द्र ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली से शोध कार्य पूर्ण किया है। उनकी एक पुस्तक 'पंचमहाभूत और संधारणीय विकास' नाम से वर्ष 2021 में विद्यानिधि प्रकाशन दिल्ली से प्रकाशित हुई है।

# पीएम मोदी के जन्म दिवस पर सीएचसी में नारी सशक्तिकरण एवं स्वस्थ परिवार विषयक कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टांडा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर टांडा सीएचसी (सरकारी अस्पताल) में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय नारी सशक्तिकरण एवं स्वस्थ परिवार रहा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हुए सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

मुख्य अतिथि घनश्याम सिंह लोधी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वैश्विक स्तर पर नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

इस मौके पर टांडा नगर के वर्तमान नगर अध्यक्ष रोहित सैनी, पूर्व नगर अध्यक्ष योगेश कुमार, पालिकाध्यक्ष पति हाजी सरफराज आलम, क्षेत्रीय मंत्री रवि रुहेला, सहकारी संघ के अध्यक्ष करन सिंह, नगर महामंत्री उमेश चंद्र सैनी, कृष्ण सैनी और महेंद्र सैनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर उनके स्वस्थ, दीर्घायु और राष्ट्रहित में निरंतर योगदान की शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नारी सशक्तिकरण और स्वस्थ परिवार ही एक सशक्त समाज की नींव हैं। इस अवसर पर नारी सम्मान, शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।

सेवा पखवाड़ा की शुरुआत स्वच्छता अभियान के तहत की गई, जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं दवाइयाँ वितरित की गईं। साथ ही, सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

# दीक्षित कॉलेज में हुआ छात्रों की विदाई एवं स्वागत कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** दीक्षित कॉलेज ऑफ लॉ में एलएलबी तृतीय वर्ष के छात्रों की विदाई एवं एलएलबी एवं बीएलएलबी प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक विवेक दीक्षित के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

छात्रों ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जिसमें बीएलएलबी की छात्रा विधि सक्सेना, प्राची पंडित, रचना, निशा, शिवानी, रितु, शिवांगी, अनामिका, ज्योति, कविता इत्यादि छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना सहित अनेको कार्यक्रम किए एलएलबी के अनिकेत एवं रिया कश्यप, आलिया द्वारा भाषण एवं मधुर गानों से छात्रों का मन मोह लिया कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा फेयरवेल एवं फ्रेशर छात्रों में से विभिन्न खेल और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से मिस्टर एवं मिस फ्रेशर अरुन और सुषमा एवं मिस्टर एवं मिस फेयरवेल विजय पाल और आलिया को चुना गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक विकास दीक्षित द्वारा छात्रों के विदाई समारोह पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई और फ्रेशर छात्रों को महाविद्यालय में नियमित कक्षाएं करने एवं अच्छे कानून के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर सके फ्रेशर एवं फेयरवेल छात्रों को उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाया महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ चंदन कुमार द्वारा छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम में महाविद्यालय में कार्यरत प्रवक्तागणों ज्योति वर्मा, कुमकुम गंगवार, बी एस चौहान, नीरज सक्सेना, आयुषी यादव सहित सभी का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन आजमी खान एवं अरुन ने किया।

# पीएम के जन्मदिन पर नारी सशक्तिकरण एंव स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 जन्म दिवस के अवसर पर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नारी सशक्तिकरण और स्वस्थय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर नगर मण्डल अध्यक्ष अध्यक्ष रोहित सैनी, पूर्व नगर अध्यक्ष योगेश कुमार और क्षेत्रीय मंत्री रवि रुहेला और सहकारी संघ के अध्यक्ष करन सिंह, नगर महामंत्री उमेश चंद्र सैनी, कृष्ण सैनी और महेंद्र सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर नगर मंडल शाहाबाद के मोहल्ला हकीमान स्थित चामुंडा देवी मंदिर, बूथ संख्या 161 पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान उपस्थित जनों ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एमएलसी प्रतिनिधि महेश गुप्ता, अर्पित वशिष्ठ, युवा नेता विशाल जोशी, नगर मंडल मंत्री गायत्री देवी, बूथ अध्यक्ष भागीरथ बरनवाल, गंगा शरण बरनवाल, मालती देवी, गिरिजा देवी, सुमन देवी, सुमन रस्तोगी, कंचन गीता देवी, कैला देवी, चंपा देवी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# खनन अधिकारी व प्रशासन की मिली भगत से कोसी के घाटों से हो रहा है अवैध खनन

**■ भाकियू टिकैत ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला सलाहकार ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन का जिम्मेदार खनन अधिकारी सहित प्रशासन पर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री सहित आला अधिकारियों को पत्र भेजकर हो रहे अवैध मिटटी व रेत के खनन को बंद कराए जाने की मांग की है स

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला सलाहकार क्षेत्र के पीपलसाना गांव निवासी सलामत जान ने आरोप लगाते हुए बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर अवगत कराया कि तहसील क्षेत्र में पड़ने वाली कोसी नदी मैं खनन माफिया द्वाराअवैध रूप से दिन रात खनन किया जा रहा है। रामपुर बाजपुर मार्गो हो या फिर मसवासी घोसीपुरा पट्टी कला मार्ग दिन रात खनन से भरे ओवरलोड वाहन धड़ल्ले दोड़ रहे हैं जो की आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं वही मिट्टी के कारोबारी द्वारा चौहद्दा जमुना जामनी कोसी नदी के घाटों से अवैध खनन कर पटान किया जा रहा है जिलाधिकारी के द्वाराअवैध खनन पर सख्त कार्रवाई किए जाने के आदेश दिए गए हैं लेकिन पुलिस प्रशासन सहित खनन अधिकारी अवैध खनन को रोकने में नाकाम साबित दिखाई दे रहे हैं। ऐसा लगता है कि अवैध खनन का काम प्रशासन की मिली भगत से हो रहा हो या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला सलाहकार सलामत जान ने मुख्यमंत्री से भ्रष्ट अधिकारियों को जिले से हटवाने के साथ कोसी नदी पर हो रहे अवैध खनन को शीघ्र बंद कराए जाने की मांग की है।



# भाजपा जिला मंत्री ने सीएससी का फीता काटकर शुभारंभ किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बुधवार को गांव मीरापुर में सीएससी का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मंत्री महेंद्र सैनी ने फीता काटकर किया।

इस दौरान सीएससी के शुभारंभ के शुभ अवसर पर जिला मंत्री ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगो अच्छी सुविधा मिलेंगी साथ में अमित चंद्रा एवं सीएससी प्रभारी डॉ मृदुलिका रही इस दौरान राकेश रस्तोगी, डॉआकाश कुमार, रवि समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

इस दौरान फीता काटकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह मोदी जी के जन्म दिवस पर सेवा फगवाड़ा निशुल्क गर्भवती महिलाओं की खून की जांच एवं विभिन्न प्रकार की जांच कराकर मुफ्त दवाई का वितरण किया गया।

# समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है प्रधानमंत्री का जन्मदिन: हरीश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने स्वयं श्रमदान कर शिव मंदिर परिसर की सफाई की और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया।

बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनेली उत्तरी स्थित श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर में भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कार्यकर्ताओं के साथ सफाई की।

झाड़ू लगाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देश को स्वच्छता की दिशा में जागरूक किया है।

सेवा पखवाड़ा न केवल उनके जन्मदिन को समर्पित है, बल्कि समाज सेवा के माध्यम से देश के प्रति अपने कर्तव्य को निभाने का एक माध्यम भी है।

उन्होंने कहा कि पार्टी सेवा ही संगठन के सिद्धांत पर काम करती है और यह अभियान जन-भागीदारी से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियानों को गांव-गांव तक पहुंचाएं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, अजय बाबू, नरेश गंगवार, वेदराम राठौर, योगेंद्र गंगवार आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/ रामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर नगर के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाकर जन्म दिन मनाया। बुधवार को नगर के सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75 में जन्म दिवस के उपलक्ष में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता का संदेश देने के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा/पालि. का अध्यक्ष दीक्षा गंगवार एवं ब्लाक प्रमुख अर्चना गंगवार, भाजपा नेता कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, गन्ना समिति के अध्यक्ष रजनीश पटेल, राजीव गंगवार, शुभांक प्रकाश गंगवार, अमरजीत सिंह माटा, शांति स्वरूप गंगवार, वसंत कुमार एडवोकेट, चंद्रभान मित्तल, डॉक्टर संजीव रस्तोगी,सरदार देवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष ममता अत्री आदि लोग उपस्थित रहे।

# विधायक शफीक अंसारी ने नए फिडर का फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बुधवार को विधायक शफीक अहमद अंसारी ने किया 11000 के.वी.रसूलपुर नौगजा के नाम से नये फीडर का किया शुभारम्भ। आज विधायक शफीक अहमद अंसारी अपने समर्थको के साथ स्वार नगर बिजली घर पहुंचकर रसूलपुर नौगजा के नाम से 11000 के.वी का नया फीडर का फीता काटकर शुभारम्भ किया. विधायक जी ने कहा इस फीडर के चालू होने से नगर में बिजली पूर्ति में बहुत सुधार होगा और लोगो को समय से लाइट मिला करेगी. विधायक जी ने कहा मेने जो वादा अपनी जनता से किया है। उसको में जरूर पुरा करूंगा. मेरे द्वारा अभी बहुत विकास कार्य होंगे जिनकी शुरुआत लाइट सड़को से हो चुकी है।

जहाँ जहाँ काम होने से रह गये हैं वहां भी जल्द काम शुरू होंगे. मेरा जनता से प्यार कोई नया नहीँ हैं आप सभी मेरे परिवार हो और अपने परिवार की तरह आप सभी अपना आशीर्वाद मेरे ऊपर बनाये रखें. नगर की जनता में इस काम को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया. उद्घाटन के बाद विधायक जी ने बिजली घर का निरिक्षण किया। साथ में अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार, उपखण्ड अधिकारी हरिप्रसाद यादव, जे ई ग्रामीण श्याम सिंह, जे ई नगर आसिफ, सी ऐ शादाब आलम, दीप गोयल प्रतिनिधि दीपक नागर सलहाकार इस्लाम मेंबर नाहिद खां अफसर एडवोकेट अकील मेंबर फैजान बल्ली अकील खान मेंबर एवं काफी संख्या में लोग के साथ कार्यलय प्रभारी इदरीस पठान आदि मौजूद रहे।



# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुआ स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान

**■ महिलाओं की जांच और बच्चों के टीकाकरण के लिए विशेष स्वास्थ्य अभियान शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में ष्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवारष अभियान का शुभारंभ बड़ी ही उत्साह के साथ किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को सशक्त बनाना और परिवार को मजबूत करना है। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य की संपूर्ण जांच की जाएगी, जिसमें हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायरॉइड समेत अन्य बीमारियों की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाएगी, ताकि गर्भावस्था के दौरान किसी भी प्रकार की जटिलता का समय पर उपचार हो सके। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि अभियान के अंतर्गत बच्चों का टीकाकरण भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस मौके पर अधिकारियों ने कहा कि ष्स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की आधारशिला है।ष उन्होंने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक महिलाएं और परिवार इस अभियान का हिस्सा बनें और इसका लाभ उठाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, आशाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और लोगो ने भाग लिया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक राजीव चंदेल समेत कई लोग मौजूद रहे।



# अम्बेडकर पार्क ठीक कराने को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भीम आर्मी ने उपजिलाधिकारी बिलासपुर को ज्ञापन देकर अम्बेडकर पार्क को ठीक कराने की मांग की।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन पंजीकृत संगठन के द्वारा उपजिलाधिकारी बिलासपुर को डॉ भीमराव आंबेडकर पार्क को ठीक करने हेतु ज्ञापन देकर मांग की है ।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन पंजीकृत संगठन ने उप जिलाधिकारी बिलासपुर को ज्ञापन देकर यह मांग की है कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क का मुख्य द्वारा बनवाया जाए तथा भीमराव अंबेडकर पार्क बिलासपुर का सौंदर्य करण भी कराया जाए साथ ही संगठन यह भी मांग करता है कि डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क बिलासपुर की बाउंड्री बाल का निर्माण भी कराया जाए तथा डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क बिलासपुर लिखवाया जाए तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क बिलासपुर का नाम अभी तक नहीं लिख पाया गया है।



यह एक दलित महापुरुष की ही नहीं बल्कि दलित समाज के प्रति उसके मसीह का अपमान है जिसका बहुजन समाज इसको बर्दाश्त नहीं करेगा।

इसलिए आपसे यह निवेदन है कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क लिखवाकर तथा उसकी बाउंड्री वॉल कर बहुजन समाज के मसीहा को उजागर किया जाए साथ ही भीम आर्मी संगठन यह भी निवेदन करता है कि अंबेडकर पार्क की जिन बिंदुओं को लेकर मांग की गई है उसको शीघ्र ही सुनिश्चित कार्रवाई करने का कष्ट करें।

ज्ञापन में उपस्थित विपिन कुमार विधानसभा अध्यक्ष, विनोद कुमार विधानसभा मीडिया प्रभारी, सतीश कुमार विधानसभा सचिव, रोहित कुमार, रणजीत सिंह, विक्रम सिंह, सोनू सागर, अनमोल जाटव, डॉक्टर रिजवान अली उपस्थित रहे।

# सैंजनी नानकार की समस्याओं से जिलाधिकारी को कराया अवगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश महासचिव जुबैद खान ने कानूनी सलाहकार एडवोकेट राजीव कुमार लोधी से मुलाकात की इस मुलाकात में किसने की काफी समस्याओं को लेकर चर्चा व्यक्त की। इस दौरान कुछ समस्या पर भी चर्चा हुई के ग्राम सैंजनी नानकार में डेढ़ साल पहले पानी की लाइन बिछाई गई थी लेकिन अब तक ना ही उसे पाइपलाइन के अंदर पानी आया है और ना ही कोई टंकी बनी है।

जिस वक्त पानी के पाइप और टंकी का काम स्टार्ट हुआ था तो उस वक्त ग्राम वासियों के चेहरे पर मुस्कान थी आज ग्राम वासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि अगर यह काम पूरा हो जाता और ग्राम वासियों को साफ सुथरा पानी मिलने लगता तो आए दिन फैलने वाली बीमारियों से ग्राम वासियों को बचाया जा सकता है।

प्रदेश महासचिव जुबैद खान ने जिला अधिकारी से अनुरोध किया है इन तमाम समस्याओं का जल्दी समाधान कराया जाए ताकि ग्राम वासियों को इन परेशानियों से बचाया जा सके।




इस मौके पर प्रदेश महासचिव जुबैद खान ने नेहा पत्नी फहद खान निवासी डिग्री कॉलेज रोड सैंजनी नानकार रामपुर को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया और साथ ही शाह फैसल खान पुत्र मोहम्मद फारुक खान निवासी सैंजनी नानकार को भी जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। इस मौके पर बाबू खान, उस्मान मियां, हाफिज नाजिम खान, एडवोकेट जैनुल आबेदीन खान, प्रदेश मीडिया प्रभारी शाहजमां खान, जिला मीडिया प्रभारी फैसल खान और अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भूड़ा मेले में करंट लगने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में चल रहे भूड़ा मेले के समापन के बाद टेंट हटाते समय एक युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहल्ला मझरा सैफनी निवासी 25 वर्षीय सचिन पुत्र सुरेश के रूप में हुई है। यह घटना बुधवार को घटी, जिसके बाद पूरे इलाके और मृतक के परिवार में मातम छा गया है। घ्जानकारी के अनुसार, सचिन टेंट लगाने का काम करता था और बुधवार को वह भूड़ा मेले से टेंट हटा रहा था। इसी दौरान वह अचानक बिजली के तार की चपेट में आ गया, जिससे उसे जोरदार करंट लगा। आनन-फानन में उसे एक निजी डॉक्टर के पास ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घ्सचिन की मौत की खबर सुनते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। मृतक के परिवार में उसकी 6 महीने की एक बेटी है, जिससे परिजनों का दुख और भी गहरा हो गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



# नगर के पीएचसी पर नारी सशक्त परिवार अभियान का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** प्राथमिक चिकित्सका केंद्र पर स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार का आयोजन किया गया।

जिसका शुभारंभ व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने फीता काटकर किया यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मसवासी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र परस्वस्थ नारी सशक्त परिवारष्अभियान का शुभारंभ व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस कार्यक्रम मे उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि गर्भवती महिलाओं की सभी तरह की जांच एवं एक्स-रे नि:शुल्क किए जायेंगे। इस राष्ट्रीय व्यापी अभियान का उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर महिला केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।



इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजनंदन सागर, उपाध्यक्ष अनिल दिवाकर आदेश चंद्रा,चिकित्सा प्रभारी अच्छन खान,टीवी हेल्थ ऑफिसर जितेंद्र सिंह,फार्मासिस्ट हरीश अधिकारी, लैब टेक्नीशियन सीमा सैनी,स्टाफ नर्स ममता सिंह,सुधीर,राहुल आदि उपस्थित रहे।

# गोकशी में दो दोस्तों को साढ़े तीन साल की सजा

## कोर्ट ने दस हजार रूपये जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गोकशी कर मांस की तस्करी करने वाले दो दोस्तों को अदालत ने 3 साल 6 महीने जेल की सजा सुनाई। दोषियों पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। दोनों जमानत पर थे।

17 साल पुराना मामला नौगावां सादात थाने से जुड़ा है। साल 2008 में क्षेत्र में गोकशी की घटना हुई थी।पुलिस को अवशेष पड़े मिले थे।तत्कालीन दरोगा प्रीतम सिंह ने मामले में गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की जांच के मोहल्ला अलीपुर निवासी तसलीम और जरीफ का नाम प्रकाश में आए थे। साक्ष्यजुटाते हुए पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल, मुकदमे में दोनों जमानत पर थे। सुनवाई एसीजीएम प्रथम की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत में इस मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। साक्ष्यों के आधार व पत्रावली के अवलोकन के बाद अदालत ने तसलीम और जरीफ को दोषी करार दिया। 3 साल 6 महीने की जेल की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया



अमरोहा। हत्या की निष्पक्ष जांच की मांग को एसपी कार्यालय पर धरना देते परिजन।

# हत्या की निष्पक्ष जांच की मांग को प्रदर्शन

## किसान मोर्चा ने एसपी कार्यालय पर दिया धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी बुधवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे। पीड़ित पक्ष के समर्थन में धरना दिया। गजरौला थाने में दर्ज हत्या के मुकदमे की निष्पक्ष जांच व मुख्य आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। आक्रोशित मोर्चा कार्यकर्ताओं का कहना था बीती 19 अगस्त को कावेंद्र सिंह द्वारा आरोपी अनित आदि के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी सौरभ का शव 18 अगस्त को लहूलुहान हालत में मिला था। गजरौला पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। रिपोर्ट में गला दबाकर मृत्यु होने की पुष्टि की गई थी। लेकिन, थाना पुलिस ने अभी तक इस मुकदमे में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। आरोपी खुलेआम घूम रहा है। पीड़ित परिवार को न्याय मिल रहा है वह थाने से लेकर जिम्मेदार अफसरों के दफ्तरों के चक्कर काट रहा है लेकिन पुलिस कार्रवाई के लिए तैयार नहीं है। एक सप्ताह के भीतर मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं करने पर मोर्चा पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी।

# सफाई कर्मी को पीटकर किया घायल

**हसनपुर**। थाना सैदनगली इलाके में स्वच्छता को लेकर हुए विवाद में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना तब हुई जब देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन मना रहा था और स्वच्छता अभियान पर जोर दिया जा रहा था। घ्मामला थाना सैदनगली के गांव सूमाठेर का है। जहाँ जयविंदर नामक युवक ने एक महिला को उसके घर के बाहर पड़े कूड़े को उठाने के लिए कहा था। इस बात पर महिला गुस्से में आ गई और उसने कूड़े के ढेर में पड़ी एक कांच की बोतल उठा ली। आवेश में आकर महिला ने उस बोतल को जयविंदर की बांह पर मार दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। इस घटना के बाद घायल युवक जयविंदर तुरंत सैदनगली थाने पहुंचा और अपनी शिकायत दर्ज कराई।

# जेल भेजने के बाद भी परिजनों को परेशान कर रही पुलिस

## परिजनों का डिडौली पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पत्नी के आत्मदाह के मामले में जेल में बंद आरोपी सिपाही के परिजनों ने डिडौली पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। एसपी को सौंपे शिकायती पत्र में घर से डीवीआर ले जाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को क्षेत्र के गांव नारंगपुर निवासी वैशाली बुधवार को परिजनों व ग्रामीणों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचीं। डिडौली पुलिस के खिलाफ नारेबा. जी व प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कपिल सिंह ने कुछ दिन पूर्व उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आत्मदाह से संबंधित एक मुकदमा दर्ज कराया था। पिछले महीने बहू पारुल ने आग लगा ली थी। मामले में परिवार से मुख्य आरोपी सिपाही पति देवेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था लेकिन बावजूद इसके पुलिस अब परिवार के अन्य लोगों को प्रताड़ित कर रही है। मंगलवार दोपहर एसएसआई कुछ पुलिसकर्मियों को लेकर घर पहुंचे तथा अभद्रता की। इतना ही नहीं पुलिसकर्मी घर के बाहर सुरक्षा के लिहाज से लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर निकालकर अपने साथ गए। विरोध करने पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया। लिहाजा, आरोपी पुलिसकर्मियों की जांच कराते हुए सख्त कार्रवाई की जाए। एसपी की गैर मौजूदगी में शिकायतें सुन रहे सीओ सिटी शक्ति सिंह ने मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान रेशमवती, सावित्री देवी, सुनीता देवी, संगीता, निधि, आशा, सर्वेश देवी आदि मौजूद रहीं।

# फैक्ट्री में चोरी करते चार कर्मी सीसीटीवी में कैद

## कैमरे से बेनकाब हुए कर्मचारी, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। जोया। फैक्ट्री के गोदाम से सामान चोरी होने लगा। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज चेक करने पर पूरे मामले की जानकारी हो सकी। मैनेजर ने मामले में चार फैक्ट्री कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र में गांव नीलीखेड़ी से जुड़ा है। यहां स्टोन मैन क्राफ्ट इंडिया के नाम से एक फैक्ट्री है। आगरा के नरसी विलेज मधरई के निवासी विनय भार्गव फैक्ट्री में मैनेजर हैं। उनके मुताबिक फैक्ट्री के गोदाम से बीते कुछ समय से सामान गायब हो रहा था। शक होने पर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की तो फैक्ट्री के ही कुछ कर्मचारी सामान चोरी करते हुए मिले। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में मैनेजर विनय भार्गव की तहरीर पर संभल जिले के गांव सहान मछलिया निवासी रोहित कुमार, गांव नरहेटा मोहम्मदपुर निवासी कुलदीप, डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मूंढा इम्मा निवासी फहद कामरान तथा गांव पायती कलां निवासी नावेद अली के खिलाफ चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पूरी छानबीन के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# विश्वकर्मा दिवस पर हवन में दी आहूतियां



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। कैलसा स्थित जीआर सॉल्वेंट्स एंड एलाइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पूजा अर्चना की गई। बुधवार को फैक्ट्री के कर्मचारियों, इंजीनियरों व श्रमिकों को बताया गया कि विश्वकर्मापूजा का इतिहास भगवान विश्वकर्मा से जुड़ा है। जिन्हें हिन्दू धर्म में देवताओं का वास्तुकार और निर्माता माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार उन्होंने सतयुग में स्वर्गलोक, त्रेतायुग में लंका और द्वापर युग में द्वारिका जैसी नगरीय संरचनाओं का निर्माण किया था। इस अवसर पर सभी फैक्ट्री कर्मियों ने श्रद्धा के साथ हवन व पूजा अर्चना की और अपने कार्यक्षेत्र में सफलता और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों की कामना की। इस अवसर पर आदेश शर्मा, इंदरपाल सिंह, अजीत सिंह, ओमेंद्र सिंह, वीर सिंह, भूप सिंह, अखिलेश झा, मलखान, अजय चौपाल, अनीस, ओम प्रकाश, राधे लाल मौजूद रहे।

# पति ने मोबाइल पर पत्नी को दिया तीन तलाक

## पीड़िता की तहरीर पर पति समेत नौ पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दहेज की मांग और उत्पीड़न से परेशान विवाहिता पर ससुराल में ज्यादतियां की गईं। पति के सऊदी अरब जाने के बाद जेठ ने विवा. हता से दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। मायके में रह रही विवाहिता जब दोबारा ससुराल पहुंची तो फिर से ज्यादती की कोशिश हुई। पति ने मोबा. इल पर तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। पुलिस ने पति, जेठ समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी 15 मई 2022 को डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक के साथ की थी। आरा. प है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले विवाहिता को कम दहेज लाने के ताने देकर प्रताड़ित करने लगे। उस पर मायके से पांच लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाते थे। घर बसाने की मजबूरी में विवाहिता के पिता ने तीन लाख नकद दे दिए और कुछ रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद विवाहिता का पति नौकरी के लिए सऊदी अरब चला गया। आरोप है कि पति के जाने के बाद घर में रहने वाला जेठ विवाहिता पर बुरी नजर रखने लगा। मौके का फायदा उठाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया।विवाहिता ने यह हरकत पति को बताई तो जेठ ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। प्रताड़ना के बीच करीब 11 महीने से विवाहिता अपने मायके में रह रही है। बीती आठ सितंबर को विवाहिता अपनी ससुराल गई थी, तब जेठ ने दोबारा दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर लोगों की जमा हो गई। ससुराल वालों ने विवाहिता को कमरे में बंद कर दिया और मारपीट की। वहीं, पति ने मोबाइल पर तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में पति व जेठ समेत नौ आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# विवाहिता के विवाद में चली गोली, युवक घायल

## चार आरोपी गिरफ्तार, तमंचे व दो कारें बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। ग्राम ढ्योटि में विवा. हता को लेकर दो पक्षों में मंगलवार शाम शुरू हुआ विवाद अचानक बवाल में बदल गया। पंचायत के दौरान कहासुनी इतनी बढ़ी कि विवा. हिता के ममेरे भाई ने तमंचे से हवाई फायर कर दी।

थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया। उनके कब्जे से एक तमंचा 12 बोर, एक खोखा कारतूस, 4 जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त दो कारें बरामद हुईं। गिरफ्तार आरोपियों में हिमान्शु पुत्र सुनील, गौरव पुत्र जयविन्द्र, प्रमोद पुत्र राजवीर सिंह तीनों निवासी ग्राम सुनपुरा, थाना अमरोहा देहात, ननू सिंह निवासी ग्राम फत्तेहपुर शुमाली, थाना बछरायूँ शामिल हैं। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई थी। ग्रामीणों के सहयोग से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और दो वाहन बरामद किए गए हैं। मामले में मुक. दमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जुबिलेंट में धूमधाम से मनी विश्वकर्मा जयंती

## विशाल भंडारे में प्रबंधन व कर्मचारियों ने ग्रहण किया प्रसाद

**गजरौला**। औद्योगिक नगरी गजरौला में भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। औद्योगिक इकाइयों में सृष्टि के आर्किटेक्ट कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। बुधवार को जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड परिसर को रंगबिरंगे गुब्बारों और फूल मालाओं से सजाया गया था। यहां श्री राम मंदिर के पुजारी पंडित मोहन मिश्रा ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा संपन्न कराई। यूनिट हेड विनोद झा ने कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पूजा की। प्रसाद वितरण के उपरांत कंपनी परिसर में ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान कंपनी परिसर में ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। बच्चों ने मिकी माउस झूले का आनंद भी लिया। इस अवसर पर जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित के साथ ही विनय शुक्ला, पराग गोयल, डीएस शुक्ला, सुशील लोधी, सुनील ए सिंह, रविंद्र झा, पीके उपाध्याय, सुनील तिवारी, एके सिंह, अमित पांडे, आरए शर्मा ,एनके तोमर आदि मौजूद रहे।



गजरौला। भगवान विश्वकर्मा का पूजन करते यूनिट हेड विनोद झा।

# डेंगू की चपेट में आकर चपरासी की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। डेंगू बुखार की चपेट में आकर सीजिनल संग्रह अनु सेवक कर्मचारी की मौत हो गई। अनु सेवक कर्मचारी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

नगर के मोहल्ला चमन रिसालदरान निवासी हनीफ अहमद अल्वी पुत्र शफीक अहमद को पिछले एक सप्ताह से बुखार आ रहा था। परिजनों द्वारा हनीफ का कई चिकित्सकों से उपचार कराया गया लेकिन उसकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हो सका। हनीफ की उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हनीफ में डेंगू की पुष्टि हो गई थी। जैसे ही हनीफ की मौत की खबर परिजनों को लगी तो उनका रोते बिलखते बुरा हाल हो गया। इस समय हसनपुर तहसील क्षेत्र में बुखार का प्रकोप तेजी के साथ बढ़ रहा है। डिग्री धारी चिकित्सकों के अलावा झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिकों पर भी बुखार के रोगियों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। सरकारी अस्पताल में भी बुखार के रोगियों की भीड़ जुट रही है। बताया जा रहा है कि हनीफ अहमद सीजनल संग्रह संघ में अनु सेवक के पद पर तैनात था।गमगीन माहौल में परिजनों ने हनीफ अहमद के जनाजे को सपुर्द खाक कर दिया

# झाड़ू लगाकर किया सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

## नगर को मिले 13 सफाई वाहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जाने वाले स्वच्छता ही सेवा-पखवाड़े के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा किये गये कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मंत्री के0पी0 मलिक मा.राज्य मंत्री ने झाड़ू लगाकर किया।

बुधवार को प्रभारी मंत्री द्वारा नगर के महात्मा ज्योतिबा फुले चौक पर, महात्मा ज्योतिबा फुले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आस पास में झाड़ू लगाकर किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अमरोहा नगर की सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाये जाने के लिए 13 सफाई वाहन नगर की जनता को समर्पित किये गये। प्रभारी मंत्री विधायक राजीव तरारा एवं पालिकाध्यक्ष श्रीमती शशि जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान सफाई मित्रो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, पार्टी पदाधिकारी, पालिका सभासद, अधिकारीगण, कर्मचारी सहित आमजन बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

# साइबर अपराध व यातायात के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। बीएसडी एकेडमी में साइबर अपराध और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता की जानकारी देते सीओ अंजलि कटारिया ने कहा आज का दौर डिजिटल है और इसके साथ अपराध भी डिजिटल हो गए हैं। यदि हम सतर्क रहें तो साइबर अपराध से बच सकते हैं। विद्यार्थियों को अभी से जागरूक करना जरूरी है ताकि वे खुद भी सुरक्षित रहें और समाज को भी सुरक्षित रख सकें। प्रबंधक नितिन धारीवाल ने कहा बी.एस. एकेडमी में आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। साइबर अपराध और सड़क सुरक्षा जैसे विषय सीधे उनके जीवन से जुड़े हैं। इस अवसर पर बालेन्द्र कुमार, तेजेन्द्र सिंह, रवि कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, अक्षय, सुदीप, रवि कौशिक, रौनक अलुना, राहुल पाल, विकास, हर्षित, तेजपाल, लविता, डोली आदि मौजूद रहे

# जूते पालिश कर जताया बेरोजगारी पर आक्रोश

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सपा छात्रसभा ने किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को समाजवादी छात्र सभा ने सां. केतिक विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के निर्देश पर छात्र सभा के जिला अध्यक्ष अनुज त्यागी उर्फ गोलू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हसनपुर-अलीगढ़ मार्ग पर स्थित बस स्टैंड के पास जूते पॉलिश करके बेरा. जगारी और सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों का विरोध किया। समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों ने हाथों में ष्छात्र एवं शिक्षा विरोधी सरकार और पीडीए बच्चों का अधिकार छीनना चाहती योगी सरकारष जैसे नारे लिखे बैनर भी थाम रखे थे। उनका कहना था कि सरकार युवाओं से उनके शिक्षा का अधिकार छीनकर उन्हें बेरोजगार बनाने पर तुली है। जिला अध्यक्ष अनुज त्यागी ने कहा यह सांकेतिक विरोध प्रदर्शन था। तानाशाही योगी सरकार बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रही है। जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है। इस विरोध प्रदर्शन में अनुज त्यागी के साथ रोहित धामा, राहुल, अंशू, सचिन, प्रिंस, शुभम, अंकित, सुधीर, अमन और कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



# शिविर में छात्राओं का नेत्र परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। शहर के शिक्षण संस्थान आले अहमद गर्ल्स इंटर कालेज में सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया। इस नेत्र परीक्षण कैम्प में डा. पीके सारस्वत एवं डा. मोहम्मद सुलेमान द्वारा छात्राओं के नेत्र का गहन परीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुहाना मंजूर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। ज्ञात हो कि सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष ही छात्राओं का नेत्र परीक्षण करके चश्मों का नि:शुल्क वितरण किया जाता है।

# अवैध उगाही करने वाले विद्युत कर्मियों को हटाया जाए

## भाकियू ने तहसील में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी ने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन तहसील परिसर में एसडीएम कार्यालय के सामने शुरू कर दिया। जहां मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी प्रभव एच गौड़ ने समस्याएं सुनी। बुधवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी ने आरोप लगाते हुए कहा कि विद्युत विभाग के मीटर जेई मनोज कुशवाहा, प्रिंस भटनागर, जेई अजय कुमार आदि को तत्काल हटाया जाये। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में सम्मिलित उक्त अधिकारी कर्मचारी चेकिंग के नाम पर लोगों के तार काट देते हैं। और जो लोग सुविधा शुल्क दे देता है उनके तार जोड़ दिये जाते हैं। और सुविधा शुल्क ना देने वाले अन्य लोगों के खिलाफ चोरी का षड्यंत्र रचते हुए मुक. दमा लिखा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग में पिछले ग्यारह वर्षों से लगातार किसानों एवं गरीब कमजोर वर्ग के लोगों पर अत्याचार किया जा रहा है। आरोप है कि विधानसभा में भ्रमण के दौरान बिजली विभाग के मीटर जेई मनोज कुशवाहा, अधिशासी अभियंता अजय कुमार, सोनू, प्रिंस भटनागर द्वारा मीटर रीडिंग में गड़बड़ी कर फर्जी बिल बनाकर भेजे जाते रहे हैं। जनता से अवैध वसूली की जाती है। यदि लोग सुविधा शुल्क नहीं देते हैं तो उन पर डबल वसूली की रीडिंग बनाकर भेज दी जाती है। इन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से नहीं हटाया गया तो अनिश्चितकालीन धरना कर रोड जाम करने समेत आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान मौके पर बसंत राणा, अजय राणा, पंकज राणा, विपिन सागर, कुलदीप यादव, ऋषभ, संजीव, सोनू, कमल राणा, उमर, टीटू गुर्जर, प्रमोद नागर, विजय सैनी, अरविंद कुमार, अंकित गुर्जर समेत भारी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।



# आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीन स्वीप

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी की बुधवार को जारी हुई टी-20 वीकली रैंकिंग में बैटर, बालर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में ही भारतीय खिलाड़ी टॉप पर हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर है। ऐसा पहली बार हुआ है कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फार्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। पहली बार वरुण चक्रवर्ती टॉप बालर बने हैं। वरुण टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बनने वाले तीसरे भारतीय प्लेयर हैं। उनसे पहले जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। बैटर अभिषेक शर्मा अपने करियर की हाईएस्ट रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं।

**● नंबर-1 टीम, बैटर्स में अभिषेक, बॉलर्स में वरुण और ऑलराउंडर्स में हार्दिक टॉप पर ऐसा पहली बार हुआ**

वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं। वरुण चक्रवर्ती का एशिया कप में शानदार प्रदर्शन जारी 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में भी अच्छा प्रदर्शन जारी है। उन्होंने यूएई के खिलाफ दो ओवर में सिर्फ 4 रन देकर 1 विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ चार ओवर में 24 रन देकर 1 झटका था। उन्होंने रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाई हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को पीछे छोड़ा। बैटिंग में अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार हैं। उन्होंने 14 सितम्बर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 31 रनों की पारी खेली थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जबकि साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दो स्थान के फायदे के साथ 11वें स्थान पर और एडेन मार्करम 10 स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पंडया पहले नंबर पर भारतीय स्टार हार्दिक पंडया टी-20 इंटरनेशनल आलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के सईम अयूब चार स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर और अभिषेक चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

● विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप ●

# नीरज चोपड़ा ने किया क्वालीफाई



**● नीरज चोपड़ा ने टोक्यों नेशनल स्टेडियम में क्वालिफायर के ग्रुप-ए में 84.85 मी. भाला फेंककर पदक दौड़ में आसानी से अपनी जगह पक्की कर ली**

**टोक्यो, वार्ता।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को गुरुवार को 84.85 मीटर भाला फेंककर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के भाला फेंक फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को टोक्यो नेशनल स्टेडियम में क्वालीफायर के ग्रुप ए में 84.85 मीटर भाला फेंककर पदक दौर में आसानी से अपनी जगह पक्की कर ली। स्वत: योग्यता सीमा 84.50 मीटर निर्धारित की गई थी। 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने अपने ग्रुप में शुरुआत की और अपने पहले ही थ्रो में इस सीमा को पार कर लिया। नीरज चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.23 मीटर है। जो भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में हासिल किया था। जर्मनी के जूलियन वेबर, जो वर्तमान में दुनिया के शीर्ष पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी हैं, अपने पहले ही थ्रो में चूक गए। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम क्वालीफायर ग्रुप बी में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। भारत के रोहित यादव और यशवीर सिंह भी इस ग्रुप में हैं। कुल मिलाकर, 37 में से 12 एथलीट फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। स्वचालित योग्यता सीमा को पार करने वालों को छोड़कर, अगले सर्वश्रेष्ठ थ्रोअर को कोटा पूरा होने तक कट में जगह मिलेगी। दो साल पहले बुडापेस्ट में हुए पिछले विश्व चैंपियनशिप में, नीरज चोपड़ा ने 88.17 मीटर थ्रो के साथ एथलेटिक्स में भारत के पहले विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया था। अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के साथ रजत पदक जीता था। कल टोक्यो में नीरज बनाम नदीम का एक और मुकाबला देखने को मिल सकता है।



## वायरल बुखार के कारण जेमिमाह रॉड्रिग्स ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

**न्यू चंड़ीगढ़, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स वायरल बुखार के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी दो एकदिवसीय मैचों से बाहर हो गई हैं।

उनकी तेजल हसबनीस को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बुधवार को न्यू चंडीगढ़ में दूसरे वनडे मैच के टॉस से ठीक पहले रॉड्रिग्स के वायरल से पीतिड़ होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह चिकित्सा दल की निगरानी में है। रॉड्रिग्स ने पहले मैच में नंबर 5 पर खेलते हुए 26 गेंदों में 18 रन बनाए थे और भारत ने सात विकेट पर 281 रन का स्कोर खड़ा किया था। इस मैच में भारत को आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। दूसरे वनडे के एकादश में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अरुंधति ने उनकी जगह ली। 28 साल की मध्य क्रम की बल्लेबाज हसबनीस पिछले साल से ही राष्ट्रीय टीम के आसपास हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 में अहमदाबाद में कीवियों के खिलाफ वनडे में पर्दापण किया था।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## पाकिस्तान ने एशिया कप से हटने की धमकी वापस ली

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान ने एशिया कप से हटने की अपनी धमकी वापस ले ली है। मंगलवार 16 सितम्बर को पीसीबी ने आईसीसी को दूसरा मेल भेजा, इसमें रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को पाक के सभी मैचों से हटाने की मांग की गई है। बोर्ड ने कहा है कि टीम के बाकी बचे मैचों के लिए जिम्बाब्वे के पाइक्राफ्ट की जगह रिची रिचर्डसन को नियुक्त किया जाए, लेकिन अभी तक आईसीसी ने इस पर कोई सहमति नहीं जताई है। 14 सितम्बर को पाक का सामना भारत से हुआ था। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम हमले के विरोध में पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। पीसीबी ने भारतीय खिलाड़ियों के व्यवहार को खेल भावना के विपरीत बताया था और पाइक्राफ्ट पर ठीक से काम न करने का आरोप लगाया था।

## सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन व आत्मविश्वास जरूरी: ओलंपियन हार्दिक सिंह

**जालंधर, वार्ता।** सुप्रसिद्ध सुरजीत हॉकी अकादमी, जालंधर, जो लंबे समय से युवा हॉकी खिलाड़ियों को प्रेरित करने और उनके कौशल को निखारने के लिए अंतर्राष्ट्रीय तथा ओलंपिक हॉकी खिलाड़ियों को आमंत्रित करती रही है, ने बुधवार को एक और प्रेरणादायक आयोजन किया। ओलंपिक हॉकी मेडलिस्ट हार्दिक ने अकादमी का दौरा किया और उभरते हुए खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा किये। अकादमी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने हार्दिक सिंह का क्लब के खिलाड़ियों से परिचय करवाया और उनका स्वागत किया। हार्दिक ने खिलाड़ियों को हॉकी की विभिन्न तकनीकों, जैसे कि सटीक पासिंग, गोल स्कोरिंग की रणनीतियां और रक्षात्मक कौशल के बारे में विस्तार से बताया।

# आठ भारतीय निशानेबाजों ने ISSF विश्व कप फाइनल में जगह बनाई



**● आठ भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है जो 4 से 9 दिसम्बर तक कतर की राजधानी दोहा में आयोजित होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आठ भारतीय निशानेबाजों ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 4 से 9 दिसंबर 2025 तक कतर की राजधानी दोहा में आयोजित होगा। डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, एकमात्र भारतीय निशानेबाज हैं जिन्होंने दो इवेंट्स, महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल, में जगह बनाई है। यह साल का अंतिम आईएसएसएफ टूर्नामेंट होगा, जिसमें 12 व्यक्तिगत ओलंपिक इवेंट्स के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों का चयन होता है। भारतीय निशानेबाजों ने उन 12 इवेंट्स में से पांच में क्वालीफाई किया है, जो दोहा में होने वाले इस सीजन-एंडिंग प्रतियोगिता का हिस्सा होंगे। यह आईएसएसएफ प्राइज मनी इवेंट भी है। मनु भाकर के अलावा भारत की अगुवाई करेंगी किशोरी सुरुचि सिंह, जो इस साल की शूटिंग सनसनी साबित हुईं। उन्होंने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में लगातार ब्यूनस आयर्स, लीमा और म्यूनिख में तीन स्वर्ण पदक जीतकर न केवल दोहा में जगह बनाई, बल्कि इस समय महिला एयर पिस्टल में विश्व नंबर-1 रैंक भी हासिल कर ली है। ओलंपियन ईशा सिंह ने भी चीन के निंगबो में चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में स्वर्ण जीतकर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में क्वालीफाई किया। अन्य क्वालीफाई करने वालों में पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्श बलासाहेब पाटिल शामिल हैं, जिन्होंने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में स्थान पक्का किया। वहीं ओलंपियन अर्जुन बाबुता ने लीमा में रजत पदक हासिल कर इसी इवेंट में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। एशियाई चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा ने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन (3पी) इवेंट में क्वालीफाई किया। ओलंपियन विजयवीर सिद्धू ने भी उसी स्थान पर शानदार स्वर्ण जीतकर पुरुष 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में जगह बनाई। भारत की सूची को पूरा करती हैं सिमरनप्रीत कौर बरार, जिन्होंने लीमा में रजत पदक जीतकर महिला 25 मीटर पिस्टल में क्वालीफाई किया। चीन की सुन युजिये पहले ही ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण के जरिए अपनी जगह सुनिश्चित कर चुकी थीं, जिससे सिमरनप्रीत को एंट्री मिली। आईएसएसएफ ने वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि की भी घोषणा की है।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी चाइना मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य सेन बाहर

**● सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 42 मिनट तक चले मुकाबल में मलेशिया की जोड़ी को 24-22, 21-13 से हराया**

**शेन्जेन, वार्ता।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की जोड़ी को हराकर चाइना मार्स्टर बैडमिंटन टूर्नामेंट में युगल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं एकल मुकाबले में लक्ष्य सेन हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 42 मिनट तक चले मुकाबले में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 24-22, 21-13 से सीधे गेमों में हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। अब प्री-क्वार्टर फाइनल में



भारतीय जोड़ी का मुकाबला चीनी ताइपे के चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन से होगा। लक्ष्य सेन और ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। लक्ष्य को फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव ने 30 मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 10-21 से हराया। लक्ष्य की हार के साथ ही भारत का पुरुष एकल में सफर खत्म हो गया। इससे पहले आयुष शेट्टी भी पहले राउंड में हार गए थे। वहीं, मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिशा क्रास्टो की जोड़ी को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग लपग के खिलाफ 19-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# हीरो महिला इंडियन ओपन में पुरस्कार राशि अब 500,000 डॉलर

**नई दिल्ली, वार्ता।** हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर भारत में महिला गोल्फ के विकास और प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, और उभरती प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा और विकास के लिए एक मजबूत घरेलू मंच प्रदान करता है।

यह मजबूत टूर भारत के शीर्ष गोल्फरों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसका समापन हर साल प्रतिष्ठित हीरो महिला इंडियन ओपन (एचडब्ल्यूआईओ) के साथ होता है। 9-12 अक्टूबर, 2025 को प्रसिद्ध डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित होने वाला यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा महिला गोल्फ टूर्नामेंट और लेडीज यूरो. पियन टूर कैलेंडर का एक प्रमुख आयोजन है। इस वर्ष, टूर्नामेंट की राशि में 25प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो 400,000 डॉलर से बढ़कर 500,000 डॉलर हो गई है, और विजेता को 75,000 डॉलर मिलेंगे।

**● एचडब्ल्यूआईओ में भारतीय टीम का नेतृत्व दीक्षा डागर करेंगी जो भारतीय की शीर्ष महिला गोल्फरों में से एक है और हाल के संस्करणों में लगातार प्रतिस्पर्धा कर रही है**

एचडब्ल्यूआईओ में भारतीय टीम का नेतृत्व दीक्षा डागर करेंगी, जो भारत की शीर्ष महिला गोल्फरों में से एक हैं और हाल के संस्करणों में लगातार प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। 2007 में अपनी शुरुआत के बाद से, हीरो महिला इंडियन ओपन ने वैश्विक मंच पर भारतीय महिला गोल्फरों के उदय को प्रदर्शित किया है।

हालांकिअदिति अशोक इस टूर्नामेंट (2016 में) जीतने वाली एकमात्र भारतीय हैं, हाल के वर्षों में कई भारतीय खिलाड़ियों ने खिताब के लिए ज़ोरदार दावेदारी पेश की है, जिनमें अमनदीप द्राल, जो 2022 में उपविजेता रहीं, और दीक्षा डागर, जो 2023 में तीसरे स्थान पर रहीं, शामिल हैं। हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी उपाध्यक्ष, संजय भान ने कहा, ष्हीरो महिला इंडियन ओपन खेल को प्रोत्साहित करने और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2010 से, हम इस टूर्नामेंट का गर्व से समर्थन करते रहे हैं और भारत और उसके बाहर महिला गोल्फ को मजबूत बनाने में मदद की है। इस वर्ष, 500,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के साथ, हमारा लक्ष्य टूर्नामेंट में शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओं को आकर्षित करना और अधिक महिलाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। भारतीय महिला गोल्फ संघ की अध्यक्ष श्रीमती कविता सिंह ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हीरो महिला इंडियन ओपन 2025 का 17वां संस्करण फिर से डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा, जो गोल्फ की उत्कृष्टता का पर्याय बन गया है। हम अपने टाइटल प्रायोजक हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड और डॉ. पवन मुंजाल के आभारी हैं जिन्होंने इस विश्व स्तरीय आयोजन को आयोजित करने में हमारी मदद की, जिसने वर्षों से एक प्रमुख स्थान हासिल किया है। हम अपने प्रस्तुतकर्ता प्रायोजक डीएलएफ लिमिटेड और कई अन्य प्रमुख प्रायोजकों को धन्यवाद देते हैं, जिनके बहुमूल्य योगदान से यह सुनिश्चित होता है कि हम हमसे अपेक्षित उच्च स्तर की उत्कृष्टता के अनुरूप आयोजन कर पाएं। लेडीज़ यूरोपियन टूर के साथ काम करना हमारे लिए वास्तव में सौभाग्य की बात है। यह साझेदारी, जो हर गुजरते साल के साथ मजबूत होती जा रही है, यह सुनिश्चित करती है कि हीरो महिला इंडियन ओपन का कद बढ़ता रहे। हमें विश्वास है कि उनके साथ हमारा निरंतर जुड़ाव भारत में महिला गोल्फ के विकास में एक महत्वपूर्ण कारक होगा।

# ससेक्स के लिए उनादकट ने झटके तीन विकेट



**लंदन, वार्ता।** होव में जब यॉर्कशायर 100 रन पर दो विकेट पर था तो लग रहा था कि टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करने का उनका फ़ैसला सही था। लेकिन ससेक्स के तेज गें. दबाज़ों जयदेव उनादकट और फ़नि हडसन-प्रेन्टिस के तीन-तीन विकेट से उनकी टीम टी के बाद सिर्फ़ 194 रनों पर ही सिमट गई।

इस समय तक ससेक्स मजबूत स्थिति में दिख रहा था लेकिन मेहमान टीम ने वापसी की और खराब रोशनी की वजह से 13 ओवर शेष रहते हुए खेल रोके जाने से पहले उन्होंने मेबानों को खूब परेशान किया। स्टंप्स के समय उनका स्कोर 84 रन पर चार विकेट था। इससे पहले बारिश और मैदान गीला होने के कारण पहले दिन का खेल नहीं हो सका था।

दूसरे डिविजन में रेलीगेट होने से बचने के लिए दोनों टीमों को सिर्फ़ एक ड्रॉ की जरूरत है, लेकिन अब इस मैच का नतीज़ा पूरा संभव है। यह पिच लगभग 48 घंटे तक कवर के नीचे रही थी, जिससे तेज गेंदबाज़ों के मदद की पूरी संभावना थी। लेकिन दोनों टीमों के बल्लेबाज़ों ने भी कुछ ग़लत शॉट चुने। सुबह के सत्र में विकेटों का गिरना मुश्किल लग रहा था, जब फ़नि बीन और ऐडम लिथ धैर्य से खेल रहे थे। लेकिन बीन (27) हडसन-प्रेन्टिस की गेंद को कट करने की कोशिश में पीछे कैच दे बैठे और लंच से ठीक पहले सीन हंट की गेंद ने लिथ (47) का अंदरूनी किनारा ले लिया।

इसके बाद यॉर्कशायर ने 7-2 ओवर में 15 रन पर पांच विकेट खो दिए। जेम्स व्हार्टन स्लिप में कार्सन को नीचा कैच दे बैठे। अगले ही ओवर में बेयरस्टो उनादकट से बोल्ड हो गए। उनादकट ने फिर एक झटका दिया, जब मैथ्यू रिविस बाहर जाती गेंद को छू बैठे, जिसे वह आराम से छोड़ सकते थे। हिल ढीला ड्राइव खेलकर स्लिप में आउट हुए और डॉम बेस लेग साइड स्ट्रैंगल का शिकार हुए। हडसन-प्रेन्टिस की हैट्रिक गेंद को जॉर्डन थॉम्पसन ने आसानी से कवर पर चौके के लिए खेल दिया।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जैमीसन और सियर्स की वापसी

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए काइल जैमीसन और बेन सियर्स की टीम में वापसी हुई हैं। यह तेज गेंदबाज जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा नहीं थे। टूर्नामेंट में तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका थी। जैमीसन अपने पहले बच्चे के जन्म की वजह से तथा सियर्स चोट के कारण मैदान से बाहर थे। इस बीच, नियमित कप्तान मिशेल सेंटनर की अनुपस्थिति में माइकल ब्रेसवेल तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में टीम की कमान संभालेंगे। ब्रेसवेल ने अब तक 10 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में न्यूजीलैंड का नेतृत्व किया है। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड क्रिकेट को बताया, ष्चैपल-हैडली सीरीज गर्मियों की शुरुआत करने का एक शानदार तरीका है। मैं ये सीरीज देखते हुए बड़ा हुआ हूं और न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच प्रतिद्वंद्विता बहुत जबरदस्त है। उन्होंने कहा, ष्2016 से यह (चैपल-हैडली ट्रॉफी) हमारे पास नहीं है, और हम इसे बदलना चाहते हैं। घरेलू धरती पर इसके लिए लड़ने का मौका मिलना बहुत खास है। यह विश्वास करना मुश्किल है कि ईडन पार्क में खेले गए पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच को 20 साल हो गए हैं। यह देखना आश्चर्यजनक है कि यह प्रारूप कितना आगे बढ़ गया है और मुझे पता है कि दोनों टीमें बे ओवल में इस उपलब्धि को अपने नाम करने के लिए उत्सुक हैं।

# खेले सानंद सीजन 3 बड़े पैमाने पर और नए स्थानों पर होगा

**अहमदाबाद, वार्ता।** अपने पहले दो संस्करणों की शानदार सफलता के बाद, बहुप्रतीक्षित खेले सानंद सीजन 3 पहल बुधवार को शुरू हुई, जो जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के अपने मिशन को जारी रखे हुए है।

विजयी भारत फ़ाउंडेशन की प्रमुख ग्रासरूट पहल, खेले सानंद का तीसरा सीजन संस्कारधाम परिसर में एक जीवंत उद्घाटन समारोह के साथ आधिकारिक रूप से शुरू हुआ। अंतर्राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी प्रतीक वाइकर और निर्मला भाटी ने इस आयोजन का उद्घाटन किया और साणंद तालुका में युवा विकास और सामुदायिक जुड़ाव पर लीग के बढ़ते प्रभाव का जश्न मनाया। अपने पहले दो सत्रों में, खेले सानंद एक गतिशील मंच के रूप में उभरा, जिसने 90 से ज़्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशा और 2500 से ज़्यादा छात्रों को कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल जैसे स्थानीय खेलों में शामिल किया। खेल महाकुंभ के दौरान, खेले सानंद ने खो-खो में लड़कियों की भागीदारी में 400 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि और अपनी शुरुआत की तुलना में टीम पंजीकरण में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिससे सभी

**● 90 से ज्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशा और 2500 से ज्यादा छात्रों को कबड्डी, खो-खो और वालीबॉल जैसे स्थानीय खेलो में शमिल किया**

बाधाओं को तोड़ा और समावेशिता को बढ़ावा मिला। अपने तीसरे वर्ष में, खेले सानंद एक गतिशील मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो 120 से ज़्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशता है और 7,000 से ज़्यादा छात्रों को शामिल करता है। खेले सानंद का उल्लेखनीय उत्थान इसके साम. ुदायिक स्तंभों द्वारा संचालित है। 150 से ज़्यादा स्थानीय युवाओं और वयस्कों ने स्वयंसेवकों के रूप में आगे आकर कोच और रेफरी से लेकर प्रबंधकों और आतिथ्य टीमों तक, विविध भूमिकाएं निभाईं और यह सुनिश्चित किया कि हर मैच का दिन सुचारू रूप से चले। 20 से ज़्यादा गांव के सरपंचों के प्रोत्साहन ने खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का एक शक्तिशाली स्त्रोत प्रदान किया। उनके साथ, कई स्थानीय व्यवसायों ने भी सहयोग के लिए आगे आकर सामुदायिक स्वामित्व की भावना को और मजबूत किया। यह सामूहिक प्रयास 'खेल सानंद' के मूल भाव को दर्शाता है: खेल, एकता और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण का उत्सव।

# तीसरे पक्ष को नकारा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह कहना बिल्कुल सही है कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री जोकि पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं, इशाक डार मंगलवार को आए उस बयान के बाद जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका भारत-पाक युद्ध को रुकवाने में स्वीकार नहीं की थी। गुरुवार को हैदराबाद मुक्ति दिवस के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने भारत के दृष्टिकोण को पूरी तरह यह कहकर साफ किया कि कुछ लोग भारत-पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भी यह साफ कर दिया है कि भारत-पाक के बीच युद्ध रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। हालांकि उन्होंने सीधे किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन कोई भी समझ सकता है कि उनका इशारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर था, जिन्हें अब खुद भी मालूम नहीं है कि कितनी बार उन्होंने भारत-पाक युद्ध रुकवाने की बात कही है और अभी भी वह अपने बयान पर कायम दिखते हैं। जाहिर है इशाक डार के बयान के बाद अब ट्रम्प के बयान का कोई मतलब नहीं रह गया। क्योंकि उन्होंने साफ कह दिया कि भारत ने संघर्ष विराम में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता अस्वीकार्य कर दी है। इशाक डार ने अपने बयान में यह कहकर स्थिति स्पष्ट की कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मई में भारत-पाक के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान उनसे कहा था कि भारत ने युद्ध विराम के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार कर दिया, क्योंकि यह भारत-पाक दोनों देशों के बीच का द्विपक्षीय मुद्‌दा है। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगन नहीं किया गया। अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि यह द्विपक्षीय मुद्‌दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता। राजनाथ सिंह के अनुसार भारत की अखंडता और एकता से बड़ा कोई मूल्य नहीं है और आज का भारत दुश्मन की आंखों में आंख डालकर जवाब देने के लिए सक्षम है। जाहिर है अब इन तमाम अटकलों पर विराम लग जाना चाहिए कि यह युद्ध किस प्रकार रुका था। भारत कहता रहा है कि यह दोनों देशों के डीजीएमओ स्तर की बात से ही पूरा मामला हल हुआ था और अब पाकिस्तान ने भी मान लिया। इशाक डार से ऐसा संकेत मिलता है कि पाक ने जरूर अमेरिकी से इस मामले में हस्तक्षेप के लिए कहा था और अमेरिका ने कोशिश भी की थी, लेकिन भारत ने अमेरिका की एक नहीं सुनी और तीसरे देश की मध्यस्थता से साफ इन्कार कर दिया। असल में डोनाल्ड ट्रम्प संघर्ष विराम कराने के नाम पर तीसरा पक्ष बनने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। वह यह भूल रहे हैं कि यह भारत की नीतिगत रणनीति के बिल्कुल खिलाफ है, क्योंकि भारत का हमेशा से मानना रहा है कि भारत-पाक के बीच जो भी मामला है वह द्विपक्षीय आधार पर ही सुलझाया जाएगा। तीसरे अन्य किसी देश की मध्यस्थता के लिए उसमें किसी भी तरह की कोई गुंजाइश नहीं है।

## कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता



कुछ लोग भारत-पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया, अब तो खुद पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था, अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ, तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा, प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता, लगभग पहलगाम के आतंक के समान ही था जहां लोगों से धर्म पूछकर उन्हें मारा गया। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भी रजाकारों की तरह भारत के सामाजिक सौहार्द्र पर प्रहार था। आज भी देश में रजाकारों के हमदर्द मौजूद हैं।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# इजरायलः विश्व शांति के लिए खतरा







**तनवीर जाफरी**

गत 9 सितंबर को दोपहर बाद इसराइल के 15 फाइटर जेट्स और 10 से अधिक म्यूनिशन ने जिसमें स्टैंड-ऑफ मिसाइलें और स्टील्थ तकनीक शामिल थी, ने इसराइल से 1800 किलोमीटर की उड़ान भरकर कतर की राजधानी दोहा के कटारा और वेस्ट बे लैगून इलाकों में हमले करके उन सभी इमारतों को उड़ा दिया जहां हमास के कई शीर्ष नेता या तो रहा करते थे या उनके कार्यालय थे। इस हमले में 40 से ज्यादा लोग मारे गए। हमास ने दावा किया कि इसराइली हमले में उनकी मुख्य वार्ताकार टीम बच गई, लेकिन पांच सदस्य, जिसमें खलील अल-हय्या का बेटा और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी शामिल था, मारे गए। कतर में हुआ यह हमला मध्य पूर्व में तनाव को और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। इसराइल के इस कदम को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा है। यह पहला अवसर है जबकि इसराइल ने अपने लक्ष्य को भेदने की गरज से कतर में हमला किया है। इस हमले के तुरंत बाद कतर ने अपने हवाई क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी। हालांकि, कतर एयरवेज की उड़ानें सामान्य रूप से जारी रहीं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल-थानी ने कहा कि यह हमला गजा में युद्ध विराम की मध्यस्थता के लिए कतर के प्रयासों को पटरी से उतार सकता है। कतर ने इस हमले को कायराना और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन करार दिया। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल-अंसारी ने इस हमले को कतर की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया।

उधर इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इसराइल सुरक्षा बलों ने इस हमले की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह हमला सटीक हथियारों से और पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया, ताकि नागरिकों को नुकसान कम हो। इसराइल के अनुसार हमास के नेता, जिन्हें दोहा में निशाना बनाया गया वही 7 अक्टूबर 2023 के हमले के लिए जिम्मेदार थे और गजा में युद्ध को संचालित कर रहे थे। अमेरिका में इसराइली राजदूत ने यह भी कहा कि अगर इस हमले में हमास के कुछ नेता बच गए हैं तो अगले हमले में उन्हें भी निशाना बनाया जाएगा। इस कदम को इसराइल की आक्रामक रणनीति के उस हिस्से की शक्ल में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य हमास को पूरी तरह समाप्त करना है, चाहे वह किसी भी देश में क्यों न हो परन्तु हमास नेताओं को लक्षित कर कतर पर किए गए इसराइली हमले को एक अभूतपूर्व कदम के रूप में इसलिए देखा जा रहा है क्योंकि कतर अमेरिका का प्रमुख सहयोगी और गजा युद्धविराम वार्ता का मध्यस्थ है। कतर में ही अमेरिका का अल-उदईद एयरबेस भी है जहां करीब 10,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। यह एयरबेस इसराइल द्वारा किए गए हमले की जगह से केवल 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसराइल की इस आक्रामक कार्रवाई ने क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव को और बढ़ा दिया है, और गजा में शांति प्रक्रिया को और जटिल कर दिया है। इस हमले ने मध्य पूर्व में अमेरिकी प्रभाव को भी कमजोर किया है और तुर्की जैसे अन्य देशों के लिए भी खतरे की आशंका पैदा की है।

इसराइल की इस आक्रामक व उकसाने वाली कार्रवाई की विश्व के अनेक देशों ने निंदा की है। कतर सरकार ने हमले को आपराधिक हमला करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। कतर ने अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए सभी उपायों का समर्थन किया। जबकि जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात के दौरान कतर में हुए इसराइली हमले की निंदा की। उन्होंने इजराइल के गजा पर नियंत्रण बढ़ाने और वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार को भी खारिज किया साथ ही गजा में युद्धविराम, मानवीय सहायता और द्वि -राष्ट्र समाधान पर जोर दिया। वहीं संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद ने मिस्र के विदेश मंत्री से मुलाकात में इस हमले को अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा यूएन चार्टर का उल्लंघन करार दिया। उन्होंने वैश्विक स्तर पर इसराइल की ष्आक्रामकताओंष को रोकने की अपील भी की। इसी तरह मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने कुवैत के अमीर से फोन पर हुई बातचीत में कतर के प्रति पूर्ण एकजुटता व्यक्त करते हुए इस हमले को कतर की संप्रभुता पर अस्वीकार्य अतिक्रमण बताया और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। जबकि कुवैत के अमीर, शेख मिशाल अल-अहमद अल-जाबर अल-सबाह ने भी हमले को संप्रभुता पर अतिक्रमण बताया और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने इस हमले को आतंकवादी आक्रामकता बताते हुए कतर के प्रति एकजुटता व्यक्त की और इजराइल को क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति के लिए तत्काल खतरा बताया। ट्यूनीशिया के विदेश मंत्रालय ने भी हमले को कुटिल और दुष्ट हमला करार देते हुए कतर के प्रति पूर्ण एकजुटता व्यक्त की और अरब सुरक्षा को इसराइल के खतरों से बचाने पर जोर दिया। दुनिया के कई देशों ने इस हमले को लेकर सुरक्षा परिषद् की आपात बैठक बुलाने की बात भी की।

अभी कतर के हमले को लेकर दुनिया के अनेक देश अपनी तीखी प्रतिक्रिया दे ही रहे थे कि इसी बीच नेतन्याहू ने यह घोषणा भी कर दी कि गजा के 40 प्रतिशत हिस्से पर इसराइली सुरक्षा बालों का नियंत्रण हो चुका है। साथ ही इसराइली सुरक्षा बालों की ओर से गजा में बचे शेष लोगों से भी गजा छोड़ने को कहा गया है। और इसी के अगले दिन यानी 11 सितंबर को इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बार फिर फिलिस्तीनी राज्य के अस्तित्व को मानने से ही स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया। उन्होंने वेस्ट बैंक के माश्अले अदुमिम निपटान में एक समारोह के दौरान कहा कि फिलिस्तीनी राज्य नहीं बनेगा और यह जगह हमारी है। यह बयान उस समय दिया गया जब वे एक विवादास्पद निपटान विस्तार समझौते पर हस्ताक्षर कर रहे थे, जो फिलिस्तीनी क्षेत्र को विभाजित करने का प्रयास माना जा रहा है। दक्षिणपंथी नेतन्याहू पहले भी द्वि राष्ट्र का विरोध करते रहे हैं।

उनका यह ताजा बयान भी फिलिस्तीनी राज्य की संभावना को नष्ट करने का प्रयास माना जा रहा है। नेतन्याहू उस फिलिस्तीनी राज्य के अस्तित्व को मानने से इंकार कर रहे हैं जिसने जर्मन से हिटलर द्वारा निष्कासित इन्हीं यहूदियों को मानवता के नाते अपनी धरती पर पनाह दी। अभी पिछले दिनों फिलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने के पक्ष में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत सहित 142 देशों द्वारा एक बार फिर मतदान किया गया। फिलिस्तीन के समर्थन में आए इस प्रस्ताव में इसराइल द्वारा की जा रही हिंसा की निंदा की गई साथ ही गजा में इसराइली बस्ती बसाने की योजना को भी समाप्त करने की मांग की गई है। अमेरिका व इसराइल सहित केवल 10 देशों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया जबकि शेष दुनिया फिलिस्तीन के साथ खड़ी दिखाई दी परन्तु अतिवादी सोच के नेतन्याहू पूरी दुनिया को ठेंगा दिखाने की ठाने हुए हैं। कहना गलत नहीं होगा कि मानवता के दुश्मन व अंतर्राष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले दक्षिणपंथी नेतन्याहू फिलिस्तीन में अपना जंगल राज स्थापित करना चाहते हैं। मानवता की रक्षा के लिए ऐसे कुत्सित इसराइली प्रयासों को पूरे विश्व को मिलकर रोकना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल जनविद्रोहः यह तो होना ही था

**सही पूछिए तो राजधानी काठमांडू के सिवा किसी प्रान्त शहर या जिले का नाम भी भारत या अन्य देशों के आम लोग नहीं जानते। आम लोगों को यह भी नहीं पता कि नेपाल 7 अलग अलग प्रांतों में बंटा हुआ कुल 77 जिलों का देश है। इस अनभिज्ञता का कारण यही है कि राजशाही से लेकर गणतांत्रिक सरकारों तक ने केवल राजधानी काठमांडू के विकास व इसके सौंदर्यीकरण पर ही जोर दिया। प्राय: सभी अंतर्राष्ट्रीय आयोजन काठमांडू में ही हुआ करते थे। वैसे भी काठमांडू की प्रसिद्धि का कारण राजधानी होने के अतिरिक्त वहां का विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर भी है। इसलिए नेपाल का कोई अन्य जिला या शहर न तो विकसित हो पाया न ही प्रसिद्धि प्राप्त कर सका।**

बिहार में दरभंगा-जयनगर के रास्ते 5 वर्ष पूर्व नेपाल जाने का अवसर मिला था। भारत नेपाल के सीमावर्ती नेपाली शहर जनकपुर के बीचोबीच देवी सीता को समर्पित हिन्दू-राजपूत वास्तुकला का एक प्रसिद्ध हिन्दू मन्दिर एवं ऐतिहासिक स्थल है जिसे राम जानकी मंदिर के नाम से जाना जाता है। मेरे नेपाल प्रवास के उस दौर में जयनगर से लेकर जनकपुर तक की पूरी सड़क पर अधिकांश क्षेत्र में सिर्फ मिटटी पड़ी हुई थी। केवल कहीं कहीं बजरी पड़ी दिखाई देती थी। डामर रोलर और काली सड़कों का तो कहीं दूर तक नामो निशान ही नहीं था। रास्ते में कहीं बस का पहिया जमीन में धंसा दिखाई दे रहा था तो कहीं थ्री व्हीलर उल्टी पड़ी थी। बसों का तो आलम यह था कि टूटे शीशे व खिड़कियां, टूटी कष्टदायक सीटें,गोया कबाड़खाने से लाकर बसें चलाई जा रही हों। जनकपुर जैसे प्रसिद्ध तीर्थस्थल व पर्यटन नगरी की शहर की सड़कों में गड्ढे, बदबूदार और रुकी हुई नालियां, शहर में खाने पीने का उपयुक्त होटल नहीं। जिस होटल में ठहरना हुआ उस होटल के प्रबंधक ने दोपहर करीब 12 बजे होटल में पहुंचने पर पहले ही बता दिया कि लाइट नहीं आ रही है रात 8 बजे आएगी, रूम बुक कराना हो तो कराइए वरना तशरीफ ले जाइए। जब होटल प्रबंधक से नेपाल की इस दुर्दशा के बारे में पूछा तो उसने एक ही बात कही। भ्रष्टाचार तो भारत में भी है परन्तु वहां 50 प्रतिशत खाकर 50 प्रतिशत तो लगा ही देते होंगे, मगर हमारे नेपाल में तो 90 प्रतिशत खा जाते हैं केवल 10 प्रतिशत ही किसी योजना में लगाते हैं।श उसी दिन यह एहसास हो गया था कि एक न एक दिन पानी सिर से ऊपर होगा और आज नहीं तो कल इसी नेपाल में भ्रष्टाचार के विरुद्ध विद्रोह जरूर पनपेगा।

खैर, नेपाल में लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, आर्थिक असमानता, युवा बेरोजगारी के विरुद्ध आखिरकार जनविद्रोह फूट ही पड़ा। सोशल मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंध यानी युवाओं की सत्ता विरोधी आवाज को दबाने का सरकारी प्रयास इस हिंसक जनविद्रोह का बहाना बना। 8 सितम्बर 2025 को शुरू हुए इस जनविद्रोह में राजधानी काठमांडू सहित नेपाल के अन्य प्रमुख शहरों में हजारों युवा सड़कों पर उतर आए। आंदोलनकारियों ने सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की, जो जल्दी ही हिंसक हो गई। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी काठमांडू स्थित संसद भवन,सरकारी प्रशासनिक मुख्यालय, सिंह दरबार, प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रालयों और संसदीय कार्यालयों के परिसर, सुप्रीम कोर्ट भवन, राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के निवास, नेपाली कांग्रेस पार्टी मुख्यालय, कम्युनिस्ट पार्टी मुख्यालय, निवर्तमान प्रधानमंत्री ओली के पार्टी मुख्यालय, 5 सितारा हिल्टन होटल, नेपाल के सबसे बड़े मीडिया समूह कांतिपुर मीडिया हाउस, स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय भवन, तथा प्रांतीय विधानसभा भवन जैसी प्रमुख इमारतों को आग के हवाले कर दिया। काठमांडू की इन इमारतों के अलावा भी देशभर में अनेक सरकारी कार्यालयों, पुलिस स्टेशनों और नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया। इस दौरान त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्‌डा अस्थाई रूप से बंद रहा और गौतम बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्‌डा को भी क्षति पहुंची। इन्हीं हिंसक वारदातों में मृतकों की संख्या 51 पार कर गई। इनमें 21 प्रदर्शनकारी, नौ कैदी, तीन पुलिस अधिकारी और 18 अन्य शामिल हैं। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया। सेना को कर्फ्यू लगाकर सड़कों पर तैनात किया गया। कई मंत्रियों व उद्योगपतियों के घर कार्यालय व संस्थान आग के हवाले कर दिए गए। नेपाल में चले इन विरोध प्रदर्शनों के बाद आंदोलनकारियों की सहमति से सुशीला कार्की को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

इस आंदोलन की आग में भी शातिर राजनीतिज्ञ अपनी अपनी रोटियां सेकने की कोशिश करते दिखाई दिए। जहां तक राजनैतिक विश्लेषकों का सवाल है तो कोई इसे हिन्दू राष्ट्र का पक्षधर जन विद्रोह साबित करना चाह रहा है तो कोई इसे राजशाही की वापसी का संकेत बता रहा है। कोई इसमें अमेरिकी षड्‌यंत्र की गंध महसूस कर रहा है तो कोई इसे चीनी साजिश महसूस कर रहा है। परन्तु हकीकत यही है कि चाहे वह नेपाल में 240 वर्षों की पुरानी शाह वंश की राजशाही परंपरा रही हो या उसके बाद 28 मई, 2008 को स्थापित हुआ 17 वर्ष पुराना गणतंत्र। किसी भी दौर में नेपाल के समग्र विकास पर कोई भी काम नहीं हुआ। **-निर्मल रानी**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विकलांगजन समावेशी कानून



भारत में विकलांगजन के लिए कानून बनने के बाद उनके समावेश की बात होने लगी। समावेश का अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि विकलांगजन भी गैर-विकलांगों की तरह रोजमर्रा की गतिविधियों और जीवन के सभी क्षेत्रों में समान रूप से पूरी तरह भाग ले सकें। इसमें समाज में उनकी पूर्ण भागीदारी की राह में आने वाली सभी बाधाएं दूर करते हुए उन्हें बाधामुक्त वातावरण एवं सुगमता उपलब्ध कराना, भागीदारी के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि समाज, समुदाय या संगठन में पर्याप्त विकलांग-हितैषी दृष्टिकोण, नीतियां और प्रथाएं लागू हों। सफल समावेश उसे कहा जा सकता है जिसकी बदौलत जीवन की सामाजिक रूप से अपेक्षित भूमिकाओं और गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़े। यह समावेश संपूर्ण समाज का कार्य है।

वर्तमान में विकलांगजन के हित में की जाने वाली बातें और कार्रवाई मुख्य रूप से विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के संधि पत्र UNCRPD की रोशनी में की जाती है। यह मौजूदा मानव अधिकारों को विकलांग व्यक्तियों की जीवन स्थितियों से जोड़ने वाला सार्वभौमिक दस्तावेज है। इस संधि पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले देशों की संख्या 200 से कुछ ही कम है जिनमें से भारत भी एक है। UNCRPD एक तरह से विकलांगजन के हित में कार्य करने के लिए दुनिया के अधिकांश देशों के लिए एक साझा मार्गदर्शिका है। भारत सहित अधिकांश देशों में इसी के आधार पर विकलांगता सम्बंधी कानून, नीतियां और योजनाएं तैयार कर उन पर अमल करने की कोशिशें की जा रही हैं। इसके अनुसार, हविकलांग व्यक्तियों में वे लोग शामिल हैं जिन्हें ऐसी दीर्घकालिक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी क्षतियां हुई हैं, जो विभिन्न बाधाओं के कारण समाज में दूसरों के साथ समानता से उनकी पूर्ण और प्रभावी भागीदारी में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं। इस प्रकार विकलांगता उन क्षतियों और बाधाओं के मेलजोल से निर्मित होती है जिनका सामना प्रभावित व्यक्ति को करना होता है। बाधाओं का अर्थ सिर्फ भौतिक बाधाओं के रूप में लगाया जाना गलत है। इसमें दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं भी शामिल होती हैं जिनकी तरफ न के बराबर ध्यान दिया जाता है। विकलांगजन के समावेश के लिए इन दोनों प्रकार की बाधाओं को हटाया जाना जरूरी है। जीवन का कोई भी क्षेत्र केवल भौतिक बाधाओं के ही हटने पर सुगम्य नहीं हो सकता। इसके लिए दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाओं का हटना भी उतना ही जरूरी है। सच तो यह है कि सुगम्यता और समावेश की राह में आने वाली भौतिक बाधाओं का मूल कारण ही विकलांगजन के प्रति समाज के दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं हैं। दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं पूर्वाग्रह और विचार-पद्धतियां हैं जो विकलांग व्यक्तियों के प्रति भेदभाव को बढ़ावा देती हैं। उन्हें जरूरतमंद और असमर्थ बताना गलत है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि वे समाज का एक अंग होते हैं। गहराई से देखने पर यह मालूम पड़ता है कि विकलांग व्यक्तियों को अपनी क्षति के कारण उतनी असुविधाओं और बाधाओं का सामना नहीं करना पड़ता जितना अपने प्रति समाज के दृष्टिकोण के कारण करना पड़ता है। उनके प्रति अन्य व्यक्तियों, समुदाय, समाज और संगठनों का यह उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण वास्तव में वह बाधा है जो भौतिक बाधाओं से कहीं ज्यादा गंभीर होता है। जहां ऐसी स्थिति होती है वहां एक तरह से समाज ही उन्हें विकलांग बनाता है। बाधामुक्त वातावरण में केवल चलने-फिरने सम्बंधी विकलांगता के कारण व्हीलचेयर, बैसाखी वगैरह सहायक उपकरण इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों के लिए रैंप, चौड़े दरवाजे और सुगम्य शौचालय की व्यवस्था करना ही शामिल नहीं है। इसमें दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, बहु-विकलांग व्यक्तियों और यहां तक कि बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विकलांगता-विशिष्ट व्यवस्थाएं करना भी शामिल है। इनके अलावा और भी विकलांगताएं होती हैंय भारत में विकलांगजन के लिए बनाए गए पहले कानून में सात विकलांगताएं परिभाषित कर शामिल की गई थी जिनकी संख्या वर्तमान में लागू दूसरे कानून में इक्कीस कर दी गई है। बाधामुक्त वातावरण में विकलांगता-विशिष्ट व्यवस्थाएं करने की यह जरूरत सभी सेवाओं, अवसरों, सार्वजनिक स्थलों, यातायात, आयोजनों, सूचना सामग्री, शिक्षा प्रणाली, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं, देखभाल, मनोरंजन आदि सभी क्षेत्रों में लागू होती हैं ताकि विभिन्न विकलांगताओं वाले व्यक्ति जानकारी प्राप्त कर सकें और निर्बाध भागीदारी कर सकें। शिक्षा और प्रशिक्षण की कमी के चलते भारत में बड़ी संख्या में ऐसे विकलांग व्यक्ति हैं जो सूचनाओं, जानकारी और विभिन्न उपायों, जैसे ब्रेल लिपि, दृश्य संकेत, सांकेतिक भाषा वगैरह का लाभ नहीं ले पाते हैं। इसलिए उनकी सहायता के लिए जगह-जगह संवेदनशील एवं प्रशिक्षित व्यक्ति होने चाहिए। चलने-फिरने और हाथों का इस्तेमाल करने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए भी इस तरह की व्यक्तिगत सहायता उपलब्ध होनी चाहिए। यह एक सच्चाई है कि भारत में विकलांगता के सामाजिक पहलू पर न के बराबर ध्यान दिया जाता है और इसे विशुद्ध रूप से एक चिकित्सीय विषय माना जाता है। शिक्षा की कमी, विकलांगता के बारे में सही जानकारी का अभाव और गलत धारणाओं की व्यापकता के कारण देश में दृष्टिकोण सम्बंधी बाधा एक बहुत बड़ी समस्या है। स्थिति इतनी खराब है कि वर्तमान वैज्ञानिक युग में भी यह माना जाता है कि विकलांगता विकलांग व्यक्ति और उसके परिजनों के पूर्वजन्म के कर्मों का फल है जो उन्हें भोगना ही होगा। यह सोचकर समाज खुद को विकलांग व्यक्ति और उसके परिवार से दूर कर लेता है और यह मान लेता है कि प्रभावित व्यक्ति या परिवार के प्रति उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। नतीजतन विकलांग व्यक्ति की जिम्मेदारी पूरी तरह उसके परिवार पर छोड़ दी जाती है। उसे कोई सामाजिक सहायता या सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल पाती है। शिक्षा की कमी और गरीबी समस्या को और बढ़ा देती है।

देश में विकलांगजन के लिए कानून बहुत देर से आने का मुख्य कारण संवेदनशीलता की कमी ही है और यह कमी कानून के अमल में भी साफ देखी जा सकती है। न तो देश में विकलांगजन-हितैषी वातावरण बन सका है, न ही उनकी जरूरतों के मान से पर्याप्त नीति निर्माण और नियोजन हो रहा है और न ही कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। संवेदनशीलता की कमी दूर करना पहली प्राथमिकता मानकर इसके लिए विशेष अभियानों के माध्यम से संपूर्ण समाज को विकलांगता की सामाजिक और मानवाधिकार-आधारित समझ के बारे में जागरूक किया जाना जरूरी है। विकलांगजन के समावेश पर राजनैतिक और शासन के स्तर पर भी पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए। भारत में यह विशेष रूप से जरूरी है क्योंकि बदकिस्मती से यहां सामाजिक बदलाव का कार्य भी राज्य को करना पड़ता है। **-साभार सुबोध जोशी**

**स्रोत फीचर्स**

## हैप्पी बर्थ-डे डियर मोदी...

# मैरी ने गाकर, मेसी ने जर्सी भेजकर, ट्रम्प, पुतिन, मेलोनी संग दी बधाई

## 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी



**मेसी इसी साल 13 दिसम्बर को भारत आएंगे, सबसे पहले वे कोलकाता जाएंगे**

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी है। अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबालर लियोनेल मेसी ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन पर 2022 फीफा वर्ल्ड कप की साइन की हुई जर्सी भेजी है। वहीं हॉलीवुड सिंगर मैरी मिलबन ने पीएम मोदी के लिए गाना गाया। इसके साथ ही इटली की पीएम मेलोनी ने मोदी को बधाई देते हुए उनके लीडरशिप की तारीफ की।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन इजराइली पीएम नेतन्याहू, न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन समेत कई वर्ल्ड लीडर्स ने भी मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। मेसी इसी साल 13 दिसम्बर को भारत आएंगे। सबसे पहले वे कोलकाता जाएंगे, फिर 14 दिसम्बर को मुंबई और 15 दिसम्बर को दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली में उनकी पीएम मोदी से मुलाकात भी हो सकती है। मेसी आखिरी बार 2011 में भारत आए थे।



**सबसे पहले** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मोदी को मंगलवार रात 10:53 बजे फोन कर विश किया। ट्रम्प ने रात 11:30 बजे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ पर पीएम से बातचीत की जानकारी दी। ट्रम्प ने लिखा कि अभी-अभी मेरे दोस्त, नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत हुई। मैंने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वे अद्भुत काम कर रहे हैं। नरेंद्र, रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने में आपके सहयोग के लिए धन्यवाद। ट्रम्प की बधाई का जवाब देते हुए मोदी ने एक्स पर लिखा कि थैंक यू, मेरे दोस्त, प्रेसिडेंट ट्रम्प। आपकी तरह, मैं भी हमारे बीच की साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहता हूं।



**ब्रिटेन के पूर्व पीएमः** ऋषि सुनक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को 75वें जन्मदिन की बधाई देना मेरे लिए खुशी की बात है। मुश्किल समय में हमें अच्छे दोस्तों की जरूरत होती है, और मोदी जी मेरे और ब्रिटेन के लिए हमेशा अच्छे दोस्त रहे हैं। हाल ही का इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज इसका उदाहरण है। एक ब्रिटिश-भारतीय परिवार से होने के नाते, यह रिश्ता मेरे लिए हमेशा खास रहेगा।



**इटली पीएमः** जार्जिया मेलोनी ने कहा कि भारतीय पीएम को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी शक्ति, आपका दृढ़ संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की क्षमता प्रेरणादायक है। मित्रता और सम्मान के साथ, मैं आपके सेहत की कामना करती हूं ताकि आप भारत को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें और दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों को और मजबूत कर सकें।



**रूसी राष्ट्रपतिः** व्लादिमीर पुतिन ने क्रेमलिन की वेबसाइट पर जारी एक संदेश में लिखा कि प्रिय प्रधानमंत्री जी, 75वें जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई। आपने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और अलग-अलग क्षेत्रों में आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है।

**इजराइली पीएमः** बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, मेरे अच्छे दोस्त नरेंद्र, मैं आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं। मैं जल्द ही आपसे मिलूंगा, क्योंकि हमें अपनी साझेदारी और अपनी दोस्ती को और भी ऊंचाइयों पर ले जाना है। जन्मदिन मुबारक हो, मेरे दोस्त।

**न्यूजीलैंड पीएमः** क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि नमस्ते, माय गुड फ्रेंड प्राइम-मिनिस्टर, मोदी। आपके 75वें जन्मदिन पर बधाई। यह अवसर आपके नेतृत्व की सराहना करने का है, जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ले जा रहा है। मैं न्यूजीलैंड और भारत के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की उम्मीद करता हूं।



जम्मू। दशहरा उत्सव की तैयारियों के तहत रावण का पुतला बनाते लोग।

## टैरिफ लगने के बाद मोदी और ट्रम्प के बीच यह पहली बातचीत

**वाशिंगटन।** 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के 40 दिन बाद दोनों की पहली बातचीत भारत पर अमेरिका की तरफ से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद मोदी और ट्रम्प के बीच यह पहली बातचीत है। टैरिफ लगाने के 40 दिन बाद से भारत और अमेरिका के बीच संबंध खराब हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। इस तरह, अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत लगाया गया है।

## जैश कमांडर का बड़ा कबूलनामा

**बालाकोट में बैठकर मसूद अजहर ने बनाई संसद और मुंबई हमलों की योजना**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पाले हुए आतंकी ही पूरी दुनिया के सामने उसकी पोल-पट्टी खोलने में जुटे हैं। जैश ए मोहम्मद के शीर्ष कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने एक और बड़ा खुलासा किया है और कहा है कि दिल्ली और मुंबई पर हमलों के पीछे मसूद अजहर है और उसने बालाकोट में बैठकर इन हमलों की योजना बनाई।

माना जा रहा है कि उसका आशय दिल्ली में संसद भवन पर हमले और मुंबई हमले से है। इससे साफ है कि भारत पर हमलों की योजना पाकिस्तान में बैठे आतंकियों ने बनाई, लेकिन दुनिया के सामने पाकिस्तान मसूद अजहर की उनके देश में मौजूदगी से साफ इन्कार करता है। वीडियो में मसूद इलियास कश्मीरी कहता सुनाई दिया कि दिल्ली की तिहाड़ जेल से निकलकर अमीर उल मुजा. हिद्दीन मौलाना मसूद अजहर पाकिस्तान आए और बालाकोट की धरती ने उन्हें पनाह दी। यही से उन्होंने अपने मिशन को आगे बढ़ाया और दिल्ली और मुंबई को दहलाया। इलियास कश्मीरी ने ओसामा बिन लादेन का भी जिक्र किया और कहा कि उसने भी पाकिस्तान की धरती से आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया। जैश कमांडर के इस खुलासे से पाकिस्तान का वह झूठ बेनकाब हो गया, जिसमें पाकिस्तान अपने यहां आतंकी ढांचे की मौजूदगी से इन्कार करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### इजरायल के तेल अवीव हवाई अड्डे पर हमला किया: हूती

**सना।** यमन के हूती समूह ने इजरायल के तेल अवीव और ऐलात के रामोन हवाई अड्डों पर हमलों का दावा किया है। हूती ने एक बयान में कहा कि उसने तेल अवीव और ऐलात के रामोन हवाई अड्डे पर हमले किए हैं, जबकि इज़रायल ने समूह के नियंत्रण वाले बंदरगाह शहर होदेदाह पर दिन में हवाई हमले किए थे। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि एक बैलिस्टिक मिसाइल ने दक्षिणी तेल अवीव में एक 'संवेदनशील स्थल' को निशाना बनाया और एक ड्रोन ने ऐलात के रामोन हवाई अड्डे को निशाना बनाया।

### अफगान में इंजेक्शन से चेहरा सुंदर बनवा रहीं महिलाएं

**ढाका।** अफगानिस्तान में तालिबान के कट्टर शासन के बावजूद महिलाओं के बीच कास्मेटिक सर्जरी का कल्चर तेजी से पापुलर हुआ है। यहां, करीब 20 क्लिनिक बोटाक्स (झुर्रियों को कम करने के लिए इंजेक्शन), फेसलिफ्ट (ढीली त्वचा को टाइट करने के लिए) और हेयर ट्रांसप्लांट जैसी सेवाएं दे रहे हैं। इन क्लिनिक में पुरुष और महिलाएं दोनों आते हैं। पुरुष ज्यादातर गंजेपन का इलाज करवाते हैं, जबकि महिलाएं, जो आमतौर पर बुर्का में होती हैं, फेसलिफ्ट और अन्य सर्जरी करवा रही हैं।

### रूस-बेलारूस सैन्य अभ्यास में एक लाख सैनिक भाग लेंगे: पुतिन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा कि ज़ापद-2025 के नाम से पहचाने जाने वाले रूस-बेलारूस संयुक्त सैन्य अभ्यास में एक लाख सैनिक भाग ले रहे हैं। रूस के निज़नी नोवगोरोड क्षेत्र में मुलिनो प्रशिक्षण मैदान का दौरा करते हुए पुतिन ने कहा कि यह अभ्यास 41 प्रशिक्षण मैदानों पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें एक लाख सैनिक और लगभग 10 हजार हथियार और उपकरण प्रणालियां शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इन उपकरणों में 333 विमान और 247 से अधिक पोत शामिल हैं।

## अमेरिका खुलेआम रिश्वत लेता है: पाकिस्तानी रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अमेरिका पर इजरायल से खुलेआम रिश्वत लेने का आरोप लगाया। उन्होंने जियो टीवी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान को रिश्वत लेने के लिए बदनाम किया जाता है।

जबकि अमेरिकी ब्यूरोक्रेसी और डिफेंस अधिकारियों को इजरायल की लाबी खुलेआम फाइनेंस करती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मुझे रिश्वत लेनी पड़े, तो वो पीछे के कमरे में चुपचाप ऐसा काम करेंगे। उनके इस बयान पर टीवी एंकर ने कहा कि आपका यह बयान वायरल हो जाएगा। इसपर रक्षा मंत्री ने कहा मुझे डर नहीं है। हम अगर



खुलेआम रिश्वत लेंगे तो टीवी वाले प्रोग्राम बना देंगे। ख्वाजा आसिफ जिस इजरायली लाबी की बात कर रहे हैं, उस तरह की लाबी पर पाकिस्तान भी करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। ट्रम्प प्रशासन के आने के बाद से पाकिस्तान ने साल 2025 के पहले आठ महीनों में ही अमेरिका में कम से कम सात लाबिंग और कानूनी फर्मों के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया है।

## ब्रिटिश शाही महल में ट्रम्प का भव्य स्वागत

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और उनकी पत्नी मेलानिया मंगलवार रात ब्रिटेन दौरे पर पहुंचे। विंडसर कैसल (शाही महल) में पहुंचने पर प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट मिडलटन उनकी अगवानी की। इसके बाद ट्रम्प ने शाही महल में किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला से मुलाकात की। ट्रम्प किंग चार्ल्स के उनकी स्पेशल सोने की बग्घी में घूमने निकले, वहीं मेलानिया क्वीन कैमिला के साथ एक अन्य बग्घी में सवार थीं। ट्रम्प के सम्मान में सेंट जार्ज हाल में डिनर का भी आयोजन किया जाएगा। अमेरिका राष्ट्रपति इसके क्वीन एलिजाबेथ की कब्र पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

# वैंकूवर दूतावास घेरने की साजिश

## भारतीय उच्चायुक्त की आपत्तिजनक फोटो भी बनाई

**भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित करने की अपील भी की गई है**

**वैंकूवर।** अमेरिका से संचालित होने वाले खालिस्तानी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' ने एक बार फिर भारत का विरोध किया है। कनाडा के वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के घेराव की साजिश रचने वाले इस संगठन के लोगों ने दूतावास के अधिकारी की आपत्तिजनक तस्वीर भी बनाई है। एसएफजे की धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत और कनाडा अपने राजनयिक संबंध सामान्य करने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

संभावित विरोध की इस खबर के मुताबिक खालिस्तान समर्थक इस संगठन ने एलान किया है कि गुरुवार को वाणिज्य दूतावास पर कब्जा कर लेंगे। भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित रखने की अपील भी की गई है। इस संबंध में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक एसएफजे ने एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक के चेहरे पर निशाना साधते हुए दिखाया गया है। संगठन ने आरोप लगाया है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की निगरानी कर रहा है। एसएफजे ने जासूसी नेटवर्क चलाने जैसे मनगढ़ंत, बेबुनियाद और बेतुके आरोप भी लगाए हैं। इस संगठन की तरफ से जारी बयान के मुताबिक करीब दो साल पहले 18 सितम्बर 2023 को तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने देश की संसद में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में 'भारतीय एजेंटों की कथित भूमिका' की जांच कराने की बात कही थी। पूर्व प्रधानमंत्री के बयान के करीब दो साल बाद सितम्बर माह में ही प्रस्तावित विरोध को लेकर भारत विरोधी संगठन-एसएफजे ने कहा कि दो साल बाद भी भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान चलाने वालों को निशाना बना रहे हैं। खतरा इतना गंभीर था कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को निज्जर की मौत के बाद संगठन के अभियान का नेतृत्व कर रहे इंद. रजीत सिंह गोसल को गवाह बनाकर सुरक्षा देनी पड़ी। एसएफजे का कहना है कि वैंकूवर वाणिज्य दूतावास का घेराव कर वे भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों पर दबाव बनाएंगे। वे उनसे कनाडा में कथित 'जासूसी और डराने-धमकाने' के मामले में जवाब भी मांगेंगे। खबर लिखे जाने तक इस मामले में भारत के विदेश मंत्रालय और वैंकूवर स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

## नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल पर दिए जीवन के संकेत

**वाशिंगटन।** मंगल पर जीवन के कुछ और संकेत मिले हैं। नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने जेजेरो क्रेटर के ब्राइट एंजेल फार्मेशन क्षेत्र में ऐसे रासायनिक-खनिज संकेत दर्ज किए हैं। इन्हें वैज्ञानिक बायोसिग्नेचर मान रहे हैं। बायोसिग्नेचर उन भौतिक, रासायनिक या संरचनात्मक संकेतों को कहते हैं जो बताते हैं कि कभी किसी ग्रह पर जीवन की गतिविधि हुई होंगी। यह जीवन के पक्के सबूत नहीं हैं, लेकिन यदि यह साक्ष्य सूक्ष्म जीवों से जुड़ा निकला तो इतिहास की बड़ी खोज साबित हो सकता है।

## अमेरिका जापान से टाइफून मिसाइल सिस्टम हटाए: चीन

### कहा: सिस्टम से इलाके की सुरक्षा को खतरा, इस पर 200 किमी तक मार करने वाली मिसाइल तैनात

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका से जापान में तैनात अपनी मिड रेंज का टाइफून मिसाइल सिस्टम हटाने की मांग की है। चीन ने कहा कि ये तैनाती इलाके की रणनीतिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन की गंभीर आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए अमेरिका और जापान ने जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज के नाम पर टाइफून मिसाइल प्रणाली की तैनाती जारी रखी है।

जमीन से लॉन्च होने वाला यह हथियार टामहाक मिसाइलें दाग सकता है, जिनकी मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर तक है। यानी यह दक्षिण चीन सागर, ताइवान स्ट्रेट और यहां तक कि दक्षिणी चीन के कुछ हिस्सों को भी निशाने पर ले सकता है। लिन जियान ने कहा: एशियाई देशों में टाइफून मिसाइल सिस्टम की अमेरिकी तैनाती दूसरे देशों के लिए खतरा है। यह क्षेत्र में हथियारों की दौड़ और सैन्य टकराव के खतरे को बढ़ाती है और रणनीतिक सुरक्षा पर गंभीर असर डालती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और जापान को दूसरे देशों की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करना चाहिए और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जापान में इस मिसाइल सिस्टम की तैनाती खासतौर से जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज रेजोल्यूट ड्रैगन के लिए है, जो 16 सितम्बर से 25 सितम्बर तक चल रहा है। इस एक्सरसाइज में 19000 से ज्यादा अमेरिकी और जापानी सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। ताइवान, सेनकाकू द्वीप और पूर्वी चीन सागर में तनाव के बीच यह एक्सरसाइज अमेरिका-जापान गठबंधन की ताकत दिखाने के लिए है। हाल ही में चीन के नए एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियन को जापान के पास देखा गया था, जिससे जापान की सुरक्षा चिंता बढ़ी है।



**एशियाई देशों में टाइफून मिसाइल सिस्टम की अमेरिकी तैनाती दूसरे देशों के लिए खतरा: लिन जियान**

## जापान के साथ फुटबॉल मैच खेलने पहुंची फर्जी पाक टीम

**अफसरों ने एयरपोर्ट से वापस लौटाया**

**लाहौर।** पाकिस्तान की फर्जी फुटबॉल टीम का भंडाफोड़ हुआ है। पाकिस्तान की एक फर्जी फुटबॉल टीम मैच खेलने के लिए जापान पहुंच गई। जांच के दौरान अधिकारियों को शक हुआ तो पूरी टीम के लोगों को जापान के एयरपोर्ट से ही वापस लौटा दिया।

बाद में सामने आया कि टीम में असली खिलाड़ी नहीं बल्कि मानव तस्करी के जरिये लोगों को भेजा गया था। संघीय जांच एजेंसी ने बताया कि 22 सदस्ईय फर्जी फुटबॉल टीम जून 2025 में जापान के एयरपोर्ट पर पहुंची। सभी लोग खिलाड़ियों की तरह फुटबॉल किट पहने थे। उन्होंने दावा किया कि वे पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन (पीएफएफ) में पंजीकृत हैं और जापान के एक क्लब के साथ उनका फुटबॉल मैच होना है। उन्होंने यह भी कहा कि उनको 15 दिन का जापान का वीजा भी इसी आधार पर मिला है। टीम को लेकर जापान एयरपोर्ट पर मौजूद आव्रजन अधिकारियों को कुछ शक हुआ। अफसरों ने जांच की तो सच सामने आया और सभी 22 लोगों को एयरपोर्ट से ही वापस भेज दिया गया।

# जॉर्जिया: पर्यटक ने बताया 56 भारतीयों का दर्द

## खाना-शौचालय कुछ नहीं, जॉर्जिया में मवेशियों जैसा बर्ताव



**हाड़ कंपाने वाले सर्द मौसम में उन्हें पांच घंटे तक बिना खाने और शौचालय के इंतजार कराया गया**

**नई दिल्ली।** जॉर्जिया में हालात बेहद दयनीय है, खाना-शौचालय कुछ नहीं, जॉर्जिया में मवेशी सा बर्ताव हो रहा है। ये कहना है एक भारतीय महिला पर्यटक का। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कड़वे अनुभवों को साझा करते हुए कहा है कि इस देश में न तो खाने-पीने के सामान उपलब्ध हो रहे हैं न शौचालय जैसी बुनियादी चीजें नसीब हो रही हैं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखे अपने इस पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्रालय का आधिकारिक हैंडल, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, भारतीय दूतावास, पीएम मोदी के हाथों सम्मानित हो चुकीं सेलिब्रिटी कर्ली टेल्स समेत कई लोगों को टैग किया है। उन्होंने कहा है कि हाड़ कंपाने वाले सर्द मौसम में उन्हें पांच घंटे तक बिना खाने और शौचालय के इंतजार कराया गया। भारतीय पर्यटकों के साथ अपमानजनक व्यवहार के इस मामले में इंस्टाग्राम यूजर ध्रुवी पटेल (/चंजमसकीतनअमम) ने आरोप लगाया कि 56 भारतीय यात्रियों को आर्मेनिया से जॉर्जिया प्रवेश करने के दौरान सीमा पर अमानवीय हालात झेलने पड़े। उन्होंने कहा कि वैध ई-वीजा और दस्तावेज दिखाने के बावजूद अधिकारियों ने उन्हें सादाखलो बॉर्डर पर कई घंटें तक रोके रखा। पटेल के मुताबिक भारतीय समूह को 5 घंटे से अधिक वक्त जमा देने वाली ठंड में बिना भोजन और शौचालय के इंतजार कराया गया। अधिकारियों ने पासपोर्ट दो घंटे से ज्यादा जब्त रखे। यात्रियों को सड़क किनारे 'मवेशियों' की तरह बैठा कर रखा गया। जॉर्जिया की इस चिंताजनक घटना को लेकर भारतीय महिला ध्रुवी यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने यात्रियों के वीडियो इस तरीके से रिकॉर्ड किए जैसा सलूक अपराधियों के साथ किया जाता है। जब पर्यटकों के समूह में शामिल किसी ने वीडियो बनाने की पहल की तो उन्हें रिकॉर्डिंग करने से रोका गया। उन्होंने कहा दस्तावेजों की ठीक से जांच किए बिना वीजा को 'गलत' कहकर अपमानजनक व्यवहार किया गया। जॉर्जिया में मिले दर्दनाक अनुभवों को अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा करने वाली भारतीय महिला ध्रुवी पटेल ने इंसाफ की आस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाते हुए कहा कि भारत को इस मामले में कड़ा रुख अपनाना चाहिए।

